THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT (SUSHRI SHOBHA KARANDLAJE): Madam, on behalf of my senior colleague, Dr. Mansukh Mandaviya, I rise to lay on the Table a copy of the Detailed Demands for Grants (Hindi and English versions) of the Ministry of Labour and Employment for the year 2025-2026.

-----

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Hon. Chairperson Madam, with your kind permission, on behalf of Shri Rao Inderjit Singh, I rise to lay on the Table:-

(1) A copy of the Collection of Statistics Rules, 2024 (Hindi and English versions) published in Notification No. G.S.R.761(E) in Gazette of India dated 11th December, 2024 under sub-section (3) of Section 33 of the Collection of Statistics Act, 2008.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

(3) A copy each of the following papers (Hindi and English versions):-

(i) Detailed Demands for Grants of the Ministry of Planning for the year 2025-2026.

(ii) Output Outcome Monitoring Framework of the Ministry of Planning for the year 2025-2026.

(iii) Detailed Demands for Grants of the Ministry of Statistics and Programme Implementation for the year 2025-2026.

(4) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Indian Statistical Institute, Kolkata, for the year 2023-2024.

(ii) A copy of the Annual Accounts (Hindi and English versions) of the Indian Statistical Institute, Kolkata, for the year 2023-2024, together with Audit Report thereon.

(iii) Statement regarding Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Indian Statistical Institute, Kolkata, for the year 2023-2024.

(5) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (4) above.

-----

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY; MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES; MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE; MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS; MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY; AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH): Madam Chairperson, with your kind permission, I rise to lay on the Table a copy of each of the following papers (Hindi and English versions):-

(1) Detailed Demands for Grants of the Ministry of Science and Technology for the year 2025-2026.

(2) Output Outcome Monitoring Framework of the Ministry of Science and Technology for the year 2025-2026.

(3) Detailed Demands for Grants of the Ministry of Earth Sciences for the year 2025- 2026.

(4) Detailed Demands for Grants of the Department of Space for the year 2025-2026.

(5) Detailed Demands for Grants of the Department of Atomic Energy for the year 2025-2026.

-----

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Hon. Chairperson Madam, with your kind permission, I rise to lay on the Table a copy of the Detailed Demands for Grants (Hindi and English versions) of the Ministry of Parliamentary Affairs for the year 2025-2026.

-----

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION (SHRI JAYANT CHAUDHARY): Hon. Chairperson Madam, with your kind permission, I rise to lay on the Table a copy of the Detailed Demands for Grants (Hindi and English versions) of the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship for the year 2025-2026.

-----

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी):** सभापति महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 की धारा 29 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केंद्र प्राधिकरण (फैक्टरों का पंजीकरण और प्राप्य राशियों के समनुदेशन का पंजीकरण) विनियम, 2024, जो दिनांक 19 नवम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या आईएफएससीए/जीएन/2024/012 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) अधिसूचना संख्या आईएफएससीए-पीएमटीएस/9/2023-कीमती धातुएं, जो दिनांक 9 दिसम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जो बुलियन एक्सचेंज और बुलियन कॉर्पोरेशन के नवीनीकरण के बारे में है।

(तीन) अधिसूचना संख्या आईएफएससीए/इंडिया आईसीसी/नवीनीकरण/2024-25, जो दिनांक 9 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जो इंडिया आईसीसी के नवीनीकरण के बारे में है।

(चार) अधिसूचना संख्या आईएफएससीए/इंडिया आईएनएक्स/नवीनीकरण/ 2024-25, जो दिनांक 9 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जो इंडिया आईएनएक्स के नवीनीकरण के बारे में है।

(2) सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ. 5167(अ) जो दिनांक 29 नवम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों के आधार पर खाद्य तेलों, स्वर्ण, चांदी, पीतल-स्क्रैप और सुपारी पर टैरिफ मूल्य के संशोधन के बारे में है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) का.आ. 294(अ) जो दिनांक 15 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों के आधार पर खाद्य तेलों, स्वर्ण, चांदी, पीतल-स्क्रैप और सुपारी पर टैरिफ मूल्य के संशोधन के बारे में है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) दिनांक 27 नवम्बर, 2024 की एफ.संख्या 461/07/2023-सीयूएस.V (2024 का तदर्थ छूट आदेश संख्या 07) जो सिक्किम में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) जोखिम पर प्रायोगिक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए उपकरणों के आयात पर सीमा शुल्क के भुगतान से तदर्थ छूट के अनुरोध के बारे में है।

(चार) का.आ. 5657(अ) जो दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों के आधार पर खाद्य तेलों,

स्वर्ण, चांदी, पीतल-स्क्रैप और सुपारी पर टैरिफ मूल्य के संशोधन के बारे में है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) का.आ. 5399(अ) जो दिनांक 13 दिसम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों के आधार पर खाद्य तेलों, स्वर्ण, चांदी, पीतल-स्क्रैप और सुपारी पर टैरिफ मूल्य के संशोधन के बारे में है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 166 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 760(अ) जो दिनांक 10 दिसम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय उन पंजीकृत व्यक्तियों, जिनके व्यवसाय का मुख्य स्थान पश्चिम बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में है, के लिए अक्तूबर, 2024 माह के लिए जीएसटीआर-3बी फॉर्म प्रस्तुत करने की नियत तारीख को बढ़ाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) का.आ. 5392(अ) जो दिनांक 13 दिसम्बर , 2024 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसका आशय डीजीजीआई के अधिकारियों द्वारा जारी कारण बताओ नोटिसों के लिए साझा न्यायनिर्णयन प्राधिकारी की नियुक्ति करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा.का.नि. 22(अ) जो दिनांक 10 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय दिसम्बर, 2024 माह और अक्तूबर से दिसम्बर, 2024 की तिमाही, जैसा भी मामला हो, के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 प्रस्तुत करने की नियत तारीख को बढ़ाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा.का.नि. 23(अ) जो दिनांक 10 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय दिसम्बर, 2024 माह और अक्तूबर से दिसम्बर, 2024 की तिमाही, जैसा भी मामला हो, के लिए फॉर्म जीएसटीआर-3बी प्रस्तुत करने की नियत तारीख को बढ़ाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा.का.नि. 24(अ) जो दिनांक 10 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय दिसम्बर, 2024 माह के लिए फॉर्म जीएसटीआर-5 प्रस्तुत करने की नियत तारीख को बढ़ाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छह) सा.का.नि. 25(अ) जो दिनांक 10 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय दिसम्बर, 2024 माह के लिए फॉर्म जीएसटीआर-6 प्रस्तुत करने की नियत तारीख को बढ़ाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सात) सा.का.नि. 26(अ) जो दिनांक 10 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय दिसम्बर, 2024 माह के लिए फॉर्म जीएसटीआर-7 प्रस्तुत करने की नियत तारीख को बढ़ाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(आठ) सा.का.नि. 27(अ) जो दिनांक 10 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय दिसम्बर, 2024 माह के लिए फॉर्म जीएसटीआर-8 प्रस्तुत करने की नियत तारीख को बढ़ाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(नौ) केंद्रीय माल और सेवा कर (संशोधन) नियम, 2025 जो दिनांक 23 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में सा.का.नि.72(अ) में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दस) का.आ 419(अ) जो दिनांक 23 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था, तथा जो विलंब शुल्क में छूट के लिए केंद्रीय कर अधिसूचना के बारे में है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(ग्यारह) सा.का.नि. 50(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 28 जून, 2017 के सा.का.नि. 673(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(बारह) सा.का.नि. 53(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को हुई अपनी 55वीं बैठक में की गई सिफारिश के अनुसार माल की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 2/2017 – केंद्रीय कर (दर) में संशोधन करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तेरह) सा.का.नि. 56(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को हुई अपनी 55वीं बैठक में की गई सिफारिश के अनुसार सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 18.10.2017 की अधिसूचना संख्या 39/2017 – केंद्रीय कर (दर) में संशोधन करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चौदह) सा.का.नि. 59(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024

को हुई अपनी 55वीं बैठक में की गई सिफारिश के अनुसार सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 25.01.2018 की अधिसूचना संख्या 8/2018–केंद्रीय कर (दर) में संशोधन करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पंद्रह) सा.का.नि. 38(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को हुई अपनी 55वीं बैठक में की गई सिफारिश के अनुसार सेवाओं की आपूर्ति पर जीएसटी दर के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 11/2017–केंद्रीय कर (दर) में संशोधन करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सोलह) सा.का.नि. 41(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को हुई अपनी 55वीं बैठक में की गई सिफारिश के अनुसार सेवाओं की आपूर्ति पर जीएसटी से छूट के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 12/2017–केंद्रीय कर (दर) में संशोधन करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सत्रह) सा.का.नि. 44(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को हुई अपनी 55वीं बैठक में की गई सिफारिश के अनुसार सेवाओं की आपूर्ति, जिन पर व्युत्क्रम प्रभार आधार पर जीएसटी संदय होगा, के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 13/2017–केंद्रीय कर (दर) में संशोधन करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(अठारह) सा.का.नि. 47(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को हुई अपनी 55वीं बैठक में की गई सिफारिश के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स ऑपरेटरों के माध्यम से की गई सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 17/2017–केंद्रीय कर (दर) में संशोधन करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(उन्नीस) सा.का.नि.63(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय आईएईए के निरीक्षण दल द्वारा उपकरणों और उपभोज्य नमूनों के आयात पर मूल सीमा शुल्क और आईजीएसटी से छूट प्रदान करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(बीस) सा.का.नि.64(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय लंबी दूरी की सतह से हवा में मार

करने वाली मिसाइल प्रणाली (एलआरएसएएम) के लिए प्रणालियों, उप-प्रणालियों, उपकरणों, पुर्जों, उप-पुर्जों, औजारों, परीक्षण उपकरणों, सॉफ्टवेयर को छूट प्रदान करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(5) सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 9क की उप-धारा (7) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 774(अ) जो दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय डीजीटीआर द्वारा जारी अंतिम निष्कर्षों के अनुसरण में 5 वर्ष की अवधि के लिए चीन जनवादी गणराज्य में उद्भूत या वहां से निर्यात किए गए 'टेलीस्कोपिक चैनल ड्रॉअर स्लाइडर' पर प्रतिपाटन शुल्क लगाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा.का.नि. 784(अ) जो दिनांक 26 दिसम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय डीजीटीआर द्वारा जारी अंतिम निष्कर्षों के अनुसरण में 5 वर्ष की अवधि के लिए चीन जनवादी गणराज्य, जापान, कोरिया आरपी, वियतनाम और ताइवान में उद्भूत या वहां से निर्यात किए गए 'डिजीटल ऑफसेट प्रिंटिंग प्लेट्स' पर प्रतिपाटन शुल्क लगाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा.का.नि. 782(अ) जो दिनांक 26 दिसम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय 28.02.2025 को या उससे पूर्व जारी किए गए वहन पत्र पर पीली मटर (एचएस 0713 10 10) के आयात पर छूट की निर्दिष्ट शर्त का विस्तार करने के लिए अधिसूचना संख्या 64/2023-सीमा शुल्क में संशोधन करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा.का.नि.788(अ) जो दिनांक 30 दिसम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय भारत ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए के अंतर्गत टैरिफ रियायतों के चौथे चरण को प्रभावी करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(6) माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर)अधिनियम, 2017 की धारा 13 के अंतर्गत सा.का.नि. 62(अ), जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय निर्दिष्ट शर्तों, उसमें उल्लिखित, के अध्यधीन निर्यात के लिए रजिस्ट्रीकृत आपूर्तिकर्ता द्वारा रजिस्ट्रीकृत प्राप्तकर्ता को कर योग्य माल की आपूर्ति पर 0.1% की प्रतिकर उपकर दर निर्दिष्ट करना है, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(7) संघ राज्यक्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 24 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि.51(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में

प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 1/2017-संघ राज्यक्षेत्र कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा.का.नि.54(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत वस्तुओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 2/2017-संघ राज्यक्षेत्र कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा.का.नि.57(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 18.10.2017 की अधिसूचना संख्या 39/2017-संघ राज्यक्षेत्र कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा.का.नि.60(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 25.01.2018 की अधिसूचना संख्या 8/2018-संघ राज्यक्षेत्र कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा.का.नि.40(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति पर जीएसटी दर के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 11/2017-संघ राज्यक्षेत्र कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छह) सा.का.नि.43(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति पर जीएसटी से छूट के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 12/2017-संघ राज्यक्षेत्र कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सात) सा.का.नि.46(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति, जिन पर रिवर्स चार्ज आधार पर जीएसटी का भुगतान किया जाएगा, के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 13/2017-संघ राज्यक्षेत्र कर (दर) को

संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(आठ) सा.का.नि.49(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 17/2017-संघ राज्यक्षेत्र कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(8) एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 24 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि.39(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति पर जीएसटी दर के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 8/2017-एकीकृत कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा.का.नि.52(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित आपकी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत वस्तुओं के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 1/2017-एकीकृत कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा.का.नि.55(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत वस्तुओं के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 2/2017-एकीकृत कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा.का.नि.58(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 18.10.2017 की अधिसूचना संख्या 40/2017-एकीकृत कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा.का.नि.61(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 25.01.2018 की अधिसूचना संख्या 9/2018-एकीकृत कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छह) सा.का.नि.42(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति पर जीएसटी दर से छूट के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 9/2017-एकीकृत कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सात) सा.का.नि.45(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत सेवाओं की आपूर्ति, जिन पर रिवर्स चार्ज आधार पर जीएसटी का भुगतान किया जाएगा, के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 10/2017-एकीकृत कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(आठ) सा.का.नि.48(अ) जो दिनांक 16 जनवरी, 2025 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटी परिषद द्वारा 21.12.2024 को आयोजित अपनी 55वीं बैठक में यथासंस्तुत इलेक्ट्रोनिक कॉमर्स ऑपरेटरों के माध्यम से सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 28.06.2017 की अधिसूचना संख्या 14/2017-एकीकृत कर (दर) को संशोधित करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(9) (एक) भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, लखनऊ के वर्ष 2023-2024 के वार्षिक प्रतिवेदन (भाग एक और दो) की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, लखनऊ के वर्ष 2023-2024 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(10) अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण, गुजरात, गांधीनगर के वर्ष 2023-2024 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(11) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) वर्ष 2025-2026 के लिए वित्त मंत्रालय की अनुदानों की विस्तृत मांगें।

(दो) वर्ष 2025-2026 के लिए वित्त मंत्रालय की निर्गत परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा।

(तीन) वर्ष 2025-2026 के लिए संसद, राष्ट्रपति एवं उप-राष्ट्रपति सचिवालयों की अनुदानों की विस्तृत मांगों की एक प्रति।

-----

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी शोभा कारान्दलाजे) :** सभापति जी, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखती हूं :-

(1) (एक) कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली के वर्ष 2023-2024 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति।

(दो) कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली के वर्ष 2023-2024 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

-----

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PORTS, SHIPPING AND WATERWAYS (SHRI SHANTANU THAKUR): Hon. Chairperson Madam, I rise to lay on the Table a copy of Detailed Demands for Grants (Hindi and English versions) of the Ministry of Ports, Shipping and Waterways for the year 2025-2026.

-----

(1205/VR/YSH)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI SURESH GOPI): Madam Chairperson, I rise to lay on the Table a copy each of the following papers (Hindi and English versions):-

(1) Detailed Demands for Grants of the Ministry of Tourism for the year 2025-2026.

(2) Output Outcome Monitoring Framework of the Ministry of Tourism for the year 2025-2026.

-----

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS (SHRIMATI RAKSHA NIKHIL KHADSE): Madam Chairperson, I rise to lay on the Table a copy of Detailed Demands for Grants (Hindi and English versions) of the Ministry of Youth Affairs and Sports for the year 2025-2026.

-----

**कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हर्ष मल्होत्रा) :** सभापति महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 469 के अंतर्गत कंपनी (लेखा) दूसरा संशोधन नियम, 2024 जो दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि.794(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) (एक) राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2023-2024 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2023-2024 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2023-2024 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

-----

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI PABITRA MARGHERITA): Madam Chairperson, I rise to lay on the Table a copy of Detailed Demands for Grants (Hindi and English versions) of the Ministry of Textiles for the year 2025-2026.

-----

## STANDING COMMITTEE ON EXTERNAL AFFAIRS

### Statements

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Madam Chairperson, I rise to lay on the Table the following statements (Hindi and English versions) of the Standing Committee on External Affairs:-

(1) The Statement showing Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations contained in the Twenty-ninth Report of the Standing Committee on External Affairs (Seventeenth Lok Sabha) on action taken by the Government on the Observations/Recommendations in the Twenty-fourth Report (Seventeenth Lok Sabha) on the subject

"India's Policy Planning and Role of Think Tanks with Special Reference to ICWA and RIS".

(2) The Statement showing Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations contained in the Thirtieth Report of the Standing Committee on External Affairs (Seventeenth Lok Sabha) on action taken by the Government on the Observations/Recommendations in the Twenty-second Report (Seventeenth Lok Sabha) on the subject "India's Neighbourhood First Policy".

-----

**STANDING COMMITTEE ON WATER RESOURCES**

**1st and 2nd Reports**

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (SARAN): Madam Chairperson, I rise to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Water Resources:-

(1) First Report on 'Demands for Grants' (2024-25) of the Ministry of Jal Shakti - Department of Drinking Water and Sanitation.

(2) Second Report on 'Demands for Grants' (2024-25) of the Ministry of Jal Shakti - Department of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation.

-----

**MOTION RE: 6TH REPORT OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE**

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS; AND MINISTER OF MINORITY AFFAIRS (SHRI KIREN RIJIJU): Madam Chairperson, I beg to move:

"That the House do agree with the Sixth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on 7th February, 2025."

**माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) :** प्रश्न यह है :

"कि यह सभा 7 फरवरी, 2025 को सभा को प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के छठे प्रतिवेदन से सहमत है।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

-----

## *लोक महत्व के अविलम्बनीय मुद्दे

1208 बजे

DR. MOHAMMAD JAWED (KISHANGANJ): Thank you, hon. Chairperson, for giving me this opportunity. The Supreme Court's parameter for reservation eligibility for BPL population is 25 per cent. वर्ष 2023 में नीति आयोग के हिसाब से सीमांचल बिहार का जो एरिया है, जहां पर सुरजापुरी मुस्लिम जाति की आबादी अच्छी खासी है और लगभग 65 परसेंट बिलो पावर्टी है, सुरजापुरी जाति सबसे ज्यादा वंचित है। उसको पश्चिम बंगाल में आरक्षण मिल रहा है, लेकिन बिहार में नहीं मिल रहा है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी भी लगातार पसमांदा मुस्लिम्स की चर्चा करते हैं, लेकिन वहां पर न तो कॉलेज है, न जॉब हैं, न इंडस्ट्री है, न एएमयू के लिए फंड दिया जा रहा है।

Through you, I demand that the inclusion of Surjapuri community is done in the Bihar State Reservation List, Annexure-I. I also demand for the inclusion of Surjapuri community in the Central OBC List, and a dedicated socio-economic survey should be done at the earliest by the NITI Aayog and the Bihar Government.

I also request that implementation of special welfare schemes targeting education, employment, financial support for Surjapuri, as is done for similarly placed communities in other States, should be done as early as possible.

Thank you.

DR. NAMDEO KIRSAN (GADCHIROLI-CHIMUR): Thank you, hon. Chairperson. The pension scheme for old artists given every month by the Ministry of Culture has been discontinued since 2020-21. These old artists, who were receiving the pension from the Central Government, are deprived of this pension as it has been stopped. They are humbly requesting the Government to start their pension again.

The artists were selected as beneficiaries of the scheme after going through the application process as per the format prescribed by the Selection Committee. Some of those artists have got the pension. But the pension stopped subsequently. I, therefore, humbly request the Government to restore the pension for these old artists.

Thank you.

---

* Please see pp. 310 for list of Members who have associated.

(1210/RAJ/SNT)

**श्री सुदामा प्रसाद (आरा) :** माननीय सभापति महोदया, भारतीय खाद्य निगम के श्रमिक पे-रोल पर हैं तथा निगम में रेग्युलर श्रमिक हैं। इन नो वर्क - नो पे श्रमिकों का न ही कोई मासिक गारंटी मजदूरी निर्धारित है और न ही इनके लिए सेवा शर्तों का गठन किया गया है। ये श्रमिक वर्तमान में प्रति माह औसतन 5000 रुपए से 10000 रुपए तक मजूदरी ही अर्जित कर पाते है, जो जीवन यापन के लिए कम है।

जब श्रमिक ठेका प्रथा में थे, उस समय खाद्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित श्री विवेक मेहरोत्रा कमेटी ने भी इन श्रमिको को डीपीएस सिस्टम में नियोजित करने हेतु वर्ष 2007 में अनुशंसा की थी, जिसको सरकार ने पत्र दिनांक 01-10-2008 के माध्यम से स्वीकार कर लिया था, लेकिन जब श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इन गोदामों से ठेका प्रथा निषेद्ध किया गया तो वर्ष 2011-12 में इन श्रमिको को डीपीएस सिस्टम में नियोजित नहीं कर, नो वर्क - नो पे सिस्टम में किया गया। अभी भी कोई मासिक गारंटी मजदूरी नहीं है और न ही श्रमिकों की कोई सेवा शर्त है।

मैं आपके माध्यम से इन श्रमिकों के लिए एफसीआई में नो वर्क नो-पे सिस्टम समाप्त कर डीपीएस सिस्टम में अपग्रेड करने, ठेकेदारी प्रथा खत्म करने तथा मेडिकल सुविधा प्रदान करने की मांग करता हूं।

**श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) :** आदरणीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान चीन द्वारा तिब्बत में यारलुंग जांग्बो के निचले हिस्से में बांध के निर्माण की घोषणा की ओर आकर्षित करना चाहूंगा।

अभी हाल ही में चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने का ऐलान किया है। ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत से निकलती है और चीन से होते हुए अरुणाचल प्रदेश और असम से बह कर बांग्लादेश पहुंचती है। चीन में इस नदी को यारलुंग जांग्बो कहते हैं। तिब्बत में बनने जा रहे इस बांध का असर भारत और बांग्लादेश दोनों पर पड़ेगा।

ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाले इस बांध को तिब्बत पठार के पूर्वी छोर पर हिमालय की विशाल घाटी में बनाया जाना है, जो कि अरुणाचल प्रदेश की सीमा के बेहद नजदीक है और यह इलाका रिंग ऑफ फायर ज़ोन में आता है। ऐसे में इस जगह इतना विशाल निर्माण करना पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के लिए भी बहुत बड़ा खतरा है।

महोदया, इस इलाके में अक्सर भूकंप आते हैं। बांध के बनने से ईको-सिस्टम पर अत्यधिक दबाव पड़ेगा, जिससे कई हादसे हो सकते हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य और बांग्लादेश पहले से ही भयंकर बाढ़ की घटनाओं का सामना करते आ रहे हैं लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण उन्हें और अधिक चुनौतियों जैसे- भूस्खलन, भूकंप और बाढ़ आदि का सामना करना पड़ेगा, जो कि यहां की सभ्यता पर्यावरण, संस्कृति और नागरिक जीवन के लिए बहुत ही बड़ा खतरा साबित होगा।

इस बांध के निर्माण के बाद यह दुनिया का सबसे बड़ा बाँध हो जाएगा और वर्ष 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस बांध पर बनने वाले हाइड्रोपावर स्टेशन से हर साल 300 मिलियन केडब्ल्यूएच से अधिक बिजली पैदा की जा सकती है।

महोदया, चीन लगभग 137 बिलियन डॉलर की लागत से इस बांध का निर्माण करने जा रहा है, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा बांध होगा। उसने जिस बांध को बनाने का प्लान तैयार किया है, उसमें काफी ज्यादा मात्रा में पानी को स्टोर किया जा सकेगा। जाहिर है कि बांध बनने के बाद नदी के बहाव पर चीन का कंट्रोल हो जाएगा और भविष्य में पूर्वोत्तर भारत में पानी की कमी या बाढ़ का संकट हमेशा के लिए बना रहेगा। साथ ही, अरुणाचल प्रदेश की सीमा के बेहद नजदीक तक चीन का प्रभाव भी बढ़ जाएगा।

अतः आपके माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि चीन के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर इस बांध के निर्माण को रोकने के विषय में जरूरी कदम उठाने का कष्ट करें, ताकि असम समेत पूरे पूर्वोत्तर भारत को भविष्य के संकटों से बचाया जा सके। धन्यवाद।

(1215/SK/AK)

SHRI SAPTAGIRI SANKAR ULAKA (KORAPUT): I rise today to bring to the urgent attention of this House a matter of immense significance for the people of South Odisha, namely the realignment of the sanctioned Gunupur-Theruvali Railway Project to pass through Padmapur, Gudari and Bissam Cuttack.

We welcome this much-needed railway project in its current alignment, but it fails to serve any meaningful purpose. Instead, it bypasses densely populated, economically active, and historically significant areas, leaving out the very people who would benefit from this project.

This demand has been approved by the General Manager of East Coast Railway. The Final Location Survey has also been completed confirming that with a minor 17 kms. deviation, the railway line can pass through Padmapur, Gudari, Ramanaguda, Bissam Cuttack and other key blocks directly benefiting over six lakh people in Rayagada and Gajapati districts. The current line passes through sparsely populated and barren areas. In contrast, the realignment *via* Padmapur and Bissam Cuttack would serve as a catalyst for economic growth, improving access to trade, education, and healthcare. This region is agriculture-intensive, commercially significant, and historically important, yet its exclusion from the railway project is unjustifiable.

The sanctioned alignment of the Gunupur-Theruvali railway line, which includes stations at Gunupur, Penkam, Ramanaguda, Bankili, Durgi, and Theruvali passes through thinly inhabited and barren areas. With minor realignment, it can pass through stations like Gunupur, Chalakamba, Padmapur, Bissam Cuttack, Gumuda, Penkam, Ramanaguda, Bankili, Durgi and Theruvali,

which follows a geographically logical and development-focused route directly benefiting over six lakh people in Rayagada and Gajapati districts.

I would urge the hon. Minister of Railways to issue a formal directive to re-examine the alignment considering that the GM of East Coast Railways had approved the Final Location Survey. This small realignment will bring enormous socio-economic benefits to the region and prevent yet another case of public infrastructure failing to serve the public needs.

I would urge the Government to act immediately and not let another crucial infrastructure project bypass the rightful aspirations of the people. Let development be inclusive, people-centric, and equitable. Thank you so much.

**श्री छत्रपाल सिंह गंगवार (बरेली) :** माननीय सभापति जी, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बरेली में ट्रेन नम्बर 15056/15055 रामनगर जंक्शन उत्तराखंड से आगरा फोर्ट जंक्शन, उत्तर प्रदेश तक सप्ताह में केवल तीन दिन, रविवार, मंगलवार और शुक्रवार को ही चलती है। इस ट्रेन का उपयोग उत्तराखंड में सम्पूर्ण तराई, बरेली, बदायूँ, कासगंज और हाथरस के यात्री बड़ी संख्या में करते हैं। इस ट्रेन के प्रतिदिन न चलने के कारण यहां के यात्रियों को अन्य दिनों में अपनी यात्रा को अन्य संसाधनों से पूर्ण करना पड़ता है और उन्हें इस यात्रा को पूर्ण करने में अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जनहित की इन समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए और जनमानस को लाभ पहुँचाने के लिए मैं रेल मंत्री जी विनम्र निवेदन करता हूँ कि ट्रेन नंबर 15056/15055 इज्जतनगर मंडल उत्तर पूर्वी रेलवे, बरेली को प्रतिदिन चलाया जाए ताकि उत्तराखंड तथा सम्पूर्ण तराई, बरेली, बदायूं, कासगंज के यात्री लाभ उठा सकें। इसके लिए बरेली की जनता सदैव माननीय मंत्री जी की आभारी रहेगी। धन्यवाद।

(1220/KN/UB)

**सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे (शोलापुर) :** मैडम, महाराष्ट्र गवर्नमेंट ने 13 दिसंबर को एक जीआर निकाला है, जहां पर उन्होंने कहा कि जितने भी रास्तों के सार्वजनिक काम हैं, चाहे वे ड्रेनेज के हों या नालों के हों, वे तुरंत स्थगित होने चाहिए, रद्द होने चाहिए, रुकने चाहिए, क्योंकि पहले के बहुत पेंडिंग काम हैं। इसकी वजह से गांवों के जो रास्ते हैं, यह पूरे महाराष्ट्र का इश्यु है और सारे एमपीज़ मुझसे सहमत होंगे। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) :** माननीय सदस्या, आपका विषय क्या है?

**सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे (शोलापुर) :** मैडम, सार्वजनिक कामों का जो जीआर है … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपने जो विषय दिया है, वह मनरेगा से संबंधित है।

**सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे (शोलापुर) :** मैडम, मनरेगा का ही विषय है। मनरेगा के जो सार्वजनिक काम हैं, वे महाराष्ट्र शासन की तरफ से रुकवाये गए हैं। रास्तों के जितने भी सार्वजनिक काम हैं, वे बंद किए गए हैं, जिसकी वजह से दिसंबर से महाराष्ट्र में रास्ते का एक भी काम नहीं हुआ है। खेत को खेत से जुड़ने वाले जो रास्ते हैं, गांव को गांव से जुड़ने वाले जो रास्ते हैं, रिवर के ऊपर के जो रास्ते हैं, नाले के ऊपर के जो रास्ते हैं, सब महाराष्ट्र में 13 दिसंबर से बंद हैं। क्योंकि गवर्नमेंट ने यह जीआर निकाला है। महाराष्ट्र गवर्नमेंट में 100 दिन के जो मनरेगा के काम हैं, केन्द्र शासन से उसकी जो पेमेंट है, वह भी दो महीनों से बंद है। केन्द्र शासन का 100 दिन की पेमेंट बंद है। 100 के ऊपर जब 15 दिन लगते हैं, 20 दिन लगते हैं, तो उसका भी जो स्टेट गवर्नमेंट की पेमेंट है, वह पिछले दो-तीन महीनों से नहीं आयी है। मेरे मन में यह सवाल आता है कि क्या यह पैसे किसी और योजना के लिए कहीं और डाइवर्ट किए गए हैं, क्योंकि इलैक्शन जीतना चाहते थे। यह सवाल है, क्योंकि अगर गांव में रास्ते का काम नहीं हो रहा है और उसके लिए जीआर आया है कि सारे काम बंद होने चाहिए तो यह चिंताजनक चीज है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहती हूं कि यह जो जीआर है, उसके ऊपर आप तुरंत स्टे लगायें, ताकि महाराष्ट्र में जितने भी पाणंद रास्ते हैं, जिसको हम पाणंद रास्ते कहते हैं, सार्वजनिक काम हैं, वे शुरू हों। उस जीआर को तुरंत स्थगित करना चाहिए। मैं आपके द्वारा ऐसा निवेदन करती हूं।

धन्यवाद।

**श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत (हरिद्वार) :** सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तराखंड राज्य में बार-बार आने वाली बाढ़ की गंभीर और आवर्ती समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। मैं इस सदन से तत्काल ध्यान की मांग करता है। हाल ही में जुलाई और अगस्त, 2024 में आई बाढ़ ने अत्यधिक विनाशकारी प्रभाव डाला है। 1 अगस्त, 2024 को भारी वर्षा के कारण घरों के ढहने और बाढ़ से छह लोगों की मृत्यु हो गई तथा अनेक लोग घायल हो गए।

हरिद्वार, टिहरी, देहरादून और चमोली जिलों में बाढ़ का गंभीर प्रभाव देखा गया। हरिद्वार में सड़कें जलमग्न हो गईं, सूखी नदी उफान पर आ गई, जिससे अनेक वाहन बह गए। भूपतवाला, हरिद्वार, कनखल, ज्वालापुर जैसे क्षेत्रों में कालोनियों और बाजारों में पानी भर गया। खराब मौसम के कारण केदारनाथ यात्रा को भी अस्थायी रूप से निलंबित करना पड़ा।

गंगा और सोलानी नदियों से आई बाढ़ ने विशेष रूप से किसानों को भारी नुकसान पहुँचाया है। इन नदियों में अचानक छोड़े गए पानी के कारण हजारों हेक्टेयर फसलें नष्ट हो गईं, जिससे किसानों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई है। रिपोर्टों के मुताबिक 53,000 हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसलें बर्बाद हुई हैं, जिससे किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।

यह बाढ़ कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि हर साल दोहराई जाने वाली त्रासदी बन गई है। कृषि और स्थानीय व्यवसायों पर इसका आर्थिक प्रभाव विनाशकारी है।

मेरी सरकार से प्रमुख मांग है कि गंगा नदी के किनारे और सोलानी नदी के किनारे बैरिकेडिंग और तटबंध निर्माण करवाये जाएं। ये बैरिकेड्स और दीवारें बहुत मजबूत होनी चाहिए, जिससे बाढ़ के पानी को नियंत्रित किया जा सके। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि गंगा और सोलानी नदियों में बाढ़

के कारण तमाम मगरमच्छ और घड़ियाल गांव की बस्तियों में घुस जाते हैं, जिससे लोगों के जीवन को एक दूसरा खतरा उत्पन्न हो जाता है। हरिद्वार, खानपुर, लक्सर और रुड़की क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर उक्त संरचनाओं का निर्माण बहुत जरूरी है, इसलिए उसको किया जाए।

बांधों से पानी छोड़ने की जो वैज्ञानिक और व्यवस्थित प्रक्रिया है, उसी को अपनाया जाए। एक वैज्ञानिक और समयबद्ध प्रक्रिया अपनाकर धीरे-धीरे पानी छोड़ा जाए, ताकि बाढ़ की भयावहता को कम किया जा सके।

(1225/VB/GM)

बाढ़ से प्रभावित किसानों को समय पर और उचित मुआवजा दिया जाए। फसल नुकसान का आंकलन करके उचित मुआवजा तय किया जाए। मुआवजे की राशि के लिए एक अवधि तय की जाए, यह अवधि तीन महीने की होनी चाहिए ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति संभल सके।

नदी के मार्ग की सफाई और मार्ग का विस्तार किया जाए। गंगा और सोलानी नदियों के जलमार्ग की सफाई की जाए और इनकी गहराई बढ़ाई जाए ताकि अधिक पानी को धारण किया जा सके और बाढ़ की संभावनाओं को कम किया जा सके।

सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र से नदी में गिरने वाले रासायनिक कचड़े पर रोक लगाई जाए ताकि भूमि की उर्वरता बची रहे।

समुदाय-आधारित आपदा तैयारी कार्यक्रमों को बढ़ावा देना चाहिए। स्थानीय प्रशासन, पंचायतों और स्वयंसेवी संगठनों को शामिल कर ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएं। प्रभावित इलाकों में बाढ़ राहत शिविर स्थापित किए जाएं और प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता प्रदान की जाए।

माननीय महोदया, उत्तराखंड के किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा करना हमारा दायित्व है। मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि बाढ़ के प्रभावों को कम करने और राज्य के लिए एक अधिक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं और गंगा के तटबंधों को मजबूत किये जाएं ताकि किसानों को, विशेष रूप से गन्ना किसानों को जो इस सीज़न में भारी नुकसान होता है, उससे बचा जा सके।

धन्यवाद।

**श्री बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा पश्चिम) :** माननीय सभापति महोदया, मैं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री का ध्यान एनएच-8 की खस्ताहाल स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। यह त्रिपुरा की लाइफलाइन है। यह ग्लोबल ईस्ट के लिए भारत का प्रवेश द्वार बन जाती है। यह भारत सरकार की एक्ट ईस्ट पॉलिसी की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। एनएच-8, जो 371 किलोमीटर लम्बा है, त्रिपुरा को देश के बाकी हिस्सों के साथ जोड़ता है। एनएचआईडीसीएल के द्वारा निर्मित यह मार्ग उस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र के विकास की दृष्टि से, महत्वपूर्ण क्षेत्रों से होकर गुजरता है। इस पर चुराईबाड़ी और शनिचोड़ा के बीच 11 किलोमीटर के हिस्से में बड़े-बड़े गड्ढ़े हैं, जो कीचड़ से भरे रहते हैं। इसके कारण वहाँ पर अक्सर दुर्घनाएं होती हैं। उचित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण, बारिश का पानी और आसपास की पहाड़ियों से मिट्टी नीचे आकर सड़क

पर जमा रहती है और यह किचड़ में बदल जाती है। इसके कारण, स्थानीय लोगों को आने-जाने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है।

एनएचआईडीसीएल की उदासीनता के कारण अभी तक इस रोड की मरम्मत नहीं हो पाई है। मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूँ, चूंकि नॉर्थ-ईस्ट में बहुत ज्यादा बारिश होती है। इसलिए वहाँ रोड्स की क्वालिटी पर ध्यान देना चाहिए। एनएचआईडीसीएल को वहाँ जो भी कांट्रैक्ट दिया जाता है, वह लोएस्ट बिड के तहत दिया जाता है। बहुत-सी जगहों पर मैंने देखा है कि मेरिट के बेस पर भी काम दिये जाते हैं। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है कि उस रोड को मेरिट के आधार पर बिड देकर अच्छी तरह से काम कराया जाए क्योंकि वहाँ सात महीने तक बारिश होती रहती है। अगर लोएस्ट बिड पर काम दिया जाता है, तो छ: महीने के अन्दर ही रोड्स खराब हो जाते हैं। इसलिए मैं केन्द्र सरकार और राजमार्ग मंत्रालय से आग्रह करना चाहता हूँ कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि वह त्रिपुरा की लाइफलाइन है। इसकी तुरंत मरम्मत करायी जाए। इसके लिए एनएचआईडीसीएल की एक कमेटी बनाकर इसकी देखभाल की व्यवस्था करायी जाए।

धन्यवाद।

**डॉ. लता वानखेड़े (सागर) :** माननीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी से कहना चाहती हूँ कि ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा ऊर्जा के क्षेत्र में, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए किये गये प्रयासों की सराहना करती हूँ। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हुई प्रगति ने न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया, बल्कि आम नागरिकों को, खास करके ग्रामीण परिवारों और किसानों को किफायती और स्वच्छ ऊर्जा भी उपलब्ध कराने में मदद की है।

मैं मध्य प्रदेश से आती हूँ, जहाँ 70 प्रतिशत नागरिक आज भी ग्रामीण अंचलों में रहते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र सागर में भी बहुत ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र हैं। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहती हूँ कि मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अब तक कितने सौर संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं?

(1230/PC/SRG)

क्या हर गांव को सौर ऊर्जा से जोड़ने के लिए कोई विशेष योजना बनाई गई है? साथ ही, कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा के अधिकतम उपयोग के लिए किसानों को सोलर पैनल के लिए विशेष अनुदान देने की दिशा में आपकी आगामी कार्य योजना क्या है, ताकि हमारे किसान भाई सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा का लाभ उठा सकें?

इसके अतिरिक्त स्मार्ट विलेज विकसित करने की दिशा में आपके मंत्रालय द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कौन सी आगामी नीतियां और योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिससे गांवों में ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित हो और महिलाएं व किसान सशक्त हों।

माननीय सभापति महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र की 650 ग्राम पंचायतों में 3,300 गांव आते हैं। मैं चाहती हूं कि वे स्मार्ट विलेजेज़ बनें और सभी में सोलर पैनल के माध्यम से ऊर्जा मिले।

धन्यवाद।

**श्री योगेन्द्र चांदोलिया (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) :** माननीय सभापति महोदया जी, मैं आज इस सदन में, दिल्ली के भूमिहीन लोगों को मालिकाना अधिकार मिले, यह बात आपके सामने रखना चाहता हूं।

माननीय सभापति महोदया जी, मैं, दिल्ली के भूमिहीन लोगों और किसानों को प्रभावित करने वाले एक लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे को इस सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं। वर्ष 1975-76 में तत्कालीन भारत सरकार के कार्यकाल में, उस समय देश की प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी थीं, उनके कार्यकाल के दौरान दिल्ली राज्य में 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत भूमिहीन लोगों को कृषि भूमि और 120 गज के भूखंड आवंटित किए गए थे। लेकिन अफसोस यह है कि आज तक उन्हें मालिकाना अधिकार नहीं दिया गया। 49 वर्षों के बाद भी वे लोग मालिकाना अधिकार के लिए दर-दर घूम रहे हैं।

इस मालिकाना अधिकार से इनकार के परिणामस्वरूप इन किसानों और भूमिहीन लोगों के लिए भारी कठिनाई और अनिश्चितता पैदा हो गई है। दिल्ली के भूमिहीन किसानों को मालिकाना अधिकार के साथ मिलने वाली ऋण सुविधा, बीमा और अन्य केन्द्रीय योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा वे लगातार बेदखली के खतरे में रहते हैं। बहुत दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि दिल्ली के किसानों को किसान का दर्जा नहीं मिल पा रहा है। अनुसूचित जाति के भूमिहीन किसानों को वर्ष 1975 में एक एकड़ कृषि भूमि आवंटित की गई थी, परंतु आज तक अनुसूचित जाति के किसानों को पिछले 50 वर्षों में मालिकाना अधिकार नहीं दिया गया है। यह न्याय, समानता और मानव अधिकार का मामला है।

माननीय सभापति महोदया जी, मैं माननीय मंत्री जी से इन भूमिहीन लोगों और किसानों को मालिकाना हक देने के लिए एक समय-सीमा के भीतर तत्काल कार्यवाही करने का आग्रह करता हूं।

माननीय सभापति महोदया जी, मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं। मैंने अपना यह प्रश्न 5 दिसंबर को लगाया था। माननीय केंद्रीय मंत्री जी ने मुझे उसका उत्तर दिया था। उस समय की तत्कालीन सरकार, जो अब जा रही है, उन्होंने इस सदन को और माननीय मंत्री महोदय को जो असत्य आंकड़े दिए थे। मैं उन आंकड़ों को आपके सामने रखना चाहता हूं। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) :** माननीय सदस्य, श्री भर्तृहरि महताब जी।

… (व्यवधान)

**श्री योगेन्द्र चांदोलिया (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) :** उन्होंने कहा कि लगभग 3,204 एकड़ जमीन पर वे लोग हैं … (व्यवधान)

**श्री भर्तृहरि महताब (कटक) :** मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं।

स्वतंत्रता सेनानियों को वंदे भारत ट्रेन में प्रथम श्रेणी पास के माध्यम से यात्रा की सुविधा नहीं मिल रही है, जबकि अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह सुविधा उपलब्ध है। यह तथ्य काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, उन्हें इस आधुनिक और सम्मानजनक ट्रेन में यात्रा करने से वंचित किया जा रहा है।

आज के समय में वैसे भी स्वतंत्रता सेनानी बहुत कम संख्या में बचे हैं और उनकी यात्राएं भी गिनी-चुनी होती हैं। वंदे भारत और वंदे मातरम जैसे शब्द स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली संघर्ष और नारे से जुड़े हुए हैं।

संभव है कि इस विषय की जानकारी आपके संज्ञान में न हो, इसलिए, मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि स्वतंत्रता सेनानियों को वंदे भारत ट्रेन में प्रथम श्रेणी पास की सुविधा देने की कृपा करें। इससे न केवल उनका सम्मान होगा, बल्कि राष्ट्र की ओर से उन्हें एक छोटा सा कृतज्ञता भाव भी मिलेगा।

धन्यवाद।

(1235/CS/RCP)

**श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) :** सभापति महोदया, धन्यवाद।

आज मैं बहुत पहले, शुरु में ही खेद प्रकट करता हूँ कि मैं पिछले 10 सालों से एक माँग करता आ रहा हूँ। आज सुबह छत्रपति शिवाजी महाराज के सारे किलों के संबंध में विरासत की बात की। उन किलों को स्वदेश दर्शन पर्यटन में सम्मिलित किया जाए, यह माँग भी की। हमारी मुम्बई में, पूर्व में विक्टोरिया टर्मिनस नाम का जो स्टेशन था, कभी-कभी उसे बोरी बंदर कहते थे, उसका नामकरण छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस किया गया। अब उस वक्त से लेकर आज तक मैं एक माँग करता रहा हूँ कि उस मुख्यालय के सामने छत्रपति शिवाजी महाराज का पुतला बिठाया जाए। आप छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को जानती हैं। इस देश को अगर स्वराज्य का मंत्र किसी ने दिया है, माता जीजाबाई ने पुत्र से कहा कि देख शिवा, इस राष्ट्र में क्या हो रहा है, मुगल आक्रमण कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में स्वराज्य का निर्माण होना चाहिए। इस देश के इतिहास में स्वराज नाम का शब्द, "हिंदवी स्वराज्य" नाम का शब्द अगर किसी के मुख से आया तो वे छत्रपति शिवाजी महाराज हैं। अंत तक उन्होंने स्वराज्य का निर्माण किया। उस स्वराज्य में जात, पात, धर्म, पंथ नहीं थे। उन्होंने ऐसे किले बनाये हैं, जो पहाड़ों पर भी हैं और समुद्र के पानी में भी हैं। सबसे बड़ी बात है कि इतनी ऊँचाई पर पीने का पानी आज भी उपलब्ध है और गहरे समुद्र में बने हुए किले में भी पीने का पानी उपलब्ध है। विजनरी राजा जिसे कहते हैं, वैसे छत्रपति शिवाजी महाराज थे। रायगढ़, राजगढ़, लौहगढ़, सिंहगड, सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज के किले बने हुए हैं।

**माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) :** माननीय सदस्य, आपका विषय क्या है?

**श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) :** मैडम, यहाँ लोग भाषण करते रहे हैं। आप छत्रपति शिवाजी महाराज के लिए बोलने से रूकवाओगी। यह कमाल है।

**माननीय सभापति :** नहीं-नहीं, आप बोलिए।

**श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) :** छत्रपति शिवाजी महाराज का पुतला छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के सामने बिठाया जाए।

**माननीय सभापति :** एक मिनट, पुतला नहीं, प्रतिमा कहिए। आप पुतला कह रहे हैं, प्रतिमा कहिए।

**श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) :** अच्छा, आप हिन्दी में प्रतिमा कहती हैं। धन्यवाद।

छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के सामने निर्माण करने के बारे में मैं माँग करता हूँ। इस माँग को लेकर केन्द्र सरकार के रेलवे बोर्ड के चेयरमैन कहते हैं कि ऐसा हमारा कोई सिस्टम नहीं है, न ही हमारे पास ऐसी कोई धारणा है। मैंने उनसे कहा कि हाल ही में वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम बनाया गया है। वल्लभ भाई पटेल के नाम पर वहाँ केवड़िया स्टेशन बनाया और आदरणीय वल्लभ भाई पटेल जी का पुतला भी बनाया गया है। मैं इसकी सराहना करता हूँ। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा आप नहीं बनाते हो। मैं दोबारा आपके माध्यम से माँग करता हूँ कि केन्द्र की सरकार, आदरणीय प्रधानमंत्री जी से माँग करता हूँ कि 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती है, उसके पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के सामने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का निर्माण किया जाए। मैं यह माँग आपके माध्यम से सरकार से करता हूँ। धन्यवाद।

SHRI V. K. SREEKANDAN (PALAKKAD): Respected Chairperson, due to non-release of the Central share pertaining to the schemes such as the Indira Gandhi National Old Age Pension Scheme, the Indira Gandhi National Widow Pension Scheme, and the Indira Gandhi National Disability Pension Scheme to the State of Kerala, thousands of people in the State are not getting the Central share of these schemes for many months, running into over 15 months.

Therefore, it is urged that the Government may release the Central share of these schemes to the beneficiaries urgently. Thank you, Madam.

(1240/IND/PS)

**श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) :** सभापति जी, मेरे क्षेत्र मध्य प्रदेश के बालाघाट सिवनी लोक सभा क्षेत्र में धार्मिक स्थल बाबा कोटेश्वर धाम को भारत सरकार की 'एडॉप्ट ए हेरिटेज' योजना के तहत शामिल करने का प्रस्ताव रखना चाहती हूं। यह ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। आदि शिव का मंदिर ग्यारहवीं शताब्दी से संबंधित है और इसे 108 उपलिंगों में से एक माना जाता है। यह मंदिर राष्ट्रीय महत्व का संरक्षित स्मारक है, जहां हर साल हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। 'एडॉप्ट ए हेरिटेज' योजना के तहत इस स्थल को अधिक संरक्षित किया जा सकता है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस ऐतिहासिक स्थल को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध बनाने के लिए इसे इस योजना में शामिल किया जाए। जय कोटेश्वर महादेव।

**माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) :** श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी – उपस्थित नहीं।

श्रीमती लवली आनंद जी।

**श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) :** सभापति जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र शिवहर के महत्वपूर्ण विषय को माननीय उद्योग मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहती हूं। शिवहर बिहार का एक छोटा जिला होने के कारण तीन ओर से सीतामणी, मुजफ्फरपुर और मोतीहारी से जुड़ा है और एक तरफ नेपाल से भी जुड़ा है। शिवहर संसदीय क्षेत्र में गरीबी और पिछड़ेपन के कारण यहां से मजदूरों का पलायन बहुत

In 2020-21, it was Rs. 6,72,780 crore. In 2021-22, it was Rs. 7,74,425 crore. In 2022-23, it was Rs. 7,48,718 crore. In 2023-24, it was Rs. 7,51,155.9 crore. In the last six months alone, you have collected nearly Rs. 3,39,185.5 crore, which is a provisional amount. Since you have made huge profits in the price of petrol, especially with the Ukraine-Russia war going on, what did you do? First time in our country, we heard the terminology 'windfall taxes'. When Russia was selling fuel at $60 against a market price of $120, you allowed Reliance Industries to make windfall profits. You allowed all your friends to make windfall profits. You could have passed the 50 per cent price reduction to our poor Indians. With the increasing inflation now, you have so much of money in your kitty in the name of excise and cess. Why do you not remove it and give it to the common man? Sir, 98 per cent of the population will benefit out of this. But, what have you done? You have done welfare cuts and neglect of work.

Now, again, our Finance Minister, Shrimati Nirmala Sitharaman, is boasting that she has reduced the fiscal deficit. It is 4.5 per cent of the GDP. At what cost have you reached this figure of curtailing the fiscal deficit? You have cut the MGNREGS funding, which remains stagnant at Rs. 86,000 crore, despite a record low of unemployment. The SC/ST education funds are unchanged, making higher education for them unaffordable. The food prices are increasing. The poor man is suffering. But, what have you done? The food subsidy has been cut from Rs. 2,05,250 crore to Rs. 2,03,000 crore. The budget for Pradhan Mantri Awas Yojana has been slashed by 35 per cent, affecting affordable housing. You claim in the President's speech that you are going to build 10 lakh houses. I wonder, with this fiscal cut, how you are going to manage to do that! Jal Jeevan Mission funding is down to Rs. 67,000 crore, lower than spending in the last two years.

Hon. Chairperson, Sir, in 2019, they created a new Ministry called Jal Sakthi Ministry. Everyone wondered! What are you doing? Why are you renaming it? But, you said, 'we are renaming it because we are going to interlink

the rivers of India and ensure there is no drought, there is no flooding in any part of the country'. Please give us a list. It has been 11 years now. How many rivers have you interlinked? How many droughts have you stopped? How many floodings have you stopped? Nothing, zilch. At a time when spending on mental health programmes should be increased because of inflation and joblessness, you have reduced it from Rs. 133 crore to Rs. 90 crore, ignoring the growing crisis. Employment generation is the need of the hour, but no major initiatives have been taken for job creation, despite 2.5 crore people being unemployed. The MSMEs, which provide 45 per cent of India's export and employ 7.5 crore people, receive no tax relief or any support from this Budget. Sixty to seventy lakh young people enter the job market annually. Yet, no plans exist to address the employment needs. All the PSUs have been sold probably, or are in the process of being sold. Earlier, we used the public sector companies to generate employment for our youth. But now, even that is not in your hands. Now, we have to go and beg Adanis, Ambanis, and Tatas to provide employment for our youth.

Sir, railway is very, very important for us. What have you done? You have reduced the funding for railway projects from Rs. 34,000 crore to Rs. 32,000 crore. We really need more investment, especially when we have seen more than 200 rail accidents in the last five years and when the need has come to improve the Kavach system.

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): Kindly conclude.

(1415/AK/MK)

THIRU DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): Sir, I am the main speaker. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): The time allotted for your Party is 29 minutes, and there are 2-3 speakers.

… (*Interruptions*)

THIRU DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): Sir, if you take my time, what will I do? Sir, let me be allowed to speak. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: No, I am just only saying this.

… (*Interruptions*)

THIRU DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): Sir, I am aware about it. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Yes, you must be aware about it.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI (THOOTHUKKUDI): Sir, let the Finance Minister come and reply. … (*Interruptions*)

THIRU DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): Sir, you do not reply. … (*Interruptions*)

Kavach system is the most important one to avoid railway accident. The Prime Minister himself has said about it. The Kavach system has to be implemented so that we can avoid head-on collisions in railways where thousands of our Indian lives have been lost.

Sir, right now, with this Budget, only five per cent of the entire railway network can be covered with a Kavach system. So, you have no value for the common Indian who will travel by train and who will take the risk of meeting with rail accidents. … (*Interruptions*)

Sir, the Finance Minister said that she is introducing a new UDAN Scheme in the Budget, which will improve air connectivity. I was quite surprised. It is not bad that she is announcing it because anyway a new airport is coming for Bihar and it is very good. She has slashed UDAN scheme Budget from Rs. 800 crore to Rs. 540 crore making air travel costlier for common man. When you said 'new' means more funds should have come, but I think that it is just an eyewash.

Let me tell you the next major hindrance for the common man, that is 98 per cent of population. It is the highways which collect massive tolls and just tolls, but if you travel on the roads, it is the worst roads you can ever travel. … (*Interruptions*) Tamil Nadu is going to get more tolls. … (*Interruptions*)

Sir, in fact, I really wonder and I ask the Finance Minister. I would have asked her if she was here. But she never comes here. When a person buys a new motorbike or a new car or any new vehicle, you charge him GST, which is divided by the State and the Centre. Cess goes into your kitty, and excise goes into your kitty, and the Union Government also charges road tax at that time. I was wondering why road tax should be collected for a new vehicle! It is because you do not lay any free roads. All the roads laid by the Union Government are all toll roads. Anyway, the common man pays the tax.

To top it all, what have you done? The Finance Minister has done double taxation. We are trying to get rid of double taxation. Now, a common man buys a motorcycle. He has to pay GST for a new vehicle. When in a rush if he wants to sell the bike, he cannot do it. He wants to sell the bike, gets the amount whatever he gets for the second-hand vehicle, and puts it as a deposit to get a new bike. But if he sells it to any dealer, he is gone as he again has to pay 18 per cent GST on the difference. Is it fair? How many times will he pay GST? … (*Interruptions*) Is this double taxation anyway okay and that too when you want to increase demand? You want to increase demand for sale of motorbike, sale of car, etc. But this goes totally against your principle.

Sir, again we are talking about 'Make in India'. As our Opposition Leader had already said, it is never 'Make in India', it is just an 'assemble in India'. During the UPA Government, we found the Foxconn and Flextronics, who are the basis now in India that are producing the iPhones. Right now, all we are doing is assembling iPhones and exporting them. But what are we doing? The Union Government is giving Performance-Linked Incentive to every iPhone assembled in India while none of them are manufactured. So, basically a huge subsidy is going on the assembling of iPhones.

Another sad thing is that even those assembly lines are imported from China. Any new electronic unit is now coming from China and we are just assembling it. We do not even have the know-how of how to make a power adapter in India? It has to be imported from China. That is the sad state. … (*Interruptions*)

The trade deficit with China is still high. For the Financial Year 2024, India's State deficit with China surged to $85.1 billion, and we continue importing critical components for electronics, pharmaceuticals and our machinery. In fact, for every mobile phone, its display, the battery, the processor are still being imported from China.

(1420/UB/SJN)

We need to make sure that we have the facilities. The automobile sector is mostly dependent on imports. We have to become self-reliant. When are we going to become self-reliant? This story reminds me of what happened when the United States imposed tariffs on China for certain goods. China did nothing. China went straight to Brazil and assembled there because Brazil had a treaty

with the US for free export. This is the same thing that we are following. We are assembling in India all the Chinese parts.

Even the supply chains are dominated by three players, including Ambanis and Adanis. There is no one else. If any multinational has to step into India, they can enter India only with Ambanis, Adanis, or Tatas. Even a coffee shop cannot come into India. Starbucks is there because they had to have the Tata's brand name. The media space is completely taken over by them. Everything is now owned by the Ambanis.

The moment we say energy or solar energy, there is only one company name that comes to our mind. That is the only person who has a monopoly over there. I sometimes wonder what the Competition Commission of India is doing. He wants all the ports. He wants all the airports. He has a monopoly on power, cement, and every other market.

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): You have taken 20 minutes already. Please conclude.

THIRU DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): Sir, I have time. Let me come to the main point. There is unfair treatment for the Southern States. For the Bihar elections, there are sufficient government schemes like the Western Koshi Canal project, Makhana Board, expansion of Patna Airport, and development of Brownfield Airport in Bihta. What about Tamil Nadu? What about Kerala? What about Karnataka? What about Telangana? Maybe, next year, Tamil Nadu and Kerala will see a bonus of a lot of announcements because our elections are coming next year, but even that will be mere announcements. Nothing will happen in Tamil Nadu. The share of taxes for Tamil Nadu remains stagnant at 4.1 per cent against the rest of India, which is getting increased allocation. The Kanyakumari-Thiruvananthapuram Industrial Corridor has been ignored again. There is no incentive for IT hubs in Bengaluru, Chennai, and Hyderabad despite the huge contribution to the economy they have made.

Last week, the Union Government took away nearly Rs. 2,000 crore meant for Tamil Nadu students and diverted it to other States. Have we ever heard of the Union Government punishing the students? We are very, very clear that we will never accept a three-language policy. Our Chief Minister, M. K. Stalin, said, “You try whatever you want; the three-language policy will never come into Tamil Nadu.”. We will ensure our students are not deprived. They will

be taken care of with our own funds. Today, the most successful state in India is Tamil Nadu because we follow the Dravidian model.

In the last session, there were some statements made by the hon. Finance Minister. We always say in Tamil, *“Vantharai vaazha vaikkum Tamil Nadu”*, which means Tamil Nadu provides livelihood to those who come. We always are very nice to everyone. So, we are never against Hindi. We are only against the imposition of Hindi. There is a statement made by Shri R. Vijayashankar who was a former editor of Frontline. He says very clearly that Mrs. Nirmala Sitharaman studied at Seethalakshmi Ramaswami College. Shri Vijayashankar's sister also studied there, and he is very proud of it. They all stayed in a nice Agraharam where there are no intruders. Only their community stayed there. No one ever stepped in the Agraharam and disturbed the atmosphere in college for not learning Hindi. Today, if the hon. Finance Minister, Nirmala Sitharaman ji, has achieved these heights, it is only because of one man—Periyar.

(1425/GM/SPS)

It was because of freedom of women who came to study in Tamil Nadu. Otherwise, the Finance Minister could not have come to such height. It was because she was born in Periyar’s land, and she should never ever forget it. But sometimes, I wonder what the Finance Minister is angling for. She is in the topmost post now. I don’t know what is the other post she is angling for? She is in the Rajya Sabha. I think the other topmost post might get vacant fast. So, she is trying to angle for it. It is because whatever she says goes against the truth, Sir.

In 2017, she was in Tamil Nadu after Ms. Jayalalithaa’s death. She thought she could become the Chief Minister. She was angling for the Chief Minister’s post. At that time, she said that that year there would be no NEET; there would be NEET exemption for Tamil Nadu. All the students in Tamil Nadu believed her. Only we know that whatever she says does not come true. Just to woo my people, she tried, but she could never become the Chief Minister of Tamil Nadu. As I said, she is angling for a bigger post now. We are wishing her all the best because she is from Tamil Nadu.

Sir, the AIIMS in Madurai remains incomplete. It is the only AIIMS project funded by JICA. All other AIIMS projects have been funded by the Union

Government. Delhi and Meerut received thousands of crores of rupees for Metro project while Chennai struggles to secure funds for its only Metro project in Chennai. Our Chief Minister said that we don't need your funds because we have got funds from JICA, after which the Union Government came running and said that they will fund us. The JICA funds have to come through the Union Government. So, they had no choice but to come to us. Sir, the second largest economy in India is being sidelined by the NDA Government. We will win. The able administration of our Chief Minister Shri M.K. Stalin is so good that all the industries are coming to Tamil Nadu. Even two days back, he opened the largest solar panel factory, not by Ambani, in Tamil Nadu. Every industry is coming to Tamil Nadu. Whatever you try to do, the people of Tamil Nadu have so much faith and trust in our Chief Minister.

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): Please conclude. There are three or four speakers. Already you have taken a lot of time.

THIRU DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): I am concluding, Sir. Before the DMK Dravidian model Government came, we were at the $6^{th}$ position when it came to Khelo India Youth Games. After the able leadership of Shri M.K. Stalin, we came at $2^{nd}$ place in Khelo India Youth Games. This is the success of the Dravidian model.

Sir, one of the MPs of our DMK Party had a recent issue with a bank. He was penalized with Rs.9000 for not maintaining the minimum amount of Rs. 25,000. The amount was auto-debited. When he wrote a letter, claiming back the amount, Rs.9,000 were refunded to him. We are upset. Since he is an MP, he got back his money. The public sector banks alone have collected Rs.8,500 crore for not maintaining the minimum balance. Is this the way to deal with this? I asked the Finance Minister: the banks are making enough money; they are lending money and making money; when we go to ATMs and there is no money in the ATMs, will the banks be penalized? Will the money be given to the person who was desperate to take money from the ATM? … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude. … (*Interruptions*) Please address the Chair. … (*Interruptions*) I am not disturbing. Your Party has been allowed 29 minutes. He has already spoken for 29 minutes.

THIRU DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): I am concluding, Sir. When you use your credit card to purchase tickets in Air India or any other airlines and you

cancel it, it takes five to 10 days for refund. But it takes five to seven seconds for them to take the money away from my account.

(1430/SRG/MM)

Sir, Swiggy or Licious give refund of Rs. 1,000, or Rs. 1500 in 20 minutes. When you cancel the order, they refund in 20 minutes, but why is that the big corporates like Tata and others are taking away the common man's money and rotating it? Is this the way we should do it?

There is one more serious issue which I would like to highlight. Sir, it concerns you. We know that we all are called PEPs in the banking terminology. We are all pepped up people. It does not mean a good thing; it is a bad thing. We are called `Politically Exposed Person's, it means, any transaction we do.…. (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): Your Party time is over. You have been speaking for the last 29 minutes.

… (*Interruptions*)

THIRU DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): Sir, let me complete. … (*Interruptions*) I am concluding. … (*Interruptions*) Sir, we are the lawmakers. We make laws. We pass the Finance Bill, but when it comes to banking industry, we are called `Politically Exposed Person's. No loans are given to us. No credit cards are given to us. They come and tell us. 'Do not take a credit card. Take a debit card. It is good for you.' This has to change. Why should the law makers be penalized? Sir, it is not only for you. Nishikant Dubey ji, it is not only for you, it is for your son, your daughter, your wife, your entire family are marked as 'Politically Exposed Person's. … (*Interruptions*) I think the time has come when the issue of such discrimination has come. … (*Interruptions*) I am just concluding.

In conclusion, I would say, this Budget only favours the corporates. This Budget is anti-people. This Budget is anti-Tamil Nadu, anti-Kerala, anti-Karnataka and against 98 per cent of the population. I feel that the Finance Minister should be more positive in making sure that the Budget is entirely for India.

Thank you.

(ends)

1432 बजे

**श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) :** सभापति महोदय, आर्थिक और सामरिक दर्शन शास्त्र के दृष्टिकोण से 20वीं सदी के पांच बड़े विचार रहे हैं। सबसे पहला, जब वर्ष 1933 में अमेरिका में महामंदी आयी तो अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रेंकलीन रूज़वेल्ट ने एक नये डील की घोषणा की, जिसे अंग्रेजी में न्यू डील कहते हैं। दूसरा बड़ा आर्थिक और सामरिक विचार दूसरे महायुद्ध के बाद यूरोप के पुनर्निमाण के लिए मार्शल प्लान की घोषणा हुई थी। तीसरा बड़ा आर्थिक और सामरिक विचार जापान के ऊपर दूसरे महायुद्ध में एटम बम का प्रयोग किया गया और जापान पूरी तरह से तहस-नहस हो गया तो उसके पुनर्निमाण के लिए एक मैकऑर्थर प्लान बना। उसी तरह से वर्ष 1978 में जब डेंग शाओपिंग चीन के सर्वेसर्वा नेता बने तो उन्होंने साम्यवाद की परिभाषा बदल दी। उन्होंने कहा कि it is glorious to be rich. अमीर बनना एक बहुत प्रभावशाली बात है। वर्ष 1978 में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के तीसरे प्लेनम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि It does matter whether a cat is black or white as long as it is catchs mice. फिर वर्ष 1991 आया जब भूतपूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, जब वह देश के वित्त मंत्री थे, के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था का उदारीकरण और वैश्वीकरण हुआ। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पिछले दस वर्ष का एनडीए-भाजपा का शासन रहा है, उसका सिर्फ एक बड़ा विचार था

(1435/YSH/RCP)

उस विचार का नाम 'नोटबंदी' या 'नोटबदली' था। उस नोटबंदी के लिए जितने उद्देश्य लोगों के समक्ष रखे गए थे, उनमें से एक भी उद्देश्य पूरा नहीं हो सका और दिनांक 24 जनवरी, 2025 तक भारत की अर्थव्यवस्था में जो कैश इन सर्कुलेशन है, वह 35.99 लाख करोड़ रुपये का है। आपको याद होगा कि 16.99 लाख करोड़ रुपये डिमोनेटाइज किए गए थे। लोगों को कतारों में खड़ा किया गया था। कई लोग उन कतारों में खड़े-खड़े मर गए थे और आज आठ साल बाद उसी अर्थव्यवस्था में जो कैश है, वह 35.99 लाख करोड़ रुपये का है। यह इस सरकार की पिछले 10 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है।

अब मैं कॉरपोरेट इनकम टैक्स रिबेट पर आता हूँ। सभापति महोदय, आपको याद होगा, क्योंकि आप पिछली बार भी इसी सदन के सदस्य थे। वर्ष 2019-20 में वित्त मंत्री जी एक के बाद एक कई छोटे-छोटे बजट लेकर आई थीं। उसमें भारत के जो पूंजीपति थे, उनको कॉरपोरेट आयकर में बहुत बड़ी छूट दी गई थी। आयकर की दर घटाकर 22 प्रतिशत और कई कंपनीज़ के लिए 15 प्रतिशत कर दी गई थी। संसद की एस्टिमेट कमेटी का यह अनुमान है कि उस कॉरपोरेट टैक्स रिबेट की वजह से पहले दो वर्षों में भारत के राजस्व का 1.84 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। उससे भी अर्थव्यवस्था का चक्का नहीं घूमा था। उसके पीछे दर्शन-विचार यह था कि पूंजीपतियों को हम टैक्स रिलीफ देंगे, उससे वे निवेश करेंगे और निवेश करने के बाद अर्थव्यवस्था का चक्का घूमेगा, लेकिन वह चक्का नहीं घूमा। भारत की अर्थव्यवस्था में निजी निवेश नहीं हुआ। उसके कारण जो आज की सरकार है, उसको पिछले पांच वर्षों से गवर्नमेंट कैपिटल एक्सपेंडीचर से इस देश की अर्थव्यवस्था को चलाने की कोशिश करनी पड़ रही है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 35 प्रतिशत गवर्नमेंट कैपिटल एक्सपेंडीचर बढ़ाया गया, जो कि 5.54 लाख करोड़ रुपये का था। वर्ष 2023 में फिर से 35 प्रतिशत बढ़ाया गया, जो कि साढ़े सात लाख करोड़ रुपये का था। वर्ष 2024 में फिर से 37.04 प्रतिशत बढ़ाया गया, जो कि 10 लाख करोड़ रुपये का था। वर्ष 2025 में 11.01 प्रतिशत फिर से बढ़ाया गया, जो कि 11.11 लाख करोड़ रुपये का था। वर्ष 2026 में अनुमान है कि इसे 11.21 लाख करोड़ रुपये का किया जाएगा, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि गवर्नमेंट का पिछले वर्ष कैपिटल एक्सपेंडीचर का जो लक्ष्य था, वह सिर्फ 92 प्रतिशत पूरा हो सका, सिर्फ 10.18 लाख करोड़ रुपये लगे।

इसलिए उस समय हर अर्थशास्त्री ने एक ही बात कही थी कि आप पूंजीपतियों को पैसा मत दीजिए, आप भारत की जनता की जेब में पैसा डालिए, लेकिन सरकार के कान के ऊपर जूं नहीं रेंगी और पांच साल तक वह तजुर्बा विफल होने के बाद, पूरी तरह से धराशाही होने के बाद इस बार इन्होंने यह ऐलान किया कि जो आयकरदाता हैं, उनको हम आयकर में रियायत देंगे। 'देर आए, दुरुस्त आए', हमें उम्मीद है कि ये जो आयकर उपभोक्ता हैं, उनको जो रियायत दी गई है और पांच साल से भारत की अर्थव्यवस्था का जो चक्का पूरी तरह से जाम पड़ा हुआ था, वह शायद दोबारा चलना शुरू हो जाए।

(1440/RAJ/PS)

यह इसलिए जरूरी है क्योंकि दूसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था सिर्फ 5.4% से बढ़ी थी और अभी तक तीसरी तिमाही के आंकड़े सार्वजनिक नहीं हुए हैं।

अब मैं कुछ मैक्रो-इकोनॉमिक नम्बर्स के बारे में कहना चाहता हूं। रिवाइज्ड एस्टीमेट्स के अनुसार वर्ष 2024-25 का वित्तीय घाटा 15,59,527 करोड़ रुपए थे। वर्ष 2025-26 के रिवाइज्ड एस्टीमेट्स के अनुसार वित्तीय घाटा 15,68,936 करोड़ रूपए हैं। इसके क्या मायने हैं? जो फिसकल डेफिसिट, वित्तीय घाटा सिर्फ 591 करोड रुपए से कम हुआ है और जब आप इस वित्तीय घाटे को गवर्नमेंट के बौरोइंग्स के संदर्भ में देखते हैं तो वर्ष 2024-25 के रिवाइज्ड एस्टीमेट्स के अनुसार सरकार ने अपना खर्च चलाने के लिए 11,62,678 करोड़ रूपए मार्केट से ऋण उठाया था। वर्ष 2025-26 में सरकार जो ऋण उठाएगी, जिसे अंग्रेजी में गवर्नमेंट मार्केट बौरोइंग्स कहते हैं, वह 11,53,834 करोड़ रूपए होंगे। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि गवर्नमेंट की मार्केट से बौरोइंग्स सिर्फ 8,844 करोड़ रुपए से कम हुई है।

अब एक बुनियादी सवाल उत्पन्न होता है। आपने आयकर दाताओं को आयकर में छूट दे दी, पर अगर सरकार मार्केट से इतना पैसा उठाएगी और खपत बढ़ भी गई, तो पूंजीपति निवेश करने के लिए कहां से पैसा लेकर आएंगे? क्योंकि आपने प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को तो क्राउड इन कर दिया है। अगर मार्केट से सारा पैसा सरकार उठाएगी तो जो निजी निवेशकों के पास पैसा कहां से आएगा? इस सवाल का आज तक सरकार की तरफ से स्पष्टीकरण नहीं आया है।

अब मैं टैक्सेज एवं इनकम के बारे में कहना चाहता हूं। वर्ष 2024-25 के रिवाइज्ड एस्टीमेट्स में यह कहा गया था कि सरकार के पास टैक्सेज और इनकम 12,57,000 करोड रुपए आए हैं, जो वर्ष 2025-26 के बजट एस्टीमेट्स के हिसाब से टैक्सेज और इनकम 14,38,000 करोड रुपए होंगे।

आपने एक लाख करोड़ रुपए की रियायतें दे दी, क्योंकि आपको लगता था कि उससे चुनावी फायदा होगा

सभापति महोदय, अब आप मुझे एक बात बताइए। मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि माननीय वित्त मंत्री जी यहां पर नहीं हैं। जो 1,81,000 करोड रुपए हैं।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) :** यहां पर वित्त राज्य मंत्री जी हैं और वे आपकी बातों को नोट कर रहे हैं।

**श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) :** सभापति महोदय, इस सदन की परंपरा रही है कि जब बजट पर चर्चा होती है, तो माननीय वित्त मंत्री जी सदन में बैठते हैं। मैं जितने साल इस सदन का माननीय सदस्य रहा हूं, मैंने कभी ऐसा नहीं देखा है कि जब बजट पर चर्चा हो रही हो तो वित्त मंत्री सदन में मौजूद न हों।… (व्यवधान) आप दोबारा-दोबारा स्पष्टीकरण मत दीजिए कि वित्त राज्य मंत्री बैठे हैं। मैं भी उनको जानता हूं। मैंने उनको बैठे हुए देखा है। पर यह सदन की परंपरा के बिल्कुल अनुकूल नहीं है।

**माननीय सभापति :** वह राज्य सभा में हैं।

**श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) :** सभापति महोदय, यह गलत है।…(व्यवधान) मैं आगे चलता हूं।…(व्यवधान) आप मुझे एक बात बताइए।…(व्यवधान) निशिकांत जी, आप बैठे रहिए।

**माननीय सभापति :** डॉ. मनसुख मांडविया जी।

… (<u>व्यवधान</u>)

SHRI MANISH TEWARI (CHANDIGARH): Mandaviya ji, I am not yielding. … (*Interruptions*) Please sit down. … (*Interruptions*)

**श्रम और रोजगार मंत्री तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया):** सभापति महोदय…(व्यवधान) माननीय वित्त मंत्री जी राज्य सभा में बैठी हैं और एमओएस यहां बैठे हैं।…(व्यवधान)

SHRI MANISH TEWARI (CHANDIGARH): I am not yielding. … (*Interruptions*) I am not yielding. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Kindly address the Chair.

… (*Interruptions*)

**श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बात पूछना चाहता हूं कि आपने एक लाख करोड़ रुपए की रियायत दे दी।…(व्यवधान) निशिकांत जी, चुप होकर बैठ जाइए।…(व्यवधान)

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): Sir, I have a Point of Order. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** क्या पॉइंट ऑफ ऑर्डर है?

SHRI MANISH TEWARI (CHANDIGARH): I am not yielding. … (*Interruptions*) I am not yielding. … (*Interruptions*)

सभापति महोदय, आप मुझे एक बात बताइए कि 1,81,000 करोड़ रुपए, आपने अनुमानित किया है कि टैक्सेज और इनकम बढ़ेगी, तो वह कहां से आएगा?…(व्यवधान)

सभापति महोदय, आप इधर देखिए, आप उनको बैठाइए।

**माननीय सभापति :** एक मिनट, उन्होंने नियमों के तहत व्यवस्था का प्रश्न मांगा है। मैं अनुमति दे रहा हूं।

आप एक मिनट बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

(1445/SK/SMN)

… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) :** कांस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया में आर्टिकल 75 कहता है कि काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स सभी चीज के लिए जिम्मेदार हैं। अपोजिशन बार-बार माननीय वित्त मंत्री जी पर क्वैश्चन उठा रही है। यह खुद वकील हैं, गलतबयानी कर रहे हैं। इनसे कहिए कि इस तरह की बातें न कहें।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल):** ठीक है, आपकी बात रिकॉर्ड में आ गई है।

… (व्यवधान)

**श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) :** माननीय सभापति जी, हमारे मित्र निशिकान्त दुबे जी इस बात को तो मानेंगे कि मैंने संविधान शायद उनसे थोड़ा ज्यादा पढ़ा है, क्योंकि मैंने परंपरा की बात कही थी, संविधान की बात नहीं कही थी।

मैं आपके समक्ष यह बात रख रहा था कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार कहती है कि उनके पास जो राजस्व आया, टैक्सेस और इनकम 12 लाख 57 हजार करोड़ रुपये आई। उनका अनुमान है कि वर्ष 2025-26 में 14 लाख 38 हजार रुपये आएंगे। आपने 1 लाख करोड़ रुपये की करदाताओं को रियायत दी। मैं आपके माध्यम से सरकार से पूछना चाहता हूं कि 1 लाख 81 हजार करोड़ रुपये कहां से आएंगे? इसका कोई जस्टिफिकेशन नहीं है, इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं है। इसका बजट में कोई अनुमोदन नहीं है कि 1 लाख 81 हजार करोड़ रुपये कहां से आएंगे?

सभापति जी, अब मैं वित्तीय घाटे पर आता हूं। सरकार ने बहुत ही चतुराई और अद्भुत तरीके से इस बार फिस्कल डेफिसिटी, वित्तीय घाटे के मापदंड बदल दिए। एप्सलयूट फिस्कल टार्गेट में डेट टू जीडीपी रेश्यो पर आ गए। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि 31 मार्च, 2014 को भारत सरकार के ऊपर 55,87,149.33 करोड़ रुपये का कर्जा था और 31 मार्च, 2026 को यह कर्जा बढ़कर 196,78,772.62 करोड़ रुपये हो जाएगा। इसका मतलब यह है कि पिछले

दस सालों में इन्होंने 140,91,623.33 करोड़ रुपये का कर्जा भारत के सिर पर लाद दिया है। यह कर्जा कौन चुकता करेगा? You have created an intergenerational debt by putting this burden on the coming generation. They will have to service the debt which is as is being created by this Government. 200 लाख करोड़ रुपये या 196 लाख करोड़ रुपये, कम कर्जा नहीं होता है।

अब मैं कृषि के विषय पर आ जाता हूं। इस सरकार ने कहा कि वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक भारत का कृषि क्षेत्र पांच प्रतिशत की दर से बढ़ी। वर्ष 2022-23 में वृद्धि दर गिरकर 1.4 प्रतिशत हो गई। आप विडंबना देखिए, विरोधाभास देखिए कि मनरेगा का बजट वर्ष 2013-14 में 33 हजार करोड़ रुपये था और वर्ष 2025-26 में 86 हजार करोड़ रुपये हो गया। मनरेगा में वर्ष 2013-14 में 220.22 करोड़ पर्सनडेज़ थे, वर्ष 2023-24 में बढ़कर 300.8 करोड़ पर्सनडेज़ हो गए। मैं आपके माध्यम से सरकार से पूछना चाहता हूं कि अगर भारत का कृषि क्षेत्र पांच प्रतिशत की दर से बढ़ रहा था तो मनरेगा बजट तिगुना कैसे हो गया? मनरेगा की परसेंटेज दोगुनी कैसे हो गई? इसका मतलब है कि भारत के कृषि क्षेत्र में बहुत बड़ा संकट है जिसके कारण लोग मिनिमम वेज, जिसे डीसी रेट कहते हैं, पर काम करने के लिए तैयार हैं। इससे यह साफ जाहिर होता है कि सरकार के आंकड़े सही नहीं हैं।

मैं अपनी पैनल्टीमेट बात कहता हूं, किसी भी अर्थव्यवस्था के पांच मूलभूत आधार होते हैं – बचत, खपत, निवेश, उत्पादन और रोजगार।

(1450/KN/SM)

अब मैं आपको तुलनात्मक आंकड़े देता हूं। जो सेविंग टू जीडीपी रेशियो है, वर्ष 2013-14 में 34 प्रतिशत था, जब ये पॉलिसी पैरालिसिस की बात करते थे कि यूपीए सरकार को लकवा मार गया। वर्ष 2023-24 में कितना है, यह 31 प्रतिशत है। जो प्राइवेट फाइनेंशियल कंजम्प्शन एक्सपैंडिचर है, वर्ष 2011-12 की प्राइसेस में … (व्यवधान) सर, मैं दो-तीन मिनट और लूंगा। वर्ष 2013-14 में यह 60 प्रतिशत था, वर्ष 2024-25 में, जो फर्स्ट एडवांस ऐस्टिमेट्स हैं, वह 56.3 प्रतिशत है। इनवैस्टमेंट टू जीडीपी रेशियो वर्ष 2013-14 में 33.8 प्रतिशत था, वर्ष 2023-24 में गिरकर 29.6 प्रतिशत रह गया है। शेयर ऑफ मैन्युफैक्चरिंग इन जीडीपी, सरकार ने कहा था कि 25 प्रतिशत जीडीपी में उत्पादन का शेयर वर्ष 2022 तक होगा। वर्ष 2023-24 में वह जो शेयर है, वह मात्र 15.8 प्रतिशत है। बेरोजगारी की दर, आप मुझे थोड़ा सा समय दीजिए, क्योंकि आंकड़े जरूरी हैं, वर्ष 2014 में 5.44 प्रतिशत थी और वर्ष 2024 में यह ऑन एन एवरेज 8 या 9 प्रतिशत है।

मैं आखिर में एक बात कहना चाहता हूं कि इस बजट में आम आदमी पूरी तरह से पिस गया। 803 रुपये का गैस का सिलैंडर, 94.70 रुपये लीटर पेट्रोल, 87.67 रुपये डीजल, 165 रुपये का सरसों का तेल, 55 रुपये किलो आटा, 60 रुपये लीटर दूध और रुपया … (व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) :** आप कनक्लूड कीजिए।

**श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) :** जो कहते थे कि प्रधान मंत्री की उम्र से ज्यादा रुपया बढ़ रहा है, जब यूपी की सरकार थी, 26 मई, 2014 को 58.58 रुपये का डॉलर था। 7 फरवरी, 2025 को यह डॉलर 87.47 रुपये है। मैं प्रधान मंत्री जी की उम्र के ऊपर टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं।

**माननीय सभापति :** श्री अनुराग सिंह ठाकुर।

**श्री मनीश तिवारी (चंडीगढ़) :** सभापति महोदय जी, आप मेरी आखिरी बात सुन लीजिए। … (व्यवधान) There was one big idea. मैं अंग्रेजी में बोलता हूं।

There was one big idea in *The Economic Survey* and that one big idea was that the Chief Economic Advisor told the Government that they need to get out of the way of the people. They need to change the manner in which they govern the country. They need to re-engineer it from ‘you are innocent until proven guilty’ rather than what they have been doing in the past 10 years कि आप गुनाहगार हों, जब तक आप अपनी वे गुनाही साबित नहीं कर सकते और वह बड़ा ख्याल इस बजट में बिल्कुल पूरी तरह से कहीं दिखाई नहीं देता है।

(इति)

1453 बजे

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** सभापति महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मुझे बोलने का अवसर दिया। आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि मोदी हैं तो मुमकिन है। यह मुमकिन करके दिखाया, इसका सबसे बड़ा सबूत यह बजट है, क्योंकि यह सिर्फ वार्षिक बजट नहीं, बल्कि यह विकसित भारत का रोडमैप है और संकल्प से सिद्धि तक ले जाने का रास्ता है।

माननीय सभापति जी, जैसे ही हम लोग विकसित भारत की बात करते हैं, तो विपक्ष के पेट में मरोड़ पड़ने शुरू हो जाते हैं। यही नहीं, यह दर्द थोड़ा इससे भी ज्यादा दिखेगा। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** जावेद साहब, आप सुनिये।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** कल ही नतीजे आये हैं और दिल्ली के चुनाव के नतीजों ने बताया कि दिल्ली वालों ने आप-दा मुक्त दिल्ली कर दी है और यह कह दिया कि केवल नारा नहीं है, बल्कि दिल्ली के दिल में मोदी हैं। यह करके दिखाया है। दिल्ली वालों ने आप-दा की लूट की खुली छूट, जो लूट और भ्रष्टाचार चारों ओर फैला था, आज उनको बाहर का रास्ता दिखाया है। दिल्ली में कमल का फूल खिलाया है।

दिल्ली की महान जनता ने 10 साल के कुशासन और प्रदूषण को बाहर का रास्ता दिखाया है। दिल्ली की जनता ने मोदी जी के विकास का मार्ग चुना है।

(1455/VB/RP)

आज मैं यह कह सकता हूँ:

आज अँधेरा छटा है, आपदा का बादल फटा है,
दिल्ली के सौभाग्य का सूर्योदय हुआ है,
क्योंकि दिल्ली में कमल खिला है।

यही नहीं, हमारे बड़े-बुज़ुर्ग कहते हैं कि जब माता लक्ष्मी आपके ललाट पर आपका तिलक करने आए, तो मुँह धोने न चले जाएं, फटाफट अपना तिलक कराएं। इस तरह का अवसर किसी को गँवाना नहीं चाहिए। ऐसा ही अवसर मोदी सरकार ने दिया, जहाँ माँ लक्ष्मी आप सबके द्वार आयी है। 12 लाख रुपए तक कोई इनकम टैक्स नहीं लगेगा। आज तक जो संभव नहीं हुआ, इसीलिए तो कहते हैं कि "मोदी है, तो मुमकिन है।" 12 लाख रुपए तक ज़ीरो टैक्स कर दिया गया है।

मैं विपक्ष के मित्रों से कहना चाहता हूँ, अब तो चेहरे पर थोड़ा मुस्कुराहट लाइए। पूरा देश खुश है। आपको भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा। मैं आगे बताऊँगा कि इंदिरा जी के समय क्या-क्या होता था।

आज भारत के चार ग्रोथ इंजन- एग्रीकल्चर, एमएसएमई, इंवेस्टमेंट और एक्सपोर्ट तय हुए हैं। हमने विकसित भारत के लिए जो लक्ष्य तय किये हैं, उनमें वर्ष 2047 तक शून्य गरीबी होगी। गरीबों को गरीबी से मुक्ति मिलेगी। जहाँ पर 100 परसेंट गुणात्मक शिक्षा दी जाएगी, हर व्यक्ति को

अच्छी स्वास्थ्य की सुविधा सस्ते दाम पर दी जाएगी वहीं पर श्रमिकों का कौशल विकास होगा और उनको उचित रोज़गार के अवसर दिये जाएंगे। विकास की भागीदारी में, महिलाओं का 70 प्रतिशत योगदान इकोनॉमिक एक्टिविटीज में होगा। हमारे किसानों के दम पर भारत दुनिया में फूड बास्केट बनेगा यानी हम भारत को food basket of the world बनाकर दिखाएंगे।

माननीय सभापति जी, हमारा मानना है कि मध्यम वर्ग खुश, तो देश खुश। किसान का सम्मान, तो देश का सम्मान। गरीब का भला, तो देश का भला।

अगर मैंने देश के सम्मान की बात की, गरीब के कल्याण की बात की, मध्यम वर्ग की खुशी की बात की, तो इनको क्यों दर्द हुआ है? आपने 60 वर्षों तक केवल दर्द-दर्द और दर्द ही दिया है और हमने दर्द से मुक्ति दिलाने का काम किया।

मोदी जी ने दी मध्यम वर्ग को राहत, तो विपक्ष को हुआ आहत। इनका दर्द दिखाता है कि न इनको मध्यम वर्ग से मतलब है, न ही गरीब से। इनका तो वही पुराना घिसा-पीटा टेपरिकॉर्ड चल रहा है। इनके पास कुछ नया तो है ही नहीं। नयी सोच नहीं, कुछ नया कहने के लिए नहीं है।

महोदय, इस बार विदेशी चिंगारी न होने का असर साफ दिख रहा है। विपक्ष पर विदेशी चिंगारी न होने का असर साफ दिख रहा है। उधर चिंगारी बुझी और इधर विपक्ष बुझ गया है। आप समझ रहे हैं ना। सुबह में निशिकान्त जी ने थोड़ा बताया भी था। समझदार को तो इशारा ही काफी होता है।

इनके जमाने में इनकम टैक्स का चाबुक चलता था, टैक्स टेररिज्म था। टैक्स का चाबुक चलाने वाले हम से पूछ रहे हैं कि आपने ऐसा बजट क्यों दिया है? राहुल गांधी जी क्या कहते हैं? नेता प्रतिपक्ष कहते हैं, Rahul ji calls it as a band-aid budget. आप लोग तो घाव देते रहे, हम घाव भरते रहे। Let me say, this is not a band-aid budget. This is a booster budget. This is a booster short. जो पैराडाइम शिफ्ट की बात करते हैं, मैं कहना चाहता हूँ कि पैराडाइम शिफ्ट तो आया है, यूपीए के समय स्कैम भारत था। आपके समय टू जी स्कैम, कॉमनवेल्थ गेम्स स्कैम, अंतरिक्ष-देवास स्कैम, कोल स्कैम, अगस्ता वेस्टलैंड स्कैम आदि स्कैम ही स्कैम था। अगर स्कैम भारत से आज सक्षम भारत की ओर कोई लेकर आया है, तो नरेन्द्र मोदी जी लेकर आए हैं।

आज हम 'एस्पिरेशनल इंडिया', 'स्टार्ट अप इंडिया', 'खेलो इंडिया' की बात करते हैं। अभी दयानिधि मारन जी 'खेलो इंडिया' की बात कर रहे थे। उन्होंने अपने राज्य के खेल मंत्री की बात तो की, लेकिन यह नहीं बताया कि मोदी जी ने ही 'खेलो इंडिया' दिया था।

(1500/PC/NKL)

तमिलनाडु में कराने का निर्णय हमने लिया था, उस समय मैं ही खेल मंत्री था। मोदी जी ने निर्णय लिया था। Let me say this to each and everyone that aspirational India will not sit until we make India Viksit. हम 'विकसित भारत' को बनाकर रहेंगे। हमारी एक नहीं, बल्कि अनेक योजनाएं उसी दिशा में हैं। … (व्यवधान) कांग्रेस के समय जो बजट था, वह एक फैमिली के वैलफेयर के लिए था। आज मोदी सरकार का बजट नैशनल वैलफेयर के लिए है। … (व्यवधान) इनके लिए परिवार प्राथमिकता थी, हमारे लिए देश प्राथमिकता है। … (व्यवधान) इसीलिए, आज लगातार हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। … (व्यवधान)

मुझे पता है कि मिडिल क्लास के नाम पर आप लोगों के चेहरों पर दर्द क्यों दिखा। साहब, इनका जो यह दर्द झलका है, इनके लिए मिडिल क्लास वर्ग, टैक्सपेयर, इनकी तिजोरी भरने वाला था। टैक्स तो मिडिल क्लास देता था, घोटालों में कांग्रेसी पैसा खा जाते थे। एक के बाद दूसरा स्कैम करके दिखाते थे। इन लोगों के लिए मिडिल क्लास, इनकी तिजोरी भरने वाला है, मोदी जी के लिए मिडिल क्लास देश के विकास का ग्रोथ पार्टनर है, देश के विकास का भागीदार है। … (व्यवधान) इनके समय टैक्स-टेरिरिज़म था। टैक्स कलेक्शन पर प्रेशर बनाया जाता था, हमारे समय टैक्स में राहत दी जाती है और साथ ही साथ टैक्स कलेक्शन बढ़ाकर भी दिया जाता है। 'वन नेशन, वन टैक्स' जीएसटी लाने का किसी में दम था, तो वह हममें था, प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जीएसटी लेकर आए। … (व्यवधान) आज रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन है। 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए का औसतन हर महीने का टैक्स कलेक्शन है। … (व्यवधान) उसका सबसे बड़ा लाभ राज्यों की सरकारों को मिल रहा है। … (व्यवधान)

यह बजट केवल जीडीपी का आंकड़ा नहीं हैं, या मैं कहूं कि जीडीपी, जिसे आप ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट कहते हैं, वह नहीं है। यह जीडीपी हमारे लिए है – गरीब, देशभक्ति और प्रगति। मिडिल क्लास का पैसा अब कांग्रेस के खाते भरने के लिए नहीं, मिडिल क्लास के अपने खाते में जाएगा, क्योंकि मिडिल क्लास के भाइयों और बहनों, अब आपको 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। … (व्यवधान) आपको टैक्स मुक्त कर दिया जाएगा। … (व्यवधान)

राहुल जी, जीरो चैक कर लीजिए। … (व्यवधान) एक जीरो और भी है। … (व्यवधान)

**श्रीमती सुप्रिया सुले (बारामती) :** क्या यह दिखाना जरूरी है? … (व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** अच्छा सुप्रिया जी, चलो मैं नहीं दिखाता हूं। … (व्यवधान) सुप्रिया जी ने कहा है, इसलिए मैं नहीं दिखाता हूं। … (व्यवधान) यह कांग्रेस की सीटों की बात नहीं हैं। … (व्यवधान) सुप्रिया जी, मैंने छोड़ दिया है। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) :** सुप्रिया जी, वे रिफरेंस दे रहे हैं।

… (व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** सुप्रिया जी, अगर आपको लगता है कि हमने मध्यम वर्ग के लिए 12 लाख रुपए तक जीरो परसेंट टैक्स का प्रावधान किया है। … (व्यवधान) लगता है कि आपको दर्द हुआ है। … (व्यवधान) अगर आपको इससे खुशी नहीं है, तो आपकी खुशी से ज्यादा

हमें देश के करोड़ों मध्यम वर्ग के लोगों के चेहरों पर खुशी दिखती है, क्योंकि यह देश के विकास में बड़ा योगदान देने वाला है। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अनुराग जी, आप उनको मत एड्रेस कीजिए, आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

… (व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** माननीय सभापति जी, यह जीरो चैक करने की बात मैंने राहुल गांधी जी से की है। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपने पुरानी बात का रिफरेंस दिया है।

… (व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** जी हां, मैंने रिफरेंस दिया है। … (व्यवधान)

माननीय सभापति जी, सन् 2014 के लोक सभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने कांग्रेस को कितनी सीटें दीं? … (व्यवधान) जीरो … (व्यवधान) सन् 2015 के विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को कितनी सीटें दीं? … (व्यवधान) जीरो … (व्यवधान) सन् 2019 के लोक सभा चुनाव में कितनी सीटें दीं? … (व्यवधान) जीरो … (व्यवधान) सन् 2020 के विधान सभा चुनाव में कितनी सीटें दीं? … (व्यवधान) जीरो … (व्यवधान) सन् 2024 के लोक सभा चुनाव में कितनी सीटें दीं? … (व्यवधान) जीरो … (व्यवधान) सन् 2025 के विधान सभा चुनाव में कितनी सीटें दीं? … (व्यवधान) जीरो … (व्यवधान) अगर यह जीरो का रिकॉर्ड बनाने का काम किसी ने किया है, तो राहुल जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने किया है। … (व्यवधान) जीरो … (व्यवधान)

**सुश्री महुआ मोइत्रा (कृष्णानगर) :** हम आपको बता दे रहे हैं कि 'अडानी हाय हाय' हम लोग भी करेंगे, आप भी सुनिएगा। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except what Shri Anurag Thakur ji is saying.

*… (Interruptions) … (Not recorded)*

HON. CHAIRPERSON: Kindly address the Chair.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except what Shri Anurag Thakur ji is saying.

*… (Interruptions) … (Not recorded)*

HON. CHAIRPERSON: Kindly address the Chair.

… (*Interruptions*)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** चेयरमैन सर, दिल्ली वालों ने तो कांग्रेस को बड़ा जीरो दे दिया, अब बंगाल में तृणमूल को भी जीरो मिलने वाला है। … (व्यवधान)

सर, मैं मध्यम वर्ग पर टैक्स की बात कर रहा था। 28 फरवरी, 1970, मेरा तो उस समय जन्म भी नहीं हुआ था, मैं जून, 1975 की बात नहीं कर रहा हूं, जब इंदिरा जी ने इमरजेंसी लगाई

थी। … (व्यवधान) मैं 28 फरवरी, 1970 की बात करता हूं, जब इंदिरा गांधी जी ने बड़ी निमर्मता के साथ इस देश के सामने मिडिल क्लास पर टैक्स लगाने की घोषणा की थी। … (व्यवधान)

मैं एक टेप लाया हूं। क्या मैं उसे आपको सुना दूं? … (व्यवधान) इंदिरा जी का थोड़ा सा भाषण सुनाऊं कि उन्होंने क्या कहा था? … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** नहीं, आप उसे जमा कर दीजिए।

… (व्यवधान)

**डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) :** सर, क्या आप अलाऊ करेंगे? … (व्यवधान) क्या आप हमारे लिए अलाऊ करेंगे? … (व्यवधान) आप कैसे इजाजत दे सकते हैं? … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मैं कहां इजाजत दे रहा हूं?

… (व्यवधान)

(1505/CS/VR)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** सर, कांग्रेस चाहती है कि इंदिरा जी की टेप न चले, नियम कहता है कि न चले, लेकिन मैं आंकड़ा जरूर बताना चाहता हूँ कि कैसे इंदिरा जी ने एक ओर तो इमरजेंसी लगाकर काला अध्याय लिख दिया, लेकिन दूसरा 28 फरवरी, 1970 को सरकार के टैक्स स्ट्रक्चर को देख लीजिए, जहाँ पर कमाई करने वाले, जो दिन-रात मेहनत करते थे, उन पर डायरेक्ट टैक्स 97.5 प्रतिशत लगा दिया गया था। उन पर 97.5 परसेंट टैक्स लगा दिया गया था।… (व्यवधान)

सर, मैं सुप्रिया जी से पूछना चाहता हूँ, मैं मनीष तिवारी जी और विपक्ष के अन्य नेताओं से पूछना चाहता हूँ कि उस समय का 97.5 प्रतिशत टैक्स ठीक था या आज नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में जीरो टैक्स ठीक है। उस समय 5 हजार रुपये के बाद इतना टैक्स लग जाता था।… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): Nothing will go on record except what Shri Anurag Singh Thakur ji speaks.

*....(Interruptions)… (Not recorded)*

**माननीय सभापति :** अनुराग जी, आप उधर क्यों देखते हैं? आप इधर देखिए।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** महोदय, मैं आपसे ही कह रहा हूँ।

महोदय, मनीष जी का बहुत दर्द छलका, क्योंकि इनकी आमदनी 12 लाख रुपये से ज्यादा हो सकती है, मैं उस पर टिप्पणी नहीं करूँगा।… (व्यवधान) लेकिन जिन करोड़ों लोगों की 12 लाख रुपये तक की आमदनी है, मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता हूँ कि 12 लाख रुपये तक उनको कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा, जीरो टैक्स है। मैं कांग्रेस के अपने मित्रों को याद करा दूँ कि उस समय 5 हजार रुपये की आमदनी के बाद 97.5 परसेंट टैक्स सरचार्ज लगा-लगाकर कर दिया था। काला धन अगर किसी के कारण इकट्ठा हुआ, भाई निशिकान्त दुबे जी को याद होगा, प्रणव मुखर्जी जी ने जो अपना व्हाइट पेपर दिया था, उस सबमें कहा गया था कि काले धन के पीछे कारण क्या है, तो वे उस समय की कांग्रेस की नीतियाँ थीं, जो काला धन करने के लिए काम करना पड़ता था।… (व्यवधान) यहीं दिया था या नहीं दिया था।… (व्यवधान) यह सब इनके समय हुआ है।… (व्यवधान)

सर, हम तो देश के लोगों से ईमानदारी से टैक्स देने की बात कर रहे हैं।... (व्यवधान) हम देश के टैक्सपेयर का धन्यवाद करते हैं कि वे ईमानदारी से टैक्स दे रहे हैं तो आज जाकर जनता को पक्का मकान भी मिल रहा है, शौचालय भी मिल रहा है, पानी भी मिल रहा है, अनाज भी मिल रहा है। यह सब मिल रहा है, क्योंकि एक ईमानदार सरकार नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही है।... (व्यवधान) ये मिडिल क्लास के खाते में सेंधमारी करते थे।... (व्यवधान)

सर, लीडर ऑफ अपोजिशन हैं नहीं, शायद वे अलोपित हो गए हैं। मैं इस पर नहीं कहूँगा।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** जावेद साहब, आप बैठे-बैठे टिप्पणी मत कीजिए।

... (व्यवधान)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** सर, मुझे एक-दो बातें जरूर यहाँ पर कहनी हैं। मैंने मध्यम वर्ग की बात की, लेकिन अब मैं गरीब की बात जरूर करूँगा।

सर, एक राजनीतिक दल ऐसा है, जिनके पहले प्रधानमंत्री से लेकर मोदी जी के पहले के प्रधानमंत्री तक यानी कि नेहरू जी से लेकर मनमोहन सिंह जी तक, इन सब लोगों ने गरीबी हटाओ, गरीबी हटाओ का नारा लगाया, गरीबों को छलने का काम किया और गरीबों के लिए गड्ढे खोदने का काम किया। एक गरीब माँ के बेटे नरेन्द्र मोदी जी ने मात्र 10 वर्षों में वह कर दिखाया, जो आप 60 साल में नहीं कर पाए। 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान बनाकर दे दिए और 3 करोड़ पक्के मकान और मंजूर कर दिए। इनके किसी सांसद की सदस्यता जाने पर जब मकान खाली करने को कहा जाता है तो इनका दर्द तब झलकता है कि मकान खाली करवा दिया, मकान नहीं है। आप सोचो 70 साल तक वे लोग कैसे थे, उन्हें अपने मकान को छोड़ना पड़ता था और मोदी जी ने तो 25 करोड़ गरीबों को मल्टिडाइमेंशनल पावर्टी लाइन से बाहर निकाला है। यह अपने आपमें एक शानदार काम है और दुनिया कहती है कि क्या शानदार काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।... (व्यवधान) But the people who have a habit to go overseas and speak in universities like Oxford and Cambridge, say that poverty is a state of mind.

(1510/IND/SNT)

इससे इनकी सोच दिखती है कि क्या है। हमने विदेशी मानसिकता नहीं रखी, हमने अपने देसी तरीके से काम किया। जहां हमने एक ओर करोड़ों गरीबों को पक्का मकान बनाकर दिया और संकल्प लिया कि वर्ष 2047 से पहले भारत को गरीबी मुक्त करेंगे और जीरो पावर्टी 2047 तक करके दिखाएंगे, लेकिन कुछ लोगों को इससे दिक्कत है। वे अमेठी, रायबरेली जाते हैं। उन्हें वहां झोपड़ियां चाहिए थीं। सड़कों पर लेटे हुए गरीब चाहिए थे। फोटो सैशन के लिए झोपड़ी होनी चाहिए थी। वर्षों तक झोपड़ियां वहां थीं। कलावती चाहिए थी। पिछली बार जब साउथ से वापस नार्थ में आए, तो पूछ रहे थे कि कोई झोपड़ी नहीं है, फोटो सैशन कहां कराएंगे? वहां के लोगों ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने पिछले दस सालों में यहां के लाखों गरीबों के लिए पक्का मकान बनाकर दे दिया। अब उन्हें समृद्धि और स्वाभिमान के साथ जीना सीखा दिया है और गरीबी रेखा के पार ले जाने का काम

नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया। मैं तो इतना ही कहूंगा कि आपने लोगों को गरीबी और गुरबत में रखा।

महोदय, मैं इतना ही कहूंगा कि विपक्ष की बातों में सच का अभाव है, क्योंकि झूठ बोलना तो इनका स्वभाव है। मैं आंकड़े देकर अपनी बात सदन के सामने रखना चाहता हूं। देश में वर्ष 2014 में केवल 16 आईआईटीज थे, जो आज के समय में 23 हो गए हैं। देश में 13 आईआईएम थे, आज बढ़कर 21 हो गए हैं। देश में 9 ट्रिप्पल आईआईटीज थीं, अब इनकी संख्या 25 है। 7 एम्स थे, अब 24 हैं। 308 मेडिकल कालेज थे, अब 760 हैं। 740 यूनिवर्सिटीज थीं, अब 1200 हैं। 74 एयरपोर्ट्स थे, अब 160 हैं। 91287 किलोमीटर नेशनल हाईवे था, जो आज 1,50,000 किलोमीटर से ज्यादा हो गया है। ग्रामीण सड़कें 3,23,000 किलोमीटर थीं, आज 7,60,000 किलोमीटर हो गई हैं। 248 किलोमीटर मेट्रो थी, आज एक हजार किलोमीटर बनने के बाद दुनिया की सबसे बड़ी दूसरी मेट्रो बन गई। हमारी बिजली का उत्पादन 247 गीगावाट से बढ़कर 447 गीगावाट हो गया। यही नहीं, हमारा देश 10वें नम्बर की अर्थव्यवस्था था, आज दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अगले तीन सालों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। जो कहते थे कि बजट कहां बढ़ा है, उन्हें बताना चाहता हूं कि डिफेंस का बजट वर्ष 2014 में 2,03,499 करोड़ रुपये था, जो रिकार्ड बढ़कर 6,81,210 करोड़ रुपया हो गया। यही नहीं सड़कें बनाने का रोड ट्रांसपोर्ट का बजट इनके समय 25,476 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 2,87,000 करोड़ रुपये हो गया। रेलवे का बजट 27 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2,55,000 करोड़ रुपये कर दिया। होम अफेयर्स का बजट 53,371 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,33,211 करोड़ रुपये हो गया। यही नहीं एग्रीकल्चर का बजट 17,395 करोड़ रुपये से बढ़कर किसानों के लिए 1,37,757 करोड़ रुपये हो गया। शिक्षा का बजट भी 71 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1,28,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया और अच्छे स्वास्थ्य की सुविधाएं 27 हजार करोड़ रुपये से बढ़ा कर लगभग 99,900 करोड़ रुपये हो गया है। अनुप्रिया जी एमओएस, हैल्थ यहां बैठी हैं।

महोदय, जहां हमने गरीबों के उत्थान के लिए काम किया है, वहीं न्यूक्लियर एनर्जी मिशन के लिए वर्ष 2047 तक सौ गीगावाट हमारी केपेसिटी हो। इसे प्राप्त करने के लिए स्माल माड्यूलर रिएक्टर के निर्माण के लिए बीस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है और वर्ष 2033 तक हमारे पांच इंडिजिनस स्माल माड्यूलर रिएक्टर तैयार हो जाएंगे। यही नहीं, विपक्ष के कुछ नेताओं ने, विशेष कर राहुल गांधी जी ने कहा कि उन्हें कुछ दिखता नहीं है। उन्हें न तो युवा दिखते हैं और न ही युवाओं की उद्यमिता दिखती है। ये लोग आइवरी टॉवर में रहते हैं। जहां खड़े हैं, वहीं के वहीं खड़े हैं। इनकी अपनी अलग दुनिया है। यह ठहरे हुए पानी की तरह हैं, जिन्हें सड़ना मंजूर है लेकिन प्रवाहित होना मंजूर नहीं है। हमने मोदी जी के नेतृत्व के आंकड़े बताए कि वर्ष 2014 में भारत कहां था और आज वर्ष 2025 में भारत कहां है। यही नहीं हमारे युवाओं के पास नए आइडियाज हैं। इनोवेशन है, रेजोलूशन है, सोल्यूशन है लेकिन मैं एक सवाल इनसे पूछता हूं कि वर्ष 2014 से पहले स्टार्ट-अप कहां था? मोदी जी को युवाओं पर विश्वास था, इसलिए स्टार्ट-अप्स लेकर आए। आज कांग्रेस के सांसदों के इतने आंकड़े नहीं हैं, उससे ज्यादा भारत के यूनीकार्न का आंकड़ा 117 का है

लेकिन कांग्रेस तो एक ही को स्टार्ट-अप करने में लगी रही। कितनी बार लांच किया, लेकिन ऐसा स्टार्ट-अप था कि वह लांच ही नहीं हो पाया। वह बार-बार फेल हो गया।

(1515/RV/AK)

महोदय, डेढ़ लाख से ज्यादा स्टार्ट-अप्स बन गए। फर्स्ट-टाइम ऑन्त्रप्रेन्योर्स की कैटेगरी के लिए पाँच लाख महिलाओं को, एस.सी., एस.टी. को अब दो करोड़ रुपये तक के टर्म लोन देने का काम मोदी सरकार करेगी। यह एक बहुत बड़ा कदम है।

इससे पहले, चाहे मुद्रा योजना हो, स्वनिधि योजना हो या इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम हो, इन सबके माध्यम से बैंकों ने शानदार काम किया।

यूपीए के समय में 'पॉलिसी पैरालिसिस' तो थी ही, साथ ही 'फोन बैंकिंग' भी थी, क्योंकि मनीष जी ने अभी 'पॉलिसी पैरालिसिस' के बारे में कहा। यह इनके समय था, 'फोन बैंकिंग' भी थी। उस समय 12 में से 11 बैंक घाटे में थे, पीसीए फ्रेमवर्क में थे। हम '4 R' लेकर आए और हमने बैंकों में सुधार किया। आज 12 के 12 बैंक मुनाफे में है। अकेला एसबीआई 66,000 करोड़ रुपये का मुनाफा कमा रहा है।

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): Please conclude now.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** सर, मैं चार-पाँच मिनट में अपनी बात खत्म कर दूंगा।

Today, if we have to say, then we can say that the Congress is anti-business, anti-entrepreneur, and anti-youth Party.

सर, मैं आपके सामने सदन के सामने एक बात रखना चाहता हूं। ए.आई. की बात की गयी। ए.आई. केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात नहीं है, मोदी जी ने कहा कि हम तो 'एस्पिरेशनल इंडिया' को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ जोड़ कर देख रहे हैं, लेकिन ए.आई. एक 'एंटी इंडिया' सोच के लिए भी है। वे लोग, जो सेंसेक्स के गिरने पर सेलिब्रेट करते हैं, झूमते हैं, जो फाइनैंशियल इंस्टीट्यूशंस को डैमेज करने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं, जो भारत को नुकसान पहुंचाने की बार-बार कोशिश करते हैं, जो भारत को बदनाम करने का प्रयास करते हैं, क्या आपको लगता है कि देश के लोग कभी उनके साथ खड़े होंगे? यह 'एंटी इंडिया' वाले जो ए.आई. है, इनके साथ कभी कोई खड़ा नहीं होगा।

सर, एक गठबंधन भी बना था। यह कहा जाता है कि सात फेरे लेने हों और अगर उसमें सत्यता, समर्पण और प्रेम न हो तो वह सात जन्म का साथ साथ-साथ भी नहीं चलता, सात महीने भी नहीं चलता और यही 'इंडी' गठबंधन के साथ हुआ। आज वह तार-तार होता नज़र आ रहा है। आज छोटे-छोटे दल भी कांग्रेस को कहते हैं कि इनका नेतृत्व हमें नहीं चाहिए।

सर, यही नहीं, नेता, प्रतिपक्ष के लिए मैंने पहले भी कहा था कि नेता, प्रतिपक्ष का पद जिम्मेदारी और ईमानदारी का होता है, लेकिन इनसे जिम्मेदारी और ईमानदारी की उम्मीद करना वैसा ही है, जैसे किसी बिल्ली को दूध की रखवाली करने को बोल दिया जाए।

सर, हम सेमी कंडक्टर्स को लेकर आए, बड़ी-बड़ी हजारों करोड़ रुपये के इंवेस्टमेंट्स आए, 'एस्पिरेशनल इंडिया' के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी आगे लेकर आएंगे। आर्टिफिशियल

इंटेलिजेंस का इस्तेमाल मोदी जी भारत के सशक्तीकरण के लिए करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष के एक नेता इसको विभक्तिकरण के लिए करना चाहते हैं, क्योंकि वे ए.आई. का उपयोग कास्ट सेन्सस के लिए करना चाहते हैं, जो आज भी जात-पात से बाहर नहीं आना चाहते हैं।

बहुत सारे नेता कभी नेहरू जी की बात करते हैं, मैं देश के प्रधानमंत्री जी का सम्मान करता हूं। इस बार उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की भी बात की। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को आदत होती है, इक्कीसवीं सदी बात करने की बार-बार कोशिश की, उन्होंने एक कार्टून का भी जिक्र किया। मैं प्रधानमंत्री जी का सम्मान करता हूं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री से यह अपेक्षा नहीं रखता कि 35 साल पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी, जिन्होंने इस देश के लिए जान दी हो, उनके बारे में इस तरह का मजाक बनाया जाए, यह परंपरा अच्छी नहीं है।

आपको आज की बात करनी चाहिए, यूपीए सरकार की बात करो। आप डॉक्टर मनमोहन सिंह जी की बात करो। यहां बार-बार खाद के दाम भी गिनाए गए, स्टील के दाम भी गिनाए गए। मैं बताना चाहता हूं, जब डॉक्टर मनमोहन सिंह जी की सरकार थी, यूपीए-II के अंदर डीएपी खाद का एक बैग 450 रुपये का मिला करता था, आज 1400 रुपये में मिलता है। स्टील 2800 रुपये में मिला करता था, आज 7000 रुपये मिलता है। डीजल 51 रुपये लीटर होता था, आज 90 रुपये लीटर है, डॉलर 54 होता था लेकिन आज 87 रुपये है। कितने लोगों ने सिलेंडर गैस दोबारा रिफील कराया, गैस सिलेंडर 300 रुपये का हुआ करता था, आज 1100 रुपये का गैस सिलेंडर है, मस्टर्ड ऑयल 70 रुपये लीटर हुआ करता था। आज गरीब व्यक्ति अपनी बेटी की शादी पर दस ग्राम सोना नहीं दे सकता। मनमोहन सिंह जी के समय में 22 हजार रुपये गोल्ड हुआ करता था, आज 81 हजार रुपये गोल्ड है। आप कहते हैं कि जीडीपी की ग्रोथ साढ़े छह परसेंट है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि मैं तो किसान हूं।

(1710/KDS/SNT)

उन्होंने कहा कि एक प्रति एकड़ को 30 हजार रुपये का फायदा हुआ है। हमें तो फायदा कहीं नजर नहीं आया कि प्रति एकड़ किसान की आमदनी में 30 हजार रुपये का फायदा हुआ है। यदि किसी भी किसान का बच्चा ऐसा बताएगा, तो मैं संसद छोड़कर जा सकता हूं। किसान ने क्या मांगा था? … (व्यवधान) निशिकांत जी, एक मिनट, किसके लिए संघर्ष कर रहा है। किसान बॉर्डर पर बैठा है। डेढ़-दो सालों से बॉर्डर पर बैठा किसान एक मांग कर रहा है। किसान ने कहा कि मुझे एमएसपी चाहिए। किसान भूख हड़ताल पर बैठा रहा। आमरण पर हमारे डल्लेवाल साहब बैठे रहे। एक लड़का शुभकरण, जिसको हरियाणा बॉर्डर क्रॉस नहीं करने दिया गया, गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी गई और जीरो एफआईआर लॉज हुई। क्या किसान का बेटा मरे, तो जीरो एफआईआर लॉज हो? ऐसा व्यवहार आपने किसानों के साथ किया। आपने कहा था कि हम किसान की आय दोगुनी कर देंगे। उसकी आय दुगुनी नहीं हुई। आप किसान निधि योजना लेकर आए। मैं आपको पंजाब की बात बताना चाहता हूं। आप किसान निधि योजना पर छाती थपथपाते हैं और कहते हैं कि हमने किसान के भविष्य में परिवर्तन किया है, लेकिन हुआ क्या? वर्ष 2019 में साढ़े 23 लाख लोगों को किसान निधि योजना से पंजाब में फायदा हुआ। फिर लोगों ने धरना दिया। किसान बॉर्डर पर आए। वर्ष 2023 में जब किसान बॉर्डर पर आया, तो आपने 14 लाख किसानों के खाते किसान निधि योजना से उड़ा दिए। कहा गया कि इनके डॉक्यूमेंट्स पूरे नहीं हैं। यदि ऐसा था, तो आपने पहले 23 लाख लोगों को किसान निधि योजना से लाभ कैसे पहुंचाया? आज पंजाब में मात्र साढ़े 8 लाख लोगों को किसान निधि योजना से फायदा हो रहा है।

महोदय, नई स्कीम में इन्होंने कहा कि हम 100 जिलों में पैदावार के लिए मदद करेंगे, लेकिन किसान की मांग तो एमएसपी की है। इसके लिए वह मर रहा है, लेकिन इस पर आपने कोई विचार नहीं किया। अगर गरीब की बात करें, तो आंकड़े पता नहीं क्या-क्या कहते हैं? कुंभ में यदि 300 लोग मर जाएं, तो आप कहते हैं कि 30 मरे। कोरोना में 2 लाख लोग मर जाएं, तो आप कहते हैं कि 20 हजार मरे। नीति आयोग कहता है कि इस देश में केवल 5 परसेंट गरीब लोग हैं। यह आपकी रिपोर्ट है, मेरी नहीं है। आप गलत आंकड़े सच करते हैं। गलत आंकड़े पेश करते हैं। दूसरी तरफ आप ही कहते हैं कि हम 80 करोड़ लोगों को पीडीएस के तहत मुफ्त कनक देते हैं। यदि 80 करोड़ लोगों को आप अनाज देते हैं, तो 5 किलो अनाज के लिए राशन के डिपो के बाहर खड़ा वह व्यक्ति गरीब है, इसलिए आपका 5 किलो अनाज लेता है। ये हालात इस देश के हैं। यह इस देश का सच है।

महोदय, अगर मनरेगा की बात करें, तो आज मनरेगा के वर्कर्स की क्या हालत है? केवल एक साल में 19 रुपये दिहाड़ी बढ़ाने का काम किया। मनरेगा वर्ष 2006 से चल रही है। आज 20 साल हो गए, हरियाणा सबसे ज्यादा दिहाड़ी देता है। मिनिमम वेजेज 374 रुपये हैं। आज एक दिहाड़ी को 100 दिन का नहीं, केवल 45 दिन का रोजगार मिलता है, जो एवरेज कैलेंडर बताता है। केवल 374 रुपये, अगर आप गरीब की आमदनी दुगुनी नहीं कर सके, तो फिर आप किस जीडीपी की बात करते हैं, आप किस विकसित देश की बात करते हैं? आप लोगों को धोखा दे रहे हैं। मनरेगा वर्करों में यदि किसी की बेटी की शादी हो, तो वह गांव में मांगने जाता है। वह कहता है कि मेरे लिए दाल का इंतजाम कर दो। वह कहता है कि चावल चाहिए, दाल चाहिए और एक मिठाई का इंतजाम कर दो, जिससे मैं अपनी बेटी की शादी कर लूंगा। मनरेगा वर्कर्स के इस प्रकार के हालात हैं।

चेयरमैन सर, दूसरी तरफ अंबानी के लड़के की शादी होती है। तमाम नाचने-गाने वाले जाते हैं। देश के बड़े-बड़े लोग, प्रदेश के बड़े-बड़े लोग जाते हैं। केवल राहुल गांधी जी, जो अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जो उनके यहां शादी में नहीं गए। प्रधान मंत्री जी भी जाते हैं। मुझे इस बात का दुख नहीं है, लेकिन कभी-कभी टीवी व सोशल मीडिया पर दिखाया जाता है कि अंबानी के बेटे के कुत्ते, जा चार करोड़ की गाड़ी पर आते हैं, लेकिन गरीबी के हालात में मनरेगा वर्कर अपनी बेटी की शादी नहीं कर पाता है।

(1715/MK/AK)

इस प्रकार की गरीबों के हालात हैं। मेरी गुजारिश है कि मनरेगा के लिए 200 दिन कर दिया जाए। मेरी गुजारिश है कि मनरेगा की दिहाड़ी बढ़ाकर 600 रुपये कर दी जाए। मुझे एक मिनट दे दीजिए … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): Please conclude now.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Some more Members are there to speak from your Party.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Time is not there. Please conclude.

… (*Interruptions*)

**श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग (लुधियाना) :** सर, ये मेरी आदरणीय वित्त मंत्री जी से गुजारिश है।

सर, मैं एमएसएमई की हालात बताना चाहता हूं। मैं लुधियाना से आता हूं। वहां तकरीबन डेढ़ लाख एमएसएमईज हैं। वे आज बंद होने की कगार पर हैं। वहां पर साइकिल इंडस्ट्री है, सिलाई मशीन इंडस्ट्री है, आप क्या कह रहे हैं? सरकार ने मन बनाया है और अपने मित्रों को फायदा देने के लिए कहा है हम 25 परसेंट स्टील सरचार्ज लगाएंगे।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now. There is a list of 10 more Members to speak from your Party.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Should I accommodate them or not?

… (*Interruptions*)

**श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग (लुधियाना) :** सर, प्लीज मुझे दो मिनट दे दीजिए। अगर सरकार उद्योगपतियों को फायदा देने के लिए 25 स्टील सेफगार्ड इम्पोर्ट ड्यूटी लगाएगी तो हमारी इंडस्ट्री मर जाएगी। एमएसएमई खत्म हो जाएंगे। मेरी आपसे गुजारिश है कि नई टेक्नोलॉजी के लिए सरकार उनकी सहायता करे।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

… (*Interruptions*)

**श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग (लुधियाना) :** सर, बार-बार अमृतकाल-अमृतकाल कहा जाता है। कहा जाता है कि अमृतकाल का समय है, मिडिल क्लास को फायदा हुआ है। मैं मिडिल क्लास की कहानी नहीं बताऊंगा। आप इंडिया टुडे पढ़िए। तगड़ी मार से हल्कान मिडिल क्लास की यह कहानी है। अमृतकाल है, निशिकान्त दुबे साहब, अमृतकाल में इस देश के साढ़ आठ लाख लोगों ने अपनी सिटीजनशिप छोड़ी है। अगर इस देश के अंदर अमृतकाल होता तो लोग देश छोड़कर नहीं जाते। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now. Otherwise, I will be compelled to call the name of the next speaker.

… (*Interruptions*)

**श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग (लुधियाना) :** सर, एफडीआई, अगर 16 साल में पहली बार सबसे कम निवेश हुआ तो अमृतकाल में हुआ है… (व्यवधान) मुझे आधा मिनट दे दीजिए। पिछले दस साल की स्कीमें, जिनके बारे में राहुल जी ने कहा है। आप मेक-इन-इंडिया की बात करते हैं, आप 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', पीएम उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत, जल जीवन मिशन, स्किल इंडिया, हर साल 2 करोड़ नौकरी, स्मार्ट सिटी मिशन की बात करते हैं, इन्होंने दो लाख करोड़ रुपये स्मार्ट सिटी मिशन के लिए दिया है। … (व्यवधान) मैं लास्ट में लुधियाना की बात करना चाहता हूं।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now. I am calling the name of the next speaker.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now. There are 10 more Members to speak from your Party. You have only 20 minutes.

… (*Interruptions*)

**श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग (लुधियाना) :** सर, लुधियाना को स्मार्ट सिटी में शामिल किया गया था। … (व्यवधान) लेकिन, लुधियाना में 75 लाख लोगों के बीच एक सर्वे हुआ। एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया गया। उस विजन डॉक्यूमेंट में लोगों ने कहा कि प्रदूषण की समस्या है, ट्रैफिक की समस्या है। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please conclude in half-a-minute.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: There are 10 more Members to speak from your Party.

… (*Interruptions*)

**श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग (लुधियाना) :** सर, राज्य सभा में एक रिपोर्ट पेश हुई है कि देश के 10 शहरों में लुधियाना अभी भी अधिक प्रदूषित शहर है। मैं अब खत्म करने जा रहा हूं। इस बजट में पंजाब के लिए कुछ नहीं दिया गया है। यह बजट पंजाब विरोधी बजट है। … (व्यवधान)

मैं कहना चाहता हूं कि वर्ष 2027 में चुनाव होंगे। … (व्यवधान)

(ends)

(1720/SJN/UB)

1720 बजे

**श्रीमती अपराजिता सारंगी (भुवनेश्वर) :** आदरणीय सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देती हूं और आपके प्रति आभार व्यक्त करती हूं, क्योंकि आपने मुझे बजट 2025-26 पर बोलने का अवसर दिया है। हिन्दी की एक कविता है, मैं उसकी कुछ पंक्तियों के साथ अपने वक्तव्य की शुरुआत करना चाहती हूं –

" अपने मन में एक लक्ष्य लिए, मंजिल अपनी प्रत्यक्ष लिए,
हम तोड़ रहे हैं जंजीरें, हम बदल रहे हैं तस्वीरें,
जिद है एक सूर्य उगना है, एक नया भारत बनाना है।"

हम सब विकसित भारत के विशाल लक्ष्य को लेकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आगे बढ़ते जा रहे हैं। मैं निश्चित तौर पर कहना चाहूंगी कि इस यात्रा में यह जो आर्थिक वर्ष 2025-26 का बजट आया है, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। मैं आप सबको निश्चित तौर पर कहूंगी कि यह बजट 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का बजट है। जैसा कि प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि यह जनता जनार्दन का बजट है।

My esteemed colleagues, you will agree with me when I say that budgets that are capable of pleasing everybody are very rare. It does not seem possible to cut taxes, to reduce debt and deficit and, at the same time, increase investment in growth promotion sectors and in the enhancement of infrastructure. This budget of ours, the Budget of 2025-2026 of the Government of India, presented by Madam Nirmala Sitharaman on 1st February, 2025, in this Lok Sabha, does all this and that is why it is rare by nature.

Mr. Chairperson, Sir, please allow me to quote Martin Luther King Jr., the civil rights leader. He had said:

"The ultimate measure of a man is not where he stands in the moment of comfort. The ultimate measure of a man is where he stands during the time of adversity, challenge and controversy."

And I must tell you, that is to the credit of our hon. Prime Minister, Narendra Modi ji and Madam Nirmala Sitharaman ji, that they handled the economy of India with great deftness during difficult times, during COVID times, during the current geopolitical conflicts in different parts of the world and in an atmosphere of increased protectionism by different countries. I say with all pride and I say with all conviction at my command that the efforts of these two leaders

of our country have ensured that we are the fastest growing among the major economies and we are well on our way to becoming a five-trillion economy in the world.

Madam Nirmala Sitharaman, in her Budget on 1st February, said a few words. I would request everyone to recall that. She said, “Our Government is committed to keeping an ear to the ground and finger on the pulse while balancing nation building efforts”. This budget is definitely a very pragmatic budget. It reflects the practical approach of the Government and that is why it is extraordinary and it is rare.

My dear friends, I come from Odisha and, at the outset, again, I must thank both the leaders, hon. Prime Minister, Narendra Modi ji and the Finance Minister, Madam Nirmala Sitharaman, for the huge outlay in railway infrastructure. With a double engine Government in Odisha, we have seen a lot of activities in the railway sector in terms of more number of trains, in terms of more number of routes and in terms of renovation of more number of railway stations.

Now, I also would like to mention here that there has been a boost in the Tribal Affairs Ministry's budget by around Rs. 15,000 crore. It is about Rs. 45,000 crore more and I am sure this increase will translate into a lot of tribal welfare programs in States like Odisha.

(1725/GM/SPS)

Sir, to my mind, this particular Budget with an estimated expenditure of around Rs.50,65,345 crore will be focusing on six major sectors. One, urban and rural growth; two, investment; three, exports; four, middle-class relief; five, innovation and technology; and six, infrastructure. बंधुगण, मैं आप सबको बताना चाहूंगी कि यह बजट आंकड़ों और गणनाओं का बजट नहीं है, यह एक दृष्टिकोण है, यह एक विज़न है। हम जानते हैं और आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार जानती है तथा इस बात को समझती है कि अगर हमारे समाज, हमारे देश को सुदृढ़ बनाना है, सशक्त बनाना है तो मध्यम वर्ग को सुदृढ़ और सशक्त बनाना होगा। That is why, Prime Minister Modi’s Government has put in around Rs.1,00,000 crore into the pockets of the middle-class citizens and it is admirable. I can tell you that this has been done by making the income up to Rs. 12,75,000 – I include the standard deduction – completely tax free. This saving on account of removal of this tax will definitely go towards more expenditure on

education and healthcare and, of course, there would be increased consumption spending.

My dear friends, I would request you to go back to 2005. In 2005, the income-tax exemption limit was Rs.1,00,000. It took the then Prime Minister Dr. Manmohan Singh's Government seven years to actually double it to Rs.2,00,000 in 2012. Please imagine about 10 years back, if your income had been Rs.12 lakh per annum, you would have to pay Rs.2,60,000 as income-tax. Now I can say with all conviction at my command that the middle-class of the country is heaving a sigh of relief thanks to hon. Prime Minister and Shrimati Nirmala Sitharaman.

Some of the other aspects of the Budget are noteworthy. I just have to mention those. All of us have heard Shrimati Nirmala Sitharaman, but I think at the cost of being repetitive, I would like to list out some of those. First, the Jal Jeevan Mission, under which about 12 crore tap connections have already been provided, has been extended to 2028, and Rs.67,000 crore have been earmarked in the Budget for the Jal Jeevan Mission. Second, the Budget announced PM Dhan-Dhanya Krishi Yojana and this is extremely good for our *annadata*. I must tell you that this particular scheme in partnership with the States and 100 districts will lead to increased productivity, improve irrigation facility, and will make available short-term and long-term credit very easily for our farmer friends.

More focus on fruits and vegetables, and pulses, are the other highlights of the Budget which we must accept. The Government will set up an Urban Challenge Fund for Rs.1,00,000 crore and that would be going a long way in the implementation of proposals for city growth hubs. Who had thought of gig workers in the country? Our Prime Minister did, and I am extremely proud of the fact that he did. He talked of the gig workers of the online platforms. They would actually be covered under the Pradhan Mantri Jan Aarogya Yojana and they will also be given identity cards. A centre of excellence for artificial intelligence would be set up. Rs.500 crore have been earmarked for artificial intelligence, and all of us wait and watch. A lot of things could be done in this sector.

My dear friends, the Budget has also announced the creation of the National Manufacturing Mission and the National Exports Mission. To my mind, these two initiatives of the current Prime Minister Modi's Government are

extremely important because they would be leading to manufacturing competitiveness, which is critical to the growth of GDP in the country, and there would be global competitiveness of our products which is good for all of us.

(1730/SRG/MM)

I am delighted to inform all of you that in these past 10 years, hon. Prime Minister has been focusing on increasing export of goods from the country, and we have almost touched USD 800 billion per annum worth of exports and the time is not far, Mr. Chairman, Sir, when we would be touching USD 1 trillion worth of exports in the country. Carefully planned focus on a couple of sectors, leather and toy sectors, agriculture and marine sectors, textile and handicraft sectors and MSME will lead to more jobs, more exports and industrial growth.

Sir, we all know that the total Budget of India at this moment, Rs. 50,65,345 crore in terms of percentage of the GDP is less than 20 per cent. I admit it, but I say with all conviction at my command that a budget of a country is not just some figures on a page. The budget of a country reflects the intention of the Government and the kind of direction which the Government wants the country to take. So, this Budget is definitely an expression of the great intention of Prime Minister Modi's idea of having a *Viksit Bharat*. It is not a mean achievement. My dear friends, cutting across party lines, all my friends, my colleagues in the Lok Sabha, we need to appreciate that during the COVID-19 times, the fiscal deficit of the country was 9.2 per cent of the GDP, and it has been brought down to an estimated 4.4 per cent of the GDP in this Financial Year 2025-26 Budget. So, a growth of 7 per cent and above is not a mean achievement.

Sir, I talked of all the problems that are going on in this world, geopolitical conflicts that I talked of; I talked of the protectionism approach of many of the countries in which we have to perform, I talked of the COVID-19 issues. A growth of 7 per cent and above, I must say, has led to two things which we must appreciate and acknowledge whether we like it or not. One, we have become the fastest growing economy among the major economies. Number two, of course, this is an example of fiscal prudence. We have been able to handle our financial aspect extremely well.

So, with these words, I lend my full support to the Budget which was presented by Madam Nirmala Sitharaman on 1st February 2025.

Thank you very much. Jai Jagannath!

(ends)

1733 बजे

**श्री अमरा राम (सीकर) :** माननीय सभापति महोदय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से मैं बजट 2025-26 पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। बजट का जहां तक सवाल है तो इस देश का किसान, गरीब, नौजवान और आम जनता जिन समस्याओं से त्रस्त थी, उन सब से एक कदम भी आगे ले जाने के लिए यह बजट नहीं है। सरकार ने कहा था कि किसानों की आमदनी दोगुनी हो जाएगी, लेकिन आमदनी तो दोगुनी नहीं हुई लेकिन लागत कई गुना जरूर हो गयी है। 50 रुपये प्रति लीटर वाला डीजल 95 रुपये पर प्रति लीटर पर मिल रहा है। 400 रुपये वाली डीएपी 1400 रुपये पर मिल रही है। एक-एक लाख रुपये प्रति किलो के हिसाब से बीज खरीदकर किसान लगाता है और उसकी पूरी फसल नष्ट हो जाती है। जब तक देश के 80 प्रतिशत गांव के लोग खुशहाल नहीं होंगे तब तक देश खुशहाल नहीं हो सकता है। अंबानी और अडाणी के खुशहाल होने से, अमीर होने से देश में अमृतकाल नहीं आएगा। इस देश की 80 प्रतिशत जनता के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की यह सरकार पिछले दस साल से बजट ला रही है। उसका नतीजा है कि देश में आर्थिक असमानता पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा बढ़ाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। आज दुनिया में सबसे ज्यादा आर्थिक असमानता हमारे यहां है।

(1735/YSH/RCP)

आज यह उसी रास्ते पर आगे बढ़ रही है। आज गांव का सबसे गरीब आदमी, जो नरेगा में जाता था और जिसका बजट आज से 10 साल पहले 1 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का था, वह आज 68 हजार करोड़ रुपये पर आ गया है। उनको तीन-तीन साल से पेमेंट नहीं होता है। नरेगा में 100 दिनों की गारंटी है, लेकिन उसको आगे बढ़ाने की बजाय आज लोगों को 40 दिन भी काम नहीं मिलता है। आप देख सकते हैं कि आज सबसे ज्यादा गरीब को ही परेशान किया जाता है। इस देश में राजनेताओं, सरकार तथा अधिकारियों के लिए काम किया जाता है, लेकिन नरेगा में गांव का सबसे गरीब व्यक्ति और उसमें भी 90 प्रतिशत महिलाएं जाती हैं, उनको फायदा पहुंचाने का कोई काम नहीं किया जाता है। जो लोग मनरेगा में काम करते हैं, उनकी दिन में दो बार हाजिरी होती है, बाकी किसी की भी नहीं होती है।

ये महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं। ये 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात करते हैं, लेकिन ये चिकित्सा में, शिक्षा में, सब जगहों पर उन कंपनियों को मालामाल करने का बजट लेकर आए हैं। आज एलआईसी में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश को छूट दी है और न केवल छूट दी है, बल्कि इस देश में संविधान के लागू होने के बाद जनता के टैक्स से जो कुछ भी सार्वजनिक उपक्रम बने थे, उनको बड़ी-बड़ी देशी और विदेशी कंपनियों को देने का ये लोग काम कर रहे हैं।

सभापति महोदय, किस तरह से आम जनता को लूटने के लिए टैक्स के रूप में वर्ष 2014 में पेट्रोलियम पदार्थों से भारत सरकार को 3 लाख करोड़ रुपये मिलता था, उस पर पिछले साल तक 7 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का टैक्स लगा है। मैं समझता हूँ कि साढ़े सात लाख करोड़ रुपये का जो टैक्स लगा है, उतना ही करीब-करीब टैक्स राज्य सरकारों से वसूला गया है।

आम जनता महंगाई से त्रस्त है, नौजवान बेरोजगारी से त्रस्त है और आम आदमी को कुछ देने के बजाय, उनसे टैक्स वसूला जा रहा है। मैं समझता हूँ कि ये बड़ी-बड़ी कंपनियों पर, जो बिलेनियर हैं, उन पर चार परसेंट टैक्स लगाते और जनता के लिए, शिक्षा के लिए, रोजगार के लिए और महंगाई कम करने के लिए जनता पर इनडायरेक्ट टैक्स को कम करते तो अच्छा होता, लेकिन आम जनता पर इनडायरेक्ट टैक्स को बढ़ाया जा रहा है और संपत्तियों को बड़ी-बड़ी कंपनियों के हवाले किया जा रहा है। मैं समझता हूँ कि इससे ज्यादा अफसोसजनक बात नहीं होगी। आज न किसान खुश है, न जवान खुश है और न मजदूर खुश है। आज जिसकी मिनिमम वेज है, उसकी गारंटी नहीं है। एमएसपी की लीगल गारंटी नहीं है। इस बजट में आम जनता से किया गया एक भी वायदा पूरा नहीं किया गया है।

प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि मेरा 56 इंच का सीना है। वे कहते हैं कि देश में डंका बज रहा है। अभी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के 105 लोगों को अपमानित करके हथकड़ी डालकर भेजा है और हमारे सत्ता पक्ष के लोग बोल रहे हैं कि हमारा डंका बज रहा है। क्या यह डंका बज रहा है? शायद 13 तारीख को उसी ट्रंप के ... (*Expunged as ordered by the Chair*) के लिए हमारे प्रधान मंत्री जी जा रहे हैं। … (व्यवधान) इससे ज्यादा अफसोसजनक बात नहीं हो सकती है। … (व्यवधान)

(इति)

1738 hours

SHRI DURAI VAIKO (TIRUCHIRAPPALLI): Thank you, Sir for providing me an opportunity to speak on the Union Budget. Federalism is an integral part of our republic that ensures diversity, peace, stability, and mutual accommodation in a multi-cultural and diversified country like ours. But unfortunately, this Union Budget has abandoned the key aspect of federalism.

We do not have any objection with regard to Bihar receiving Rs.11,500 crore for flood control measures. At the same time, why do States like Tamil Nadu and Kerala that are heavily hit by natural disasters year by year not get the necessary financial assistance from the Union Government? The Tamil Nadu Government repeatedly pleaded for Rs.37,906 crore as financial assistance from the Union Government when cyclone Michaung devasted our northern districts.

(1740-1745/SMN/SK))

And an unprecedented heavy rainfall caused havoc in the southern districts in the year 2023. Despite the Supreme Court's intervention, we got a paltry Rs. 276 crore, not even one per cent of the financial assistance. When cyclone Fengal devastated our northern districts again, last year, our Chief Minister, Mr. M.K. Stalin, repeatedly requested for Rs. 6,675 crore as financial assistance under the National Disaster Response Fund. But unfortunately, we have not received a penny so far. We are yet to receive Rs. 2,152 crore. The pending funds under the Samagra Shiksha Abhiyan scheme has negatively impacted the Tamil Nadu School Education Department, which is not able to pay for the teachers' salary and maintenance of the Government's schools, nor reimburse the expenses under the Right to Education Act.

We are yet to receive Rs. 26,000 crore with respect to the Union Government's share of the Chennai Metro Rail Phase-II. Then, Rs. 1,635 crore for the MGNREGA wages in Tamil Nadu are pending for the past two months. There have been no special announcement of any project for Tamil Nadu. There has also not been any mention of metro rail projects for cities like Madurai, Coimbatore and Trichy.

Sir, our hon. Prime Minister Modi ji, the other day, in a reply to the Motion of Thanks quoted Ambedkar ji's vision of linking all the rivers of this country. But sadly, this Government has been sitting on the Cauvery-Vaigai-Gundar linking

project for a very long time. There has been no mention in this Budget regarding that particular river linking project which will greatly benefit our State of Tamil Nadu.

Sir, my State of Tamil Nadu has been repeatedly neglected in the Union Budget. Tamil Nadu is the second largest State, and economically, it is contributing nearly 8.8 per cent to the nation's GDP, and it is the third-largest exporting State contributing ten per cent to the country's total exports. In spite of all these things, Tamil Nadu's share in the total divisible pool of Central taxes, has been reduced to just four per cent. Tamil Nadu which only finds a place in the Indian map, does not find a place in the Union Budget nor in the hearts of the Finance Minister or the Prime Minister.

Sir, 'Sabka Saath, Sabka Vikas', that is, 'collective efforts and inclusive growth' is a wonderful slogan coined by our Prime Minister Modi ji. I would like to tell our Prime Minister Modi ji that 'Sabka Saath', that is, 'collective efforts' is already there. The entire nation, the citizens of this country, and even the Opposition Parties are there with you in taking this country forward. But 'Sabka Vikas', that is, 'inclusive growth', sadly, is not happening.

Sir, this Union Budget which is supposed to be drafted for the Union of States, that is, India, has been drafted just for the BJP-ruled States. 'Sabka Saath, Sabka Vikas' should be in letter and spirit for us to have a developed India by 2047.

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): Please conclude.

SHRI DURAI VAIKO (TIRUCHIRAPPALLI): Sir, I will just conclude in one minute.

Our Finance Minister has called this Budget, 'By the people, for the people, and of the people'. After going through the Budget, I wondered what she meant by 'people'. I am sure it is not a Budget for the poor or oppressed classes. It is not a Budget for the farmers. It is not a Budget for the unemployed. But I am sure that this is a Budget for the BJP Karyakartas. It is a Budget for the BJP's allies. And it is a Budget customised for the upcoming Bihar Assembly elections.

I, once again, reiterate 'Sabka Saath, Sabka Vikas', that is, 'collective efforts and inclusive growth' should be in letter and spirit for us to have a developed India by the year 2047.

Thank you, Sir.

(ends)

1744 hours

*DR. T. SUMATHY *ALIAS* THAMIZHACHI THANGAPANDIAN (CHENNAI SOUTH): Hon. Chairman, Vanakkam Hon Finance Minister in the beginning Para of her Budget Speech quoted the lines of famous Telugu Poet Gurajada Apparao, “A country is not just its soil; a country is its people”. I want to say to Hon Finance Minister that ‘Dravidam’ is not mere soil or place. Dravidian race is as special as it has the distinction of being called as the people with less superstitions around the world by the eminent linguist Caldwell. As a member of this Dravidian race, I am deeply pained to state that the people of Tamil Nadu who are the majority of this race, are ignored in this Union Budget. I express my views in this august House in Tamil which is claimed by Mahakavi Bharathi as the sweetest language among all the languages. He says, “Among all the languages that I have known, there is none as sweet as Tamil”. This is the eighth consecutive Budget presented by the Finance Minister Smt. Nirmala Sitaraman. This Budget is beyond reach for the poor, farmers, transgender people, oppressed and suppressed people, and minorities and most particularly for the people of Tamil Nadu. “Water, water everywhere, not a drop to drink” is a famous line of Coleridge. There is water everywhere. But there is not even a single drop to drink. Mahakavi Bharathi says, “We will make weapons and paper too. We will start factories as well as schools. We will not rest or drop our heads.” As per the lines of Mahakavi Bharathi, our hon. Chief Minister of Tamil Nadu Thalapathi Thiru M. K. Stalin is providing good governance in Tamil Nadu in an exemplary manner. Hon. Chief Minister has made several demands to the Union Government. As it is said “everywhere water and not a drop to drink”, you have extended with a large heart all the favours only to the States ruled by BJP and your allies. You have rather shown empty hands to Tamil Nadu. That is why we call this a partisan Budget and a Budget which is ignoring us. Hon. Chairman, just think about how Budget is presented throughout the world? Canada and Germany provide a part of their spending for social welfare, social security, child welfare and skill development schemes. But this Union Government has been continuously reducing the allocation meant for social welfare schemes in our country. You can take for example Schemes like MGNREGA and PMKISAN. But this Government is providing lots of subsides to the corporate companies. It is transferring the tax amount collected from the common people to the corporate giants. I will hence call this as the Budget transferring justice to injustice. Of all the countries to improve public governance and finance, if you see, innovative Budget is presented by them. Brazil gives the voting right to its citizens to select municipality expenses. This ensures the public participation in the making of their Budget. I am here reminded of Hon Muthamizh Arignar Dr. Kalaignar, who before presenting every Budget, had extensive consultations with small and micro traders, street

* Original in Tamil

vendors and common people. Our present Chief Minister Thalapathi Thiru M.K. Stalin has been providing an exclusive Budget for farmers of the State of Tamil Nadu. I am gratefully remembering him at this point of time. You look at New Zealand. It is people's welfare budget. If you look at Norway, it is an environment-oriented Budget. The Netherlands presents an Outcome-based Budget. After fixing your responsibility, funds will be allocated as per your performance. It is the system of getting funds released as a right. A senior Union Minister recently said that Tami Nadu's demand for more funds as per its increased tax contribution is 'petty thinking'. If it is 'petty thinking', an amount of Rs 2152 Crore given to Tamil Nadu under PMSHRI Scheme has been diverted to Bihar and Uttar Pradesh. Is it not "petty thinking" on your part? Are we not supposed to ask this amount back from them? Just ponder over this. You give funds to Bihar. We do not have any objection. When there were heavy floods in Bihar, the then Chief Minister Dr. Kalaignar sent Rs. 10 Crore as flood relief fund. When he passed away, the State of Bihar was saddened and observed grief. There is no second thought on this. You have given Rs 60000 Crore to Bihar during last Budget and now you have provided Makhana Board, IIT in Patna and Kosi Canal Project to Bihar in this current Budget. If that is so, can't we expect our farmers to develop in their lives? Hon Chairman Sir, there is some time left for me to speak in the allocated time. Maharashtra has been provided Rs. 39,000 crore. But there is no major announcement regarding money allocated to the Schemes of Tamil Nadu. Our hon. Chief Minister of Tamil Nadu Thalapathi Thiru M. K. Stalin has announced to the world the greatness of Tamil and the antiquity of iron through fresh archaeological findings. But during the last Budget, Tamil language was only provided Rs. 22 crore. During the current Budget, more than Rs. 1000 crore has been allocated to promotion of Hindi language whereas Tamil language has been provided only a meagre amount of Rs. 84 crore. Hon. Chairman Sir, you look at their economic survey. It says that GSDP of Tamil Nadu is 56 per cent which is more than the national average. It also says that Tamil Nadu contributes 9 percent to the national GDP. Sir, please provide two more minutes. Tamil Nadu ranks in top three places as regards Education, medicine, and all other sectors. If you are ignoring us, how can it be justifiable? Where is justice? This Government has given a quote of Spartan soldier in the preface of the Economic Survey. It says, "The more you sweat for peace, the less you bleed in war". I can say this with some changes to you. "The more you sweat in inclusive politics, the less you bleed in economic progress". You have kept the 'Sengol" - the sceptre, in this august House. The place does not make the man; neither sceptre; the King's greatness should be within. The sceptre does not make a King rather his virtues should come from within. You should understand the values of democracy and the philosophy of federalism. Please give up religious polarisation and adopt secular politics. This will lead to prosperity and happiness of people. Thank you.

(ends)

(1750/SM/KN)

1750 hours

SHRI TANGELLA UDAY SRINIVAS (KAKINADA): Sir, I stand before this august House today with deep gratitude to the people of Kakinada for electing me as their representative. I also extend my heartfelt thanks to my party leader Shri Pawan Kalyan Garu for his unwavering trust and support and to our Chief Minister, Shri N. Chandrababu Naidu Garu for his visionary leadership. As this is my first speech in Parliament, it is both an honour and a responsibility which I carry with utmost sincerity and commitment.

Sir, over the last few days, I have listened carefully to my esteemed colleagues in this House. Some of their words have inspired hope and ambition, while others have raised concerns as to whether the Government is doing enough for the common men and the middle-class people. However, as I delve deeper into the Budget, the policies and the continuous push for progress, I find it difficult to understand where this criticism stems from.

I am new to this field. But I have studied the Government initiatives. One thing has become clear. The NDA government is not only aware of the challenges faced by the middle-class people, but is also actively working to address them. Take for instance, the recent announcement by our hon. Finance Minister, Shrimati Nirmala Sitharaman ji regarding the zero-tax liability for income up to Rs.12 lakh. When I first heard about it, like millions of Indians, I was elated.

The impact of this decision is massive. Out of 7.5 crore taxpayers who filed returns in the financial year 2023-2024, nearly 6.5 crore people earned below Rs.12 lakh per annum. This means that over 85 per cent of the taxpayers will now be free from income tax liability. Why is this significant? It is because India’s economy is a consumption-driven economy where private consumption accounts nearly for 60 per cent of our GDP. More disposable income means higher spending, stronger demand and boost for business, ultimately propelling us towards the vision of a 5 trillion dollar economy.

Let us look at the bigger picture. India’s income tax multiplier is around 1.01. This means that every single rupee saved in taxes does not just stay invalid. It multiplies, ultimately adding to the GDP. This is not just about the tax relief. It is about empowering individuals, strengthening business and fuelling

the economic engine that drives India forward. Under the NDA government, GDP is not just Gross Domestic Product but the growth of the economy, development of the citizens and progress of the nation. This vision is backed by the action.

In just 10 years, India's capital expenditure has increased from Rs.2 lakh crore to Rs.11 lakh crore, a five-fold increase, laying a foundation for long-term economic strength. But economic growth is not just about large-scale infrastructure. It is also about empowering business and workers at every level. The Union Budget of 2025 has rightfully recognised micro, small, medium enterprises, MSMEs, as a critical engine for economic growth, providing them with a renewed impetus to create reforms and increased credit support. At the same time, the evolving gig economy is receiving the attention it deserves. Initiatives such as registration through e-Shram portal and health care benefits under PM Jan Arogya Yojana will ensure that gig and platform workers have better access to social security, reinforcing the Government's vision of inclusive economic development.

Sir, as a proud representative of Kakinada, I stand for our fishermen who battle both against the sea and financial insecurity. The NDA Government eased the burden by extending the Kisan Credit Card, benefiting over 4.5 lakh fishermen. This Budget will increase the credit limit further. It helps to invest in better boats, modern nets, and coal storage. This is not just the financial support. It is a commitment to the resilience and prosperity.

As we discuss the economic growth, we must not forget that nearly 65 per cent of the Indian population resides in rural areas, contributing almost 50 per cent of the GDP. Mahatma Gandhi once said, "The soul of India lives in its village." Yet, this very soul was deprived of its lifeblood, that is, clean drinking water by the previous State Government of Andhra Pradesh. Jal Jeevan Mission was launched as a flagship initiative to provide safe drinking water to every rural household. Despite the Centre allocating over Rs.16,000 crore, the previous State Government of Andhra Pradesh managed to draw only Rs.2,000 crore, leaving lakhs of households without access to proper drinking water facilities.

Now, under the decisive leadership of Shri Pawan Kalyan Garu, Deputy Chief Minister, hon. Minister of Rural Development and Panchayati Raj, our NDA Government is committed to rectifying its past failures. Understanding the

urgency, Shri Pawan Kalyan Garu personally met hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi and the Union Minister of Jal Sakthi to secure an extension of JJM and additional funds. Additionally, to accelerate the rural development, Shri Pawan Kalyan Garu launched the landmark Palle Panduga programmme setting a Guinness World Record for the largest number of Gram Sabhas held in a single day. About 13,326 village meetings were held. As a part of this remarkable initiative, 30,000 development projects were launched across Andhra Pradesh. About Rs.4,500 crore were sanctioned for rural roads, water conservation, and MGNREGS projects.

This is not just a Government initiative but a grass-root revolution. Another testament to Shri Pawan Kalyan Garu's dedication to Andhra Pradesh was seen at the Republic Day celebration. As an active advocate for Etikoppaka toys, his effort brought them into national spotlight, leading to their showcase in the Andhra Pradesh Republic Day tableau.

(1755/RP/VB)

The result is that, after 30 years, Andhra Pradesh's tableau won the best tableau at the Republic Day Parade in Delhi, honouring our artisans and cultural heritage. This is the new Andhra Pradesh under the NDA–one that is recognized, respected, and rapidly progressing.

Now, let me highlight the vision of self-reliance, which is not only rooted in cultural pride, but also deeply embedded in our economic and strategic policies. This vision is mirrored in the Union Budget 2025. Take, for example, the cotton sector. India accounts for approximately 40 per cent of the world's cotton cultivation area, with 126.80 lakh hectares dedicated to cotton farming. A decade ago, this stood at around 118 lakh hectares, reflecting steady expansion. However, despite this vast acreage, India's cotton productivity remains significantly lower than countries like China, Australia, Brazil, and the US.

To address this, the Union Budget has introduced the Cotton Technology Mission, a five-year initiative aimed at enhancing productivity through scientific, and technological innovations. This mission will focus on promoting extra-long staple (ELS) cotton, reducing our dependency on imports, and ensuring sustainability. This comprehensive approach will not only elevate the cotton sector but also strengthen India's position as a global textile leader.

The Budget's commitment to self-reliance is also evident in the maritime sector. India's dependency on foreign shipping has led to significant financial outflows, with Indian companies paying $85 billion in freight costs in 2019-20, $75 billion of which went to foreign vessels. To curb this, the budget outlines the establishment of shipbuilding clusters to strengthen the domestic shipbuilding industry.

Andhra Pradesh, with its 974 kilometres coastline and strategic ports, is well-positioned to drive India's shipbuilding ambitions. The State's robust maritime ecosystem, coupled with the Andhra Pradesh Maritime Policy 2024-29, will play a critical role in reducing foreign dependency.

Among its port cities, Kakinada stands out as a prime candidate to lead this transformation. With a natural deep-water port, proximity to major trade routes, and existing industrial infrastructure, Kakinada is well on its way to becoming the shipbuilding hub of Andhra Pradesh.

In conclusion, Sir, the vision for India is clear. From toy to tech, from farm to future, and from infrastructure to innovation, we are building a nation that is self-reliant, inclusive, and future-ready.

Thank you.

(ends)

1757 बजे

**श्री मियां अल्ताफ अहमद (अनन्तनाग-राजौरी) :** ज़नाब, बहुत-बहुत शुक्रिया।

आज यहाँ बजट पर बहस चल रही है। हमारी तवक्क़ो थी कि इस साल जम्मू-कश्मीर में इलेक्शन हुए, नयी हुक़ूमत बनी। चूंकि बजट से लोगों को नयी गवर्नमेंट से बड़ी उम्मीदें हैं। दस साल के बाद वहाँ पर इलेक्शन हुआ। हमारी तवक्क़ो यह थी कि हमारी एलोकेशन बढ़ेगी। वहाँ जो हुक़ूमत बनी है, वह लोगों के काम कर सकेगी, अच्छे अस्पताल दे सकेगी, अच्छी यूनिवर्सिटीज कायम कर सकेगी, अच्छी सड़कें बना सकेगी। लेकिन हमारे बजट में कट किया गया है, उसको रिड्यूस किया गया है। इसलिए मैं फाइनेंस मिनिस्टर साहिबा से अपील करता हूँ कि हमारी जो एलोकेशन है, जो लोगों की जज़बात के पेशे-नज़र और नयी हुक़ूमत के बनने के बाद उसमें बढ़ावा होना चाहिए ताकि वहाँ की जरूरतें पूरी हों।

जहाँ तक इस बजट की बात है, इसमें सोशल वेलफेयर के तहत जो विडो पेंशन, ओल्ड एज पेंशन, हैंडीकैप्ड पेंशन ले रहे हैं, मैरिज़ एसिस्टेंस के केस ले रहे हैं, उनमें किसी तरह का कोई बढ़ावा नहीं हुआ है, उनमें किसी किस्म की इंक्रीज नहीं की गई है। हालांकि कीमतें आसमान पर हैं। जो गरीब तबके के लोग हैं, जो माज़ूर लोग हैं, उनको नज़रअंदाज किया गया है।

जैसा कि मेरे बहुत सारे साथियों ने कहा कि मनरेगा के हवाले से एलोकेशन बहुत कम है। इस एलोकेशन को बढ़ाने की जरूरत थी। इसमें जो मैन-डेज़ हैं, उसे इंक्रीज करने की जरूरत थी। उसमें भी कमी हो रही है। रूरल एरियाज में एम्प्लॉयमेंट जेनरेट करने का सबसे बड़ा जरिया मनरेगा ही था। मनरेगा के जो काम थे, उसमें पैसे नहीं मिल रहे हैं। बजट में उसके एलोकेशन को नहीं बढ़ाया गया है। उससे बहुत ज्यादा प्रॉब्लम्स हैं।

(1800/PC/NKL)

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): Hon. Member, please wait for a minute. I want to know the sense of the House. It is already 6 o' clock. I am having a long list of speakers who are yet to express their views. If the House agrees, we may extend the time up to 9 o' clock.

SEVERAL HON. MEMBERS: Sir, please extend it up to 8 o' clock.

HON. CHAIRPERSON: Okay, the time is extended till 8 o' clock.

Hon. Member, now you may please continue.

**श्री मियां अल्ताफ अहमद (अनन्तनाग-राजौरी) :** ऑनरेबल चेयरमैन सर, अनइंप्लॉयमेंट के हवाले से इस बजट में कुछ भी नहीं कहा गया। आज अगर मसला है, तो वह बेरोजगारी का है। पीएचडी करके, डॉक्टरी की डिग्री लेकर, इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर लोग बेरोजगार हैं और बेरोजगारी दिन-ब-दिन बढ़ रही है। उसके लिए इस बजट में कुछ भी नहीं कहा गया है, कुछ भी इंडीकेट नहीं किया गया है। बेरोजगारी को खत्म करने के लिए, जो कि सबसे बड़ा मसला है, उसके बारे में यहां कुछ नहीं कहा गया है।

1801 बजे (श्री दिलीप शइकीया पीठासीन हुए)

जीएसटी के कारण तमाम कारोबारी तबका मायूस है। जीएसटी का डायरेक्ट बोझ गरीब आदमी पर पड़ रहा है, उससे जीएसटी को वसूल किया जा रहा है। इसलिए, जीएसटी के मामलात को रीकन्सीडर करने की जरूरत है। इसके साथ-साथ मेडिकल कॉलेजेज़ के बारे में भी कहा गया। ऑनरेबल चेयरमैन सर, मैं आपकी नोटिस में लाना चाहता हूं कि मेडिकल कॉलेजेज़ खुल रहे हैं, नए एम्स खुल रहे हैं, लेकिन इनफ्रास्ट्रक्चर कहीं भी नहीं है, स्टाफ कहीं भी नहीं है। मेडिकल कॉलेज खोलने से कुछ भी नहीं होगा, अगर आप उनकी कनसॉलिडेशन नहीं करेंगे। अगर आप उनकी कनसॉलिडेशन नहीं करेंगे, तो नाम के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों की तरह खुलते रहेंगे, लेकिन उससे कोई फायदा नहीं होगा।

मेरी कांस्टिट्यूएंसी में दो मेडिकल कॉलेज वर्ष 2012 में खुले थे। अनन्तनाग पॉपुलेशन के हिसाब से बड़ा डिस्ट्रिक्ट है। आज तक वहां एमआरआई की फैसिलिटी नहीं है, आज तक वहां बिल्डिंग तैयार नहीं है। राजौरी का बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट है, उसमें मेडिकल कॉलेज है, लेकिन कैथ लैब नहीं है, एमआरआई की सुविधा नहीं है। इसलिए, फाइनेंस मिनिस्टर साहिबा से यह अपील होगी कि वे इस इश्यू को देखें। एम्स तो खोले जा रहे हैं, मेडिकल कॉलेजेज़ तो खोले जा रहे हैं, लेकिन क्या कनसॉलिडेशन हो रही है? क्या उनकी फंक्शनिंग ठीक है? क्या वहां स्टाफ है? इन चीजों को देखने की जरूरत है और कनसॉलिडेशन करने की बहुत ज्यादा जरूरत है।

इसी के साथ-साथ ट्राइबल्स के बारे में कहा गया है। किसी धरती आकाश ट्राइबल विलेज नाम की स्कीम के बारे में प्रेजिडेंट्स एड्रेस में भी कहा गया, इस बजट में भी कहा गया। मैं इस हाउस में पहले भी कह चुका हूं कि ट्राइबल्स के बारे में बहुत कुछ जाता है, लेकिन न इन गांवों को कहीं हम बना हुआ देखते हैं, न ही इनकी कोई प्रोग्रेस हमने देखी। … (व्यवधान) सर, मुझे प्लीज़ दो मिनट और बोलने दीजिए। … (व्यवधान) अत: ग्राउंड पर ये चीजें ट्रांसलेट नहीं हो रही हैं। जिन स्कूलों के बारे में तज़किरा किया जा रहा है कि ट्राइबल्स के लिए दिए जा रहे हैं, उनमें कहीं भी स्टाफ नहीं है, कहीं भी बिल्डिंग्स नहीं हैं। हम इस हाउस में आते हैं, तो हमें मौका मिलना चाहिए कि हम अपनी ग्राउंड की बात को फाइनेंस मिनिस्टर साहिबा के सामने रखें और उनका फर्ज़ है कि अगर हमारे पॉइंट्स जेनयून हैं, तो उनको देखा जाए।

इसी तरह मेरी यह अपील है कि कैंसर एक ऐसी बीमारी है, पहले तो इसका कोई इलाज नहीं है और फिर जिस अमीर या गरीब घर में यह हो, तो उनके पास जो कुछ होता है, वह इस बीमारी पर खर्च हो जाता है। इसलिए, जरूरत इस बात की है कि कैंसर की दवाइयां मुफ्त दी जाएं। यदि वे दवाइयां मुफ्त नहीं दी जा सकतीं, तो उन पर जो भी कस्टम ड्यूटी लगती है, उनको टोटली उस कस्टम ड्यूटी से फ्री किया जाए। जितना पॉसिबल हो, उतना कैंसर के ट्रीटमेंट को आसान बनाने की कोशिश की जाए। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपने इस बार का बजट देखा होगा। बजट में इन सब विषयों का, कैंसर के विषय का भी इंक्लूज़न किया गया है।

**श्री मियां अल्ताफ अहमद (अनन्तनाग-राजौरी) :** ऑनरेबल चेयरमैन सर, हम उसका वैलकम करते हैं।

**माननीय सभापति :** जी हां, वैलकम कीजिए।

**श्री मियां अल्ताफ अहमद (अनन्तनाग-राजौरी) :** इन्होंने डे-केयर कैंसर सेंटर्स की बात की, हम उसका भी वैलकम करते हैं। पीएमओ ऑफिस से जो केसेज़ हम एज़-एमपी रिकमेंड करते हैं, जल्दी उनका सॉल्यूशन हो जाता है। हम उसके लिए भी मशकूर हैं, लेकिन जहां है, वहां के लिए हम कह रहे हैं। यह बीमारी ऐसी है, यह गरीबों का मसला है, इसलिए मैंने आपसे यह बात कही।

(1805/CS/VR)

इसी तरह विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, केन्द्रीय विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, कैम्पस खुल रहे हैं, उनमें भी स्टॉफ नहीं है, उनमें भी इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। इस चीज को देखने की जरूरत है। अनंतनाग में विश्वविद्यालय का कैंपस है, वहाँ कोई इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है, स्टॉफ नहीं है। पुंछ एक बॉर्डर जिला है, वहाँ कैंपस है, लेकिन स्टॉफ नहीं है। ये चीजें हैं और अगर केन्द्रीय

विश्वविद्यालय में बन रहा है तो मेरी पूरे हाउस से अपील है कि यह देखना चाहिए कि क्या उनमें स्टॉफ है या नहीं।

सर, मैं दो पॉइंट कहकर अपनी बात समाप्त करता हूँ। राजौरी, पुंछ बॉर्डर के जिले हैं, मैं वहाँ की नुमाइंदगी करता हूँ। वहाँ रेलवे लाइन बहुत जरूरी है। इस बजट में उसका कोई जिक्र नहीं है। मेरी अपील है कि इस बजट में उन बॉर्डर जिलों में रेलवे लाइन पहुँचाने के बारे में कोई न कोई एलोकेशन किया जाए। इसी तरह प्राइम मिनिस्टर साहब ने जो रिलीफ पैकेज पाक ऑक्यूपाइड जम्मू-कश्मीर के लोगों को दिया था, वर्ष 2015 में यह रिलीफ पैकेज दिया गया था, लेकिन उस पूरे अमाउंट की डिस्बर्समेंट नहीं हुई है। पूरे लोगों तक वह रिलीफ नहीं पहुँची है। खास तौर से मेरा जो जिला है, मेरे निर्वाचन क्षेत्र का एक बॉर्डर जिला पुंछ है, वहाँ पीओके के आए हुए गरीब लोग हैं, उन तक अभी यह रिलीफ नहीं पहुँची है। यह रिलीफ उन तक पहुँचाने की जरूरत है।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) :** अल्ताफ जी धन्यवाद।

माननीय सदस्य श्री जी.कुमार नायक जी।

… (व्यवधान)

**श्री मियां अल्ताफ अहमद (अनन्तनाग-राजौरी) :** टूरिज्म और फ्रूट की इंडस्ट्री के बारे में इस बजट में कुछ नहीं कहा गया है। मेहरबानी करके इस तरफ ध्यान दिया जाए।

(इति)

1806 hours

*SHRI G. KUMAR NAIK (RAICHUR): (Hon. Chairperson, Sir, the Union Budget presented by the hon. Finance Minister Smt. Nirmala Sitharaman ji is not a mirror that reflects the reality. It is not even a lamp that guides us about the future. It is merely a bundle of *… (Not recorded)*. It is just a statement of half deliveries. It is just slogans of ambitions and it is merely a small booklet that is far away from the real problems and agonies of the common people of the country. Today the development of Indian economy is moving at a very slow pace. Inflation rate is very high. As far as inequality is concerned a new chapter has been created. This is a matter of great concern for all of us. Unemployment has touched its peak. In totality, life of common people has become miserable.)

Sir, this Budget is neither a mirror that reflects our prevailing reality, nor a lamp that illuminates the path forward. Instead, it is a fine piece of creative fiction, bold in its claims, ambitious in its slogans, and utterly disconnected from the lived experiences of the people.

इसकी वजह से हमारे किसानों की मदद होगी और यूरिया में देश आत्मनिर्भर बनेगा। ऊपरी असम की महत्वपूर्ण डिस्ट्रिक्ट डिब्रूगढ़ है। हाल ही में हमारे चीफ मिनिस्टर ने चीफ मिनिस्टर का सेक्रेटेरियट डिब्रूगढ़ में बनाया है। लेकिन अभी एक प्रॉब्लम है कि शहरों में औद्योगीकरण और विकास के लिए चैलेंज बढ़ गया है। अर्बन चैलेंज फंड से वित्त मंत्री ने ड्रिंकिंग वाटर, सेनिटेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर के रिडेवलपमेंट के लिए बजट में प्रावधान किया है। मेरी मांग है कि असम के शहरों को भी इसमें जोड़ा जाए। असम में करीब 11 लाख युवा 15 से 29 साल के हैं। जो रोजगार और काम की तलाश में हैं। इन युवाओं की अगर सही में स्किलिंग की जाए तो हमारी पार्टी का नारा है कि भारत के लिए बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ, उसमें ये भागीदार बन सकते हैं। मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि एक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस फोर स्किलिंग असम को दिया जाए। मुझे सदन को अवगत कराते हुए खुशी हो रही है कि टाटा इलेक्ट्रोनिक्स गुवाहाटी के निकट जागीरोड में एक सेमिकंडक्टर का प्रोजेक्ट स्थापित कर रहा है। इसके साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंडस्ट्रियल और कॉमर्स इलेक्ट्रोनिक्स भी है। जिसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि उन्होंने मिशन के तहत सेमिकंडक्टर के ऊपर बल दिया। हमारे चीफ मिनिस्टर श्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी जरूरत से ज्यादा मदद करके इस सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट को किया। मुझे उम्मीद है कि यह समय से पहले शुरू होगा। यह मेरा विश्वास है। इसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा जी को भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। इसके साथ ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फोर एजुकेशन की भी मांग मैं गुवाहाटी में करता हूं और साथ ही आईआईटी गुवाहाटी और कटिंग एज कम्पनीज का साथ लेकर एक सेंटर गुवाहाटी में दिया जाए। इसके लिए मेरी माननीय मंत्री जी से विनती है। एक्सैस टू मेडिसन इज़ फंडामेंटल राइट और यही एक्सैस एक फाइनैंशियल बर्डन भी

बनता जा रहा है। हमारे प्रधान मंत्री आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से कोशिश कर रहे हैं। इस बजट में 37 मेडिसिंस पर से बेसिक कस्टम ड्यूटी हटायी गयी है और केवल पांच परसेंट ड्यूटी लगाकर लोगों को राहत देने का काम किया गया है। इसके अलावा डे-केयर कैंसर सेंटर्स हर डिस्ट्रिक्ट में आने वाले तीन साल में बनेंगे। यह मेडिकल सेक्टर के लिए काफी उपयोगी होगा। साथ ही 75000 मेडिकल की सीट बढ़ायी जाएंगी। पहले साल में दस हजार लेकर आएंगे। इसकी वजह से हमारे देश में हेल्थ में काफी फायदा होगा। इसके अलावा एग्रीकल्चर में हमेशा कम्प्रिहेंसिव बजट हमारी सरकार दे रही है। इस बार भी ऐसी ही कोशिश की गयी है और किसान क्रेडिट की लिमिट को तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही धन धान्य कृषि योजना में भी सौ डिस्ट्रिक्ट का इनक्लूजन करके किसानों की मदद की जाएगी। इससे 1.7 करोड़ किसानों का फायदा होगा। मेरा कृषि मंत्री जी से आग्रह है कि हमारे असम के डिस्ट्रिक्ट्स को भी इसमें जोड़ा जाए।

(1905/YSH/VR)

इसके अलावा मैं प्रधान मंत्री जी को रिवर लिंकिंग प्रोजेक्ट की शुरूआत करने पर धन्यवाद देता हूँ। असम राज्य का मेरा संसदीय क्षेत्र, लखीमपुर देश के सबसे ज्यादा बाढ़ग्रस्त डिस्ट्रिक्ट्स में से एक है। वहां बारिश के समय, जून से अगस्त तक 1500 मिलीमीटर रेनफॉल होता है, जिसकी वजह से नदियों में उफान आ जाता है। उस वजह से बाढ़ आ जाती है और लोगों की लाइफ और प्रॉपर्टी का बहुत ज्यादा नुकसान होता है। पोस्ट मानसून सीजन में पूरी नदियां सूख जाती हैं, जिसकी वजह से हमारे यहां पर नेविगेशन में दिक्कत आती है, ड्रिंकिंग वाटर के लिए दिक्कत आती है और इरिगेशन में भी दिक्कत आती है। इसलिए अपर असम की सुबनसिरी, गेनाडी, और दिहिंग नदी को जोड़कर रिवर लिंकिंग प्रोजेक्ट के माध्यम से हमारे यहां पर पानी की कमी का समाधान किया जाए। साथ ही साथ मोदी जी के नेतृत्व में अभी पूर्वोत्तर में 20 जलमार्गों का प्रबंधन हो रहा है। बेसिकली, अभी उसके लिए डिब्रुगढ़ तक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है, लेकिन अभी पानी की कमी से गुवाहाटी से बांग्लादेश बॉर्डर तक कार्गो चलता है। डिब्रुगढ़ से कार्गो का चलना मुश्किल हो रहा है। अगर एक्सेस वाटर रहेगा तो हम 12 महीने कार्गो और नेवीगेशन की व्यवस्था कर पाएंगे। अभी मोदी जी के नेतृत्व में सीनियर सिटीजन्स के लिए इंकम टैक्स टीडीएस की लिमिट 50 हजार से 1 लाख की गई है, उसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को सीनियर सिटीजन्स की तरफ से धन्यवाद देता हूँ।

सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ, साथ ही इस बजट का समर्थन करते हुए मैं अपनी वाणी को विराम देता हूँ।

(इति)

1907 hours

SHRI RAMASAHAYAM RAGHURAM REDDY (KHAMMAM): Sir, I rise to oppose the Union Budget 2025-26, which was an opportunity to address the pressing economic challenges facing our country like slowing growth, raising unemployment, brutal distress and global uncertainties. Instead, what we have received is a Budget that weakens fiscal federalism, prioritises election-driven announcements over long-term growth, and once again ignores Telangana development needs.

Despite being one of the fastest-growing States, Telangana contributes only three per cent to the population of the country but the GDP is five per cent of the country's GDP. Telangana has once again been neglected in the budgetary allegations. The Union Government has strategically reduced our financial independence, failed to support our key sectors and turned a blind eye to our needs.

India's projected GDP growth rate of 2024-25 stands at just 6.4 per cent, the slowest in four years. The reality is that private investment remains weak, rural consumption is declining and the urban wage growth is sluggish. A Budget should provide a roadmap for sustainable economic expansion. Instead, what we see is short-term tax sops and pre-election gimmicks that do little to boost long-term growth.

Unemployment remains a crisis. The Government may lay claim to a rate of 3.2 per cent, but private estimates put it at 8.05 per cent with youth unemployment significantly higher. The Budget lacks any major employment generation programmes.

Telangana, with its robust IT and industrial base was expected to target initiatives for start-ups, Artificial Intelligence research and MSME growth. Instead, we received nothing. Interest payments now consume a large part of the revenue receipts in 2024-25, with no room for productive spending.

In 2023-24, India exported 39 billion USD, while imports were 66 billion USD, which is a negative trade balance. Even MSMEs, which employ 120 million people, have seen wage growth of only 13 per cent, while inflation remains at 5.5 per cent, eroding real income. In fact, 19,828 MSMEs have been shut down during 2023-24.

The Government speaks of rural prosperity but has ignored Telangana's pioneering irrigation efforts. There is no support for major projects like the Palamuru-Rangareddy Lift Irrigation Scheme, despite it being 10 times bigger than the Koshi Canal project in Bihar that has received funding. The DPR for the project was submitted in 2022.

The Bayyaram Steel Plant has also not figured in this Budget. There is a Rs.180 crore pending grant under the AP Reorganisation Act, 2014, which remains unpaid under various heads. Chilli grown extensively in Telangana, which is one of the largest consumed spices, does not get a Board but Bihar gets a Makhana Board. If this Government truly cares for farmers, why is Telangana, one of India's largest agricultural States, being ignored?

(1910/SNT/RAJ)

Our request for sanction of 25 lakh houses and 10 lakh houses under the PMAY and PMAY-G programmes respectively is also ignored. Instead of investing in self-sufficiency, India remains the world's largest importer of edible oil, particularly soybean and palm oil. Seventy per cent of India's oil is imported. The Budget fails to provide a strategy to boost domestic oilseed production, hurting our farmers while increasing import dependence. Import of pulses are all time high in the last six years, some of which are imported duty free.

Despite the 'Make in India' push, India's manufacturing sector contributes just 2.6 per cent to global manufacturing output. The Government talks of an 'Atmanirbhar Bharat', but where is the actual support for manufacturing hubs like Telangana? Telangana has been exhibiting a robust economic performance. The below figures highlight Telangana's expanding economic base and its significant role in contributing to the nation's tax revenues. As I mentioned, Telangana constitute only three per cent of India's population but accounts for five per cent of India's GDP. The State collected Rs. 5,211 crore GST in February 2025. This is the first time Telangana's monthly collections surpassed Rs. 5,000 crore.

In anticipation of the Union Budget, the Telangana State Government submitted proposals totalling Rs. 1.63 lakh crore to fund key infrastructure in development projects. A significant allocation was sought for construction of the Regional Ring Road to improve connectivity around Hyderabad. This has not received any funding. For the Hyderabad Metro Rail expansion, funds were

requested to extend the Metro network to accommodate the city's growing transportation needs. No funds were considered. For Godavari Drinking Water Project, Phase II to link Godavari River to Musi River, the State aims to revitalize the Musi River area enhancing the urban growth and environmental conditions. It has received no funds. Telangana being an IT Hub for Information Technology Investment Region, the anticipated funding to develop the ITIR near Hyderabad intending to boost the State's IT industry and generate employment has also received no funds. The National Institute of Design and the National Institute of Rural Development have also received no funds. For industrial growth and infrastructure, approximately Rs. 34,000 crore were proposed to boost industrial development, enhance logistics, and support the growth of pharmaceutical sector. This was also ignored along with a long list of pending proposals of the Telangana Government.

The world economy is facing turbulence like trade wars, supply chain disruptions, and rising protectionism. But this Budget fails to equip our industries to tackle these challenges. India's trade in goods and services as a percentage of GDP has declined. Instead of boosting exports, the Budget focuses on import duty reductions that benefit select industries while doing little to encourage self-reliance.

Financial inclusion remains a challenge. Despite improvements, a significant portion of India's rural population lacks access to formal banking services. There is no concrete allocation for increasing access to credit for rural entrepreneurs or for empowering SHGs and small business owners in Telangana.

The Budget continues the trend of discrimination against southern States. Despite being economic powerhouses, States like Telangana, Tamil Nadu, Karnataka, and Kerala receive fewer funds compared to politically motivated allocations for northern States. I am not saying anything against Bihar's people; I do not mean anything. Despite lagging behind in revenue generation, Bihar has received massive Central support, while States like Telangana, which effectively utilize resources have been ignored.

Chairperson Sir, this Budget is a betrayal of our farmers, our youth, and our industries. It is a Budget that prioritizes short-term election gains over long-term national growth. The Congress-led Government in Telangana is working

tirelessly to create jobs, invest in education, and support farmers. But we need the Centre to be a partner, not an obstacle. The Congress Party stands for real development – development that empowers States, supports industries, and creates jobs. We demand that the Government reconsiders its allocations and give Telangana its rightful share in the national progress.

Sir, I am reminded of the hon. Minister's beginning quote: "*Desamante matti kaadoyi, desamante manushuloyi*". It means: "A country is not made of land; a country is made of its people." Telangana does not figure there. Her later quote of a Tamil quote states: "Just as living beings live expecting rains, citizens live expecting good governance".

I think we are going through drought. We are not going to receive anything, and governance has been given a go bye. The State of Telangana seems to have been given a pass from both these quotes. It has been eight months since the elections have finished. I think my BJP colleagues, who have been elected, need to work with us and put aside our political differences and work for the betterment of Telangana.

(1915/AK/SK)

How long are we going to be penalised for the misdeeds of earlier Governments? This is time we put aside our differences and do something for the Telangana State. The Prime Minister has made a statement that the country is inclusive. It does not look like it has included anything.

I will close by saying that do not kill the goose that lays the golden egg. I am talking here about the southern States. Thank you.

(ends)

1915 बजे

**श्रीमती जोबा माझी (सिंहभूम) :** माननीय सभापति जी, माननीय वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है, मैं उसके विरोध में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। माननीय वित्त मंत्री ने बजट की प्रस्तावना में स्पष्ट किया है कि यह बजट विकास में तेजी, समावेशी विकास, निजी क्षेत्र में निवेश, परिवारों के मनोभावों में उल्लास व मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति बढ़ाने के उद्देश्य के लिए है। इस बजट का लक्ष्य है - विकसित भारत।

1915 बजे (श्रीमती संध्या राय पीठासीन हुईं)

मैं आपके माध्यम से सर्वप्रथम सदन का ध्यान विकास की तेजी पर आकृष्ट करना चाहूंगी। विकास के नए नारों, योजनाओं के नये नामकरण से यदि विकास होता तो माननीय वित्त मंत्री जी के विकास में तेजी के बजटीय नारे पर विश्वास किया जा सकता है। यह बजट शहरी बजट है और मध्यम वर्ग का बजट है। इसमें गांव के गरीबों और किसानों के लिए कुछ नहीं है। यह बजट किसान केन्द्रित नहीं है, केवल कृषि क्षेत्र में निवेश का निमंत्रण है। धन-धान्य कृषि योजना, मखाना बोर्ड, बीज मिशन, मत्स्य उद्योग और यूरिया संयंत्र से किसानों का नहीं उद्योगपतियों का ही भला होगा, उनका ही विकास होगा।

महोदय, सरकार आकांक्षी जिलों के नाम पर नित्य नयी योजनाओं की घोषणाएं करती रहती है, जिसे अब लोगों ने गंभीरता से लेना बंद कर दिया है। मेरा संसदीय क्षेत्र पश्चिमी सिंहभूम आकांक्षी जिला है, जिसके सभी प्रखंडों तक इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। आप बैंक कार्य, अन्य छोटे-छोटे ऑनलाइन कार्यों के लिए स्थानीय ग्रामीणों को होने वाली असुविधाओं कल्पना भी नहीं कर सकते। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करती हूं कि देश के सभी प्रखंडों तक सरकार अविलम्ब इंटरनेट की सुविधा सुनिश्चित करे।

सभापति जी, मैंने पहले भी बताया है और आज भी आपके माध्यम से सदन और सरकार को अवगत कराना चाहती हूं कि जनजातीय बहुल क्षेत्र सिंहभूम खनिज तथा प्राकृतिक सौन्दर्य के मामले में अत्यन्त ही समृद्ध है। जल, जंगल, जमीन, पहाड़ और खनिज से भरपूर इस क्षेत्र का देश की समृद्धि में बहुत योगदान है, परन्तु नक्सलवाद एवं बन्द खदानों के कारण रोजगार तथा विकास बाधित है। मैं आपके माध्यम से सरकार से करना चाहूंगी कि इस क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों के समुचित और न्यायपूर्ण उपयोग के लिए बन्द खदानों को चालू करे और कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के सृजन के लिए विशेष बजटीय प्रावधान करे।

मैं सरकार से प्रस्ताव करना चाहती हूं कि प्रस्तावित ज्ञान भारतम मिशन के तहत हो और जनजाति भाषा को सरकार भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करे। इसके लिए झारखंड सरकार तथा ओडिशा सरकार ने अनुशंसा की है। वर्ष 2020 में हमारे मुख्यमंत्री, हेमन्त सोरेन जी ने केन्द्र सरकार से विशेष आग्रह किया था। मैंने भी पूर्व में ध्यान आकृष्ट कराया था।

(1920-1925/GM/VB)

अनेक अवसरों पर कई गैर राजनीतिक संगठनों के द्वारा भारत सरकार को ज्ञापन सौंपे गए। सरकार के इस कदम से झारखंड के अलावा ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल के लगभग 25 से 30 लाख भाषा-भाषियों के विरासत की रक्षा हो सकेगी।

महोदया, नवंबर, 2000 में झारखंड राज्य का गठन हुआ था। अपने सामाजिक, भौगोलिक, आर्थिक जटिलताओं के कारण इस राज्य के विकास को गति प्रदान करने के लिए हमेशा से विशेष पैकेज की आवश्यकता रही है। मैं मांग करती हूं कि इस बजट में झारखंड के लिए भी विशेष पैकेज स्वीकृत किया जाए।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहूंगी कि जल जीवन मिशन सफल योजना नहीं है। चूंकि हमारे झारखंड में पहाड़, पर्वत काफी ऊंचे-नीचे हैं, वहां पर जल जीवन मिशन की उपयोगिता नहीं है, इसके लिए सरकार कुछ उपाय करें। झारखंड में इसकी उपयोगिता बिल्कुल नहीं है। इसके प्रावधानों में लचीलापन आवश्यक है, ताकि सभी प्रकार के भौगोलिक क्षेत्रों में इसे सफल बनाया जा सके।

कुल मिलाकर सदन में पेश किए गए बजट से किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं में गहरी मायूसी है। मैं आपके माध्यम से इस अन्यायपूर्ण, असंतुलित, जनविरोधी बजट का विरोध करती हूं।

धन्यवाद।

(इति)

1922 hours

*DR. D. RAVI KUMAR (VILUPPURAM): Madam Chairperson, Vanakkam. On behalf of Viduthalai Chiruthaigal Katchi, I oppose this Budget as it is against the Constitution of India. Constitution of India ensures equality for all of us. This consists of the economic equality. We say with pride that India has become the fifth largest economy of the world. This is true. But if we see the per capita GDP, India ranks ate 140th place among the countries of the world. It shows that there is a big disparity on the basis of economy in our country. This Budget should try to bridge the gap created by this disparity. But this Budget induces the economic inequality in our country. Hon Finance Minister has talked about four engines. Agriculture, MSME, Investment and Exports. These are the four engines. Agriculture is an important sector. Around 65 per cent of our people live in rural areas and out of which 47 per cent are dependent on agriculture. If we see the budget allocation for agriculture, there is a reduction of Rs 3900 Crore. It means our Finance Minister has switched off the engine called Agriculture sector. Next is MSME. This MSME Sector provides ample employment opportunities. But the fund allocation as well incentives provided to MSMEs have been reduced in this Budget. Reduction in import duties is directly impacting the MSME sector. Particularly cycle manufacturing industry, and shoe-making industry which provide employment to so many people are very much affected due to this. Labourers from Punjab are engaged to a large extent in this Sector. People related to MSMEs opine that China is the direct beneficiary because of our present import policies and the recent reduction made in import duties. The economic disparities are being encouraged in such a fashion in this Budget. Backward classes for the majority of our population in our country. If an allocation is to be made for the backward classes, then there should be a census done on their population. There is a nation-wide demand for a caste-based census. Rohini Commission set up for this purpose has already submitted its report and that report is pending

*Original in Tamil

for so long. This Rohini Commission has given a recommendation for identifying Most Backward among the backward classes and ensuring reservation facilities reach them separately. By implementing the recommendations of the Rohini Commission, this Union Government should provide a separate reservation for the Most Backward communities. Funds allocated to the minorities-particularly the religious minorities have been reduced drastically in this Budget. Many MPs stated here that the reservation in education for minorities has also been reduced. They are being side-lined in the political arena. The ruling party of the Day, BJP never fields a single candidate belonging to the Muslim community in the elections. The fund allocated to the minorities have also seen a reduction year after year gradually. Particularly Fellowships, Scholarships meant for their education are being reduced in number. This is gross injustice faced by them. Scheduled Caste is the big community in this country. During 1979-80s, during the sixth five-year plan a SC Sub-Plan was introduced to ensure adequate allocation of funds for SCs. This Government has changed the name of this Scheme. Not only they have changed the Scheme but they have reduced the allocation meant for SCs. During the introduction of SC Sub-Plan it was stated that the budget allocation should be at par with the population of SCs in the country. This Government has made the cut in the fund allocation by 50 per cent. As per the 2011 Census, SCs constitute 16.6 percentage of our total population. As a result 8.3 percent of the total Budget allocation should be made for SCs and their welfare Schemes. But on the contrary only 3 per cent of the total allocation is made for SCs. Particularly if you see allocation for Post-matric scholarships for SCs, it has seen gradual reduction. Revolutionary leader Dr. Baba Saheb Ambedkar fought with the then British Government in the year 1944 to provide the right of Post-matric Scholarships for SCs. This Government tried to scrap this Scheme in the year 2018. Due to stiff opposition from Viduthalai Chiruthaigal Katchi and other Opposition parties, it was announced to extend for just 5 years from the year 2019. They said that this Scheme is being extended only up to 2025-26. They also informed about the allocation of Rs 35000

Crore for this Scheme. There is a doubt bothering our minds whether this Scheme will be extended further? As the Economic Survey states that hereafter the Private Universities, on philanthropic basis, can provide scholarships to students, there is botheration in our minds whether this Government will scrap this Scheme of providing scholarships. I urge that Hon Minister concerned should clarify in this regard. The income limit for Post-matric Scholarships stands at Rs 2.5 lakh per annum. This limit has not been raised since last 40 to 50 years. This limit should be raised. There is an income limit of Rs 8 lakh for Economically Weaker Sections (EWS). Moreover for Overseas Scholarships the limit was also raised to Rs 8 lakh. It is gross injustice to continue with the income limit of Rs 2.5 lakh for Post Matric Scholarships. I urge that this limit should be enhanced. I will conclude by stressing one more point. After this Government came to power, they have continued to levy surcharge and cess. During the year 2014-15, the tax collection through surcharge and cess was at 9 per cent. Now it has risen to 14 per cent. AIDC is a new cess introduced in the current Budget. I wish to say that this is gross injustice and therefore I strongly oppose this Budget. Thank you, Vanakkam.

(ends)

(1930/PC/SRG)
1930 बजे
**श्री अभय कुमार सिन्हा (औरंगाबाद) :** सभापति महोदया, धन्यवाद, आपने मुझे बजट पर चर्चा करने के लिए समय दिया है। मैं सरकार के इस बजट के विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

सभापति महोदया, यह बजट वर्ष 2014 के अच्छे दिन, अभी का अमृतकाल और वर्ष 2047 के विकसित भारत की बात के सपने जैसा दिखता है।

महोदया, इस बजट में देश से महंगाई कैसे दूर होगी, देश से बेरोजगारी कैसे दूर होगी, देश से गरीबी कैसे दूर होगी और देश में किसानों की हालत कब सुधरेगी, इस पर सरकार की कोई ठोस नीति इस बजट में नहीं दिखती है। किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुनी होनी थी, लेकिन हकीकत में वर्ष 2014 तक किसानों पर तकरीबन नौ लाख रुपए का कर्ज था, जो इस दशक में बढ़कर 32 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

महोदया, बिहार की अर्थव्यवस्था का 22 प्रतिशत कृषि पर आधारित है। 76 प्रतिशत बिहार के लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर करते हैं। बिहार में सिंचाई की 48 योजनाएं लंबित हैं। यह चिंता का विषय है। पिछले एक दशक में, दस वर्षों में एनसीआरबी के डेटा के अनुसार 1,12,000 से भी अधिक किसानों ने आत्महत्या की। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए। आपने आय दोगुनी करने की बात कही थी और आज आपके शासनकाल में 1,12,000 से भी अधिक हमारे किसान आत्महत्या कर रहे हैं।

महोदया, केसीसी के ऋण को तीन लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए करने का काम सरकार ने किया है। हम इसका स्वागत करते हैं, लेकिन आप इसको इंप्लिमेंट कैसे करेंगे? अभी किसानों पर 32 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। इस कर्ज पर चक्रवृद्धि ब्याज लगता है। किसी किसान ने 50,000 रुपए कर्ज पर लिए हैं, तो चक्रवृद्धि ब्याज लगकर वह राशि 2,50,000 रुपए हो गई है, 5,00,000 रुपए हो गई है। जिस किसान से 1,00,000 या 2,00,000 रुपए कर्ज पर लिए, उस पर चक्रवृद्धि ब्याज लगकर किसी का कर्ज 7,00,000 रुपए हो गया है, किसी का 8,00,000 रुपए हो गया है। जब तक इन किसानों का वे ऋण नहीं चुकता करेंगे, तो मैं समझता हूं कि 3,00,000 रुपए से 5,00,000 रुपए, जो आपने किया है, मैं समझता हूं कि इसका लाभ उन्हें नहीं मिल पाएगा। इसलिए, मेरा आग्रह होगा कि अगर यह सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है, तो वह उनका ऋण माफ करे। अगर ऋण नहीं माफ कर सकते हैं, तो कम से कम किसानों के ऋण पर जो ब्याज लगा हुआ है, उसको माफ कर दीजिए और मूलधन जमा करने के लिए आप उन्हें कहिए। मैं समझता हूं कि ऐसा करने से किसानों के लिए सरकार की यह एक अच्छी पहल होगी।

महोदया, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार की 14-15 करोड़ की आबादी पर मात्र एक एम्स है। हर एक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की बात हुआ करती थी। मेडिकल कॉलेज हर एक जिले में तो नहीं खुल सके, लेकिन भाजपा के हाई-प्रोफाइल पार्टी कार्यालय देश के सभी जिलों में खुल गए। देश के सभी जिले तो मैं नहीं कह सकता हूं, लेकिन बिहार के हर एक जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना नहीं हो सकी।

(1935/CS/RCP)

औरंगाबाद जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की बात राज्य की सरकार कई वर्षों से कह रही है, लेकिन ताज्जुब की बात है कि जिले की आठ एम्बुलेंस में से मात्र तीन एम्बुलेंस ही कार्य कर रही हैं। पाँच एम्बुलेंस बंद पड़ी हुई हैं। एक-दो एम्बुलेंस तो माननीय पूर्व सांसद, औरंगाबाद की कोठी की शान बढ़ाने के लिए खड़ी रहती हैं।

महोदया, आपने हमें समय बहुत कम दिया। हमारा आग्रह है कि बिहार हित के लिए बहुत सारी बातें हैं। बेरोजगारी कैसे दूर हो, आप कैसे महंगाई खत्म करेंगे, उसकी कोई नीति बनाएं। हमारा एक आग्रह है कि आप रोड की बात करते हैं कि हम चकाचक रोड बनवा रहे हैं। मैं अपने क्षेत्र के एक गाँव का जिक्र करके आपको बताना चाहता हूँ कि आजादी के बाद इमामगंज विधान सभा के तीन गाँव हैं, वहाँ पर अभी तक रोड और पुल का निर्माण नहीं हुआ है। हमारा आग्रह है कि सरकार तमाम चीजों पर एक ठोस नीति बनाए और नीति बनाकर काम करे तो मैं समझता हूँ कि बहुत ही अच्छा होगा। आपने हमें समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, बहुत-बहुत आभार।

(इति)

1936 बजे

**श्री गजेन्द्र सिंह पटेल (खरगौन) :** महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे वर्ष 2025-2026 के लिए हो रही चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया। इसके लिए मैं आपका तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूँ। आदरणीय वित्त मंत्री जी द्वारा जो यह बजट रखा गया है, यह युवाओं के लिए, महिलाओं के लिए, किसानों के लिए, दलितों के लिए और खासकर जो पिछड़ा हुआ आदिवासी समुदाय है, उसके विकास के लिए रखा गया है। इसलिए मैं देश के 11 करोड़ जनजाति भाइयों की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, धन्यवाद करता हूँ। वास्तव में अगर विपक्ष के लोग इस बजट को ध्यान से पढ़ेंगे तो पिछले 75 साल में से 55 साल उनकी सरकार रही है, परन्तु आदिवासी समुदाय के लिए कोई भी विशेष योजना उन्होंने लागू नहीं की। इस बार के बजट में, अगर तुलना करें तो पिछले 11 साल पहले जब आपकी सरकार थी, तब आदिवासियों के लिए मात्र 4,497 करोड़ रुपये का ही बजट था, परन्तु इस बार का जो बजट है, जिसमें वित्त मंत्री जी ने 50,65,343 करोड़ रुपये के व्यय के लिए, इसमें आदिवासी समुदाय के लिए 14,925.81 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। यह बहुत गौरव की बात है। निश्चित तौर पर विपक्ष के लोग कहते हैं कि आदिवासियों के लिए कोई योजना नहीं है, मैं उन लोगों से भी प्रश्न करता हूँ कि जो 11 करोड़ आदिवासियों पर इस बार विश्वास व्यक्त हुआ है, जंगल और पहाड़ में रहने वाला यह समुदाय, जहाँ पर गाँव में पहुँचने के लिए सड़कें नहीं थीं, प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से आज आदिवासी गाँवों में सड़कें बनने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी करके दिखा रहे हैं। 55 साल तक आपकी सरकार रही, लेकिन आपने आदिवासी गाँव, फली और टपरों में पीने के पानी की व्यवस्था सुलभ नहीं कराई। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जंगल, पहाड़ और झोंपड़ी में बैठे हुए आदिवासी समुदाय को भी जल-जीवन मिशन के नाम से टोंटी के माध्यम से शुद्ध जल मिलने का काम हो रहा है।

महोदया, देश की आधी आबादी हमारी महिला वर्ग की है। महिला सशक्तीकरण में हमारी सरकार ने बहुत ही महत्वपूर्ण काम किया है। मुझे इस बात का गौरव भी है कि देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी स्वयं सहायता समूह की बहनों के लिए, हमारी एससी/एसटी की महिलाओं के लिए 2 करोड़ रुपये तक का लोन देने की योजना शुरू की गई है, जिसमें सर्वाधिक लाभ हमारी एससी/एसटी की महिलाओं को होगा। आज इस बात का भी हमें गर्व है कि आजादी के 75 साल बाद जनजाति समुदाय जंगल, पहाड़ों पर रह रहा था, परन्तु देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की निगाह गई, ओडिशा में बैठी हुई हमारी एक आदिवासी बहन, जो पहाड़, जंगल में रहती थी, आपने तो कभी किसी को राष्ट्रपति के पद पर नहीं बिठाया, परन्तु एक हमारी बहन द्रोपदी मुर्मू जी को, आदिवासी बहन को महामहिम बनाने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने किया है। यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत ही महत्वपूर्ण

काम किया गया है। आप अपने गिरेबान में झांककर देखिए कि आपने कब हमारे आदिवासी समुदाय को सम्मान दिया है।

(1940/IND/PS)

महोदया, जंगल, पहाड़ में रहने वाला समुदाय, जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, परन्तु इसी बजट में हमारे प्रधान मंत्री जी ने, आदरणीय वित्त मंत्री जी ने, हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना में अगले पांच वर्षों में 80 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान इसी बजट में दिया है। 65 हजार आदिवासी गांव उन्नत होंगे, मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी और पांच करोड़ जनजाति लोगों का उत्थान होने की पहल इसी बजट में की गई है। निश्चित तौर पर यह बजट आदिवासियों के मूल हित का बजट है। यदि हम बात करें तो लम्बे समय तक आपने गांवों में, जनजाति क्षेत्रों में कभी स्कूल और छात्रावास नहीं खोले। इसी प्रकार 7088.60 करोड़ रुपये के आबंटन के साथ एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय भी इसी बजट में जोड़े गये, जिसमें आदिवासी समुदाय का विकास होगा। प्रधान मंत्री जनजाति विकास मिशन के लिए इसी बजट में 380.40 करोड़ रुपये का आबंटन आदरणीय वित्त मंत्री द्वारा आदिवासी समुदाय के लिए किया गया है। इतनी सारी बातें जनजाति समुदाय के उत्थान के लिए की गई हैं। मैंने पूर्व में विपक्ष के सदस्यों की स्पीच सुनी थी। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लिए कोई योजना नहीं है। आज मैं गांवों और आदिवासी समुदायों के विकास की बात कर रहा हूं। यदि स्कूल की शिक्षा के क्षेत्र की बात करूं तो हमारी सरकार ने बहुत महत्वपूर्ण काम किए हैं। पीएम जन-मन योजना जिसमें हमारी जनजाति समुदाय की विशेष पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है और आज आदिवासी समुदाय उत्थान योजना शुरू की गई। पूरे देश में 470 एकलव्य माडल आवासीय विद्यालयों का भी इसी बजट में प्रावधान करके आदिवासी समुदाय का उत्थान किया जा रहा है। एकलव्य आदिवासी विद्यालय के माध्यम से सवा लाख ट्राइबल बच्चे पढ़ भी रहे हैं और आवासीय विद्यालय का लाभ भी ले रहे हैं जो आने वाले भविष्य में विकसित भारत के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

महोदया, आदिवासी समाज के समग्र विकास के लिए यह बहुत अहम बजट है। आकांक्षी जिलों की श्रेणी में हमारे कई जिले आते हैं। कई आदिवासी ब्लाक हैं, कई आदिवासी जिले हैं। मध्य प्रदेश में हमारे आठ आदिवासी जिले आकांक्षी जिलों की श्रेणी में गिने गए हैं। इन्हीं आकांक्षी जिलों में भी विकास की गति का नया मापदंड प्रधान मंत्री जी ने तय किया है। हमारे भारत सरकार के मंत्री आकांक्षी जिलों में जाकर विकास की समीक्षा कर रहे हैं। बिंदूवार गांवों के विकास की कल्पना कर रहे हैं कि किस प्रकार से पोषित आहार के माध्यम से हमारे बच्चों को, हमारी स्कूल की शिक्षा को, सड़कों की सुविधा देने के लिए विस्तृत योजना बनाकर हमारे मंत्री एक-एक आकांक्षी जिले में आदिवासी समुदाय के लोगों का विकास करने का काम कर रहे हैं। पिछले

दस वर्षों में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में तीन नए मेडिकल कालेज भी खोले गए हैं। यह भी आदरणीय प्रधान मंत्री जी की दूरदर्शिता का परिणाम है। हमारे जनजातीय समाज में सिकल सेल बीमारी होती है, जो कि अनुवांशिक बीमारी है, जिससे हमारा समुदाय खत्म भी हो रहा है। इस तरफ आपकी सरकार ने कभी ध्यान नहीं दिया। लम्बे समय तक हम संघर्ष करते रहे। इस ओर प्रधान मंत्री जी का विशेष ध्यान आकर्षित किया गया। आदिवासी समाज के लिए विशेष राष्ट्रीय मिशन चलाकर समाज की सिकल सेल से जुड़ी स्वास्थ्य समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करके पांच करोड़ आदिवासी समुदाय के लोगों को लाभ दिया।

महोदया, मैं एक बात की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। लम्बे समय तक हमारे जनजाति क्रांति वीर रहे परन्तु आपकी सरकार के समय कभी भी इतिहास के पन्नों में उनका नाम नहीं आया। हमारी दस वर्ष की सरकार है, जिसने हमारे आदिवासी क्रांति वीर भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या मामा भीर, रानी दुर्गावती, शंकर शाह जी, रघुनाथ शाह जी जैसे क्रांतिवीरों का नाम निकला और प्रधान मंत्री जी ने हमारे जनजाति क्रांतिवीर भगवान बिरसा मुंडा जी के नाम से भारत में जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। हम उनकी 150वीं जयंती इसी वर्ष मनाने वाले हैं और हमारे जनजाति समाज का उद्धार भी होने वाला है।

महोदया, एमएसएमई के माध्यम से हमारी जनजाति का विकास होने वाला है और रोजगार के साधन बढ़ने वाले हैं। बजट में देश को विकास की गति भी प्राप्त होने वाली है। अनेक प्रकार की योजनाओं के माध्यम से हमारा समुदाय विकसित हो रहा है। आने वाले समय वर्ष 2047 में हमारे समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। आपकी लम्बे समय तक रही सरकार ने कोई विकास की योजना नहीं बनाई। जगह-जगह पर टावर नहीं लगा पाए। आज जनजाति क्षेत्र में सैकड़ों टावर खड़े हैं, यह प्रधान मंत्री जी की दूरदर्शिता का प्रमाण है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हमारी जनजाति की बहनों को गैस की टंकी दी गई और उनका आर्थिक उत्थान किया गया। मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी का, आदरणीय वित्त मंत्री जी का, जिन्होंने बजट में हमारे लिए इतने प्रावधान किए हैं, जिनसे जनजाति समुदाय का विकास हो रहा है, मैं पूरे 11 करोड़ जनजाति समुदाय की तरफ से, युवाओं की तरफ से, महिलाओं की तरफ से, जनजाति समुदाय की तरफ से तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद देता हूं।

(इति)

(1945/SMN/RV)

1945 hours

KUMARI SUDHA R. (MAYILADUTHURAI): Thank you Madam Chairperson.

This budget is sound and fury signifying nothing. That is the takeaway for 140 crores of Indians in this Budget. For the common man, this is a bitter pill, sugar-coated with a populist announcement relating to the enhancement of the personal income tax slab. It is a truly a corporate Government, which hides the devil in the detail. What all are you are going to sell, hon. Finance minister Nirmala Ji? What is the meaning of this hidden statement - an asset monetisation plan to be developed to harvest Rs 10 lakh crore? Already you have sold and leased the State assets ranging from ports to roads to airports to ... (*Expunged as ordered by the Chair*). Now it is clear that you are going to sell more State assets in the name of 'asset monetisation'. Rs 10 lakh crore means half the nation’s roads, power plants, ports, mines and railway properties will now go the crony capitalists close to the BJP and to the Prime Minister. Will this Government now tell this august House and the people who are the real owners of the national assets and the list of Government properties that have been identified for sale? This Government should keep in mind that it is only the custodian, not the owner of the assets vested under its control and management by the Constitution.

While the legacy of Jawaharlal Nehru Ji, Shri Lal Bahadur Shastri Ji, Shrimati Indira Gandhi Ji, Shri Rajiv Gandhi Ji, Shri Narasimha Rao Ji and Shri Manmohan Singh Ji was to build, protect, prosper and pass on to the next generation the national assets and ensure a hallowed space for India in the comity of nations, this Government is identifying such well entrenched assets and is selling them under the asset monetisation programmes. It is scary to think about sale of more State assets to generate Rs 10 lakh crore this year. History will judge you as the greatest salesperson, hon. Finance Minister Nirmala Sitharaman Ji for having sold and for planning to sell national assets.

Your announcement of creation of assets and programmes are mere words, whereas the sale alone takes place without any qualms. Do not sell India.

Your Budget eloquently mentions agriculture as one of seven engines of growth. But what have you given for farmers? Absolutely nothing. Farmers affected by the vagaries of nature will still stare at wipe out for the season with

zero crop insurance as a safety net. Just consider this. In 2017-18, the number of rejected claims for crop insurance was 92,869. In the next year, 2018-19, the figure more than doubled to 2.04 lakh. By 2019-20, it was 9.28 lakh, a whopping 900 per cent increase. During the years from 2021 to 2023, the number of rejections has tripled if you compare this with the year 2020.

Despite a rise in the number of applications, the overall claims paid through the Union Government's crop insurance scheme, the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY), went down by 48.77 percent in 2021-22. The Government data shows this. This is not my data. This is the Government's data. In 2021-22, Rs 13,728.64 crore were paid against 8.32 crore insurance claims. The amount is lower than the Rs 20,425.01 crore paid in 2020-21 for 6.23 crore applications. According to the PMFBY website, the gross premiums for 2021, for both rabi and kharif crops, stood at Rs 28,288.31 crore. The premiums are shared between the farmer, the State Government, and the Central Government. But the loss goes to farmers, profits go to the insurance companies.

(1950/SM/GG)

What does this Budget have for workers employed under the Mahatma Gandhi Rural Employment Guarantee Scheme? What is your record on this front? According to the report of the civil society organisation, 'Lib Tech India', over 39 lakh registered workers were deleted from the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme between April and September 2024. The report also revealed that more than eight crore workers were removed. It is very shameful. More than eight crore workers were removed from the MGNREG Scheme registered under the financial year 2022-2023 and 2023-2024. At least 27.4 per cent of MGNREGS workers and 4.2 per cent of active workers have been currently rendered ineligible for Aadhaar based payment system benefits.

Our party leader, Shri Rahul Gandhi rightly said that MGNREG Scheme is a living monument of our Prime Minister Modiji's betrayal of rural India. *En masse* deletion of names of beneficiaries from the list, non-release of funds, bogus entries and reduction of wages and the number of working days - these are your achievements on this revolutionary Rural Employment Guarantee Scheme brought in by the Congress Government to transform and empower the

rural Indians. To us, it was a very important scheme but you have made it a sham.

Madam, the Finance Minister is saying that 10,000 new medical seats will be created across the nation. This announcement is like allowing Ekalavya to learn the art of archery and then cutting his thumb to ensure that his hard-learned art becomes useless for him. The National Medical Council has mandated that medical colleges must adhere to the ratio of 100 MBBS seats for every ten lakh population in the respective State or Union Territory.

The southern States have already exceeded the limit set by NMC. As of 2021, Tamil Nadu has 11,600 seats for a projected population of 7.68 crores. It has 4,000 more seats which the State should have according to the new NMC guidelines. Therefore, Tamil Nadu, Karnataka, Maharashtra, Kerala and the Union Territory of Puducherry cannot either open a new medical college or increase students' intake in the existing colleges. The Finance Minister proposes but the Medical Council disposes. These States have invested money, human resources and community interests. But their future is affected and they do not stand to gain even a single seat. Is it fair, Finance Minister?

The World Health Organisation recommends that the doctor-patient ratio should be 1:1000. But in India, there is only one Government doctor for every 10,189 people. If the NMC is concerned for the poor quality of education due to the mushroom growth of colleges, the right course would be to inspect those colleges more frequently and disqualify those colleges which are lacking in standards. You cannot stop and punish a well-performing State with a robust medical education and public health care system by dragging it down to the lowest level.

*There is a proverb in Tamil, "*Oru kannil vennei, oru kannil sunnaambu*." The meaning is, you are showing partisan approach towards the States, favouring some and ignoring others. I would like to say that the eye which is crying would be affected very much and you will face the consequences.

I request our Finance Minister to read this book and come with a good Budget next time.

(ends)

* Original in Tamil

(1955/MY/RP)

**श्री राजकुमार रोत (बांसवाड़ा) :** माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे वर्ष 2025-26 के बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद एवं जोहार करना चाहूंगा।

महोदया, मैं भारत आदिवासी पार्टी की तरफ से देश के आदिवासी, दलित, ओबीसी, मुस्लिम, अल्पसंख्यक, गरीब एवं मजदूर के बारे में बात करना चाहूंगा। इस देश में रहने वाले प्रत्येक गरीब वर्ग जो मानवता व भारत देश के संविधान में विश्वास करता है, उनकी तरफ से बोलने के खड़ा हुआ हूं।

आज देश का पढ़ा-लिखा डिग्रीधारी शिक्षित बेरोजगार युवा 200-300 रुपये में दिहाड़ी मजदूरी करने के लिए मजबूर हो रहा है। दूसरे देशों में जो लोग रोजगार के लिए जा रहे हैं, वे हाथ-पैर में बेड़ियाँ लेकर वापस लौट रहे हैं। हमारे देश में पढ़े-लिखे लोगों, विशेष कर बेरोजगारों की यह स्थिति है। आदिवासी समुदाय ने जितना प्राकृतिक आपदा का कहर नहीं झेला, उससे ज्यादा वह हजारों सालों से शोषण, अत्याचार व विस्थापन जैसी मानव निर्मित आपदाओं के कहर से जूझा है। अगर उस आदिवासी समुदाय को आधुनिकता की लाइन में लाकर खड़ा करना है तो विशेष कर उनको एक आर्थिक पैकेज देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही संविधान के अंदर जो पांचवीं और छठी अनुसूची का प्रावधान है, उसको धरातल पर लागू करने की जरुरत है।

सभापति महोदया, देश के अंदर विस्थापन की समस्या को देखा गया है। भारत देश में विकास के नाम से अगर सबसे ज्यादा कोई विस्थापित हुआ है तो हमारा आदिवासी समुदाय विस्थापित हुआ है। इंडियन सोशल इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार बताया गया है कि वर्ष 2010 से 2025 तक 15 सालों में 15 लाख से अधिक आदिवासियों को विकास के नाम से विस्थापित किया गया है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि विस्थापित आदिवासियों में से 50 प्रतिशत आदिवासी परिवार का पुनर्वास ही नहीं किया जाता है।

महोदया, भारत देश में एक सर्वे रिपोर्ट में आया है कि जो आदिवासी समुदाय है, वह अपने जीवन काल में एक उम्र के अंदर कम से कम दो बार विस्थापित होता है। आजाद भारत में उस समाज को प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसका इतिहास का हर पन्ना खून से रंगा हुआ मिलेगा। आदिवासी जल, जंगल और जमीन की लड़ाई के लिए, देश की रक्षा के लिए मुगलों, राजे-रजवाड़ों और अंग्रेजों से लड़ता आया है। वह कभी झुका नहीं है। आज उनकी हालत बेहद खराब है।

महोदया, पिछले 10 सालों में भाजपा सरकार द्वारा धर्म की आड़ में कलम-कागज के हथियारों से आदिवासियों के अधिकार, जल, जंगल और जमीन को हड़प कर उनकी मानसिक, आर्थिक और बौद्धिक हत्या करने का काम किया गया है।

महोदया, आज बजट में सशक्त भारत बनाने की बात चल रही है। यह बनना चाहिए, हम भी चाहते हैं। हमारा देश मजबूत बनना चाहिए। उसको विश्व शक्ति बनना चाहिए, लेकिन आज स्थिति क्या है? हमारे देश का जो भविष्य है, जो कुपोषण की बेड़ियों में जकड़ा हुआ है। एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट बताती है कि आदिवासियों के 55 प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं। उसमें भी 42 प्रतिशत बच्चे एनीमिया से गंभीर रूप से पीड़ित हैं। आज देखा गया है कि इस बजट के अंदर कुपोषण को दूर करने के लिए बजट का प्रावधान नहीं किया गया है। बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ का हम नारा लगा रहे हैं। हम भी चाहते हैं कि हमारे देश की महिलाएं सशक्त और मजबूत बने, लेकिन हकीकत क्या है? देश के अंदर देखा गया है कि विशेष कर आदिवासी समाज में हर तीसरी महिला कुपोषण का शिकार है और हर दूसरी महिला एनीमिया का शिकार है। आदिवासी बच्चों में शिशु मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से 30 प्रतिशत अधिक है। पांच वर्ष से कम उम्र के आदिवासी बच्चों की मृत्यु का अनुपात राष्ट्रीय औसत से 61 प्रतिशत अधिक है।

महोदया, आदिवासियों के जीवन काल के अंदर देखा गया है कि उनको कभी माओवादी, तो कभी नक्सलवादी के नाम से मारा जाता है। एट्रोसिटी में कई आदिवासियों को मारा गया। एनएचआरसी की एक रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2020 से वर्ष 2025 के बीच मात्र पांच साल के अंदर 400 आदिवासी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं। आज आप मणिपुर में देख लीजिए। वहां कई आदिवासियों को मारा गया है। छत्तीसगढ़ और झारखंड का आम आदिवासी कभी नक्सलवादी व माओवादी की गोलियों के निशाने पर है, तो कभी दूसरी तरफ वे पुलिस के निशाने पर भी है। इसके बीच में जो आम व्यक्ति है, उसके साथ आज अत्याचार हो रहा है। हर दिन एक न एक व्यक्ति मारा गया है। आदिवासी, दलित और पिछड़ों को सशक्त बनाए बिना हमारे भारत देश को सशक्त भारत बनाने की कल्पना करना एक कोरा सपना रह जाएगा।

महोदया, अगर उनके स्वास्थ्य सुविधा को देखा जाए तो आदिवासी क्षेत्र में पीएचसी व सीएचसी की एक रिपोर्ट आई है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में जितने भी पीएचसी व सीएचसीज हैं, वहां पर 60 प्रतिशत डॉक्टर्स के पद रिक्त हैं। देश में मात्र 18 प्रतिशत आदिवासी गर्भवती महिलाओं को ही संस्थागत प्रसव का लाभ मिल पा रहा है।

महोदया, मैं एक मिनट में अपनी बात पूरी कर दूंगा। अगर हम शिक्षा की बात करें तो हमारे राजस्थान के झाड़ोल-कोटडा के अंदर, जहां से एक मंत्री जी आते हैं, वहां पर 14 वर्ष से अधिक बच्चों को पेन, पेंसिल और किताबों के बारे में पता नहीं है। आज यूनेस्को की एक रिपोर्ट में देखा गया है कि देश में 35 प्रतिशत आदिवासी बच्चे ड्रॉप आउट हो रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत 12 प्रतिशत है। आज मात्र आठ प्रतिशत आदिवासी युवा उच्च शिक्षा की पढ़ाई पूर्ण कर पा रहा है। वर्तमान में देश के अंदर देखा गया है कि 85 प्रतिशत आदिवासी परिवार की पहली पीढ़ी पढ़ रही है और 20 प्रतिशत आदिवासी ऐसे हैं, जिनकी पहली पीढ़ी भी आज पढ़ाई नहीं

कर पा रही है। हमारे राजस्थान में दो-दो सालों से छात्रवृत्ति नहीं आ रही है। राजस्थान के अंदर केंद्र से बजट रिलीज नहीं हुआ है।

(2000/CP/NKL)

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शुरू की। वर्ष 2013 के अंदर आदिवासी समुदाय के 20 बच्चे जा रहे थे और आज भी 20 बच्चे जा रहे हैं। वर्ष 2013 में हमारे देश से विदेश में 1 लाख 90 हजार बच्चे पढ़ने जा रहे थे, जबकि वर्ष 2024 में 13 लाख बच्चे गए, लेकिन आदिवासियों के लिए आज भी 20 सीटें हैं। आज तक ये सीटें बढ़ाई नहीं गई हैं।

मैं अंत में कहना चाहूंगा कि मनरेगा के अंदर बजट नहीं बढ़ाया गया है। मनरेगा की मजदूरी 200 रुपये मिल रही है, उसको 600 रुपये किया जाए और 100 दिनों का जो रोजगार है, उसे 200 दिनों का किया जाए। आंगनबाडी कार्यकर्ता से हर प्रकार का सर्वे कराया जाता है। सेंट्रल गवर्नमेंट इसको हैंडओवर करे और आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका को एक राजकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और उसको नियमित करके भुगतान किया जाए।

जल जीवन मिशन की बात की गई। ट्राइबल इलाके के अंदर अभी तक 27 पर्सेंट टार्गेट पूरा हुआ है, लेकिन वह सैंक्शन्ड पानी धरातल पर नहीं पहुंचा है। यहां एकलव्य मॉडल की चर्चा की गई। हम इस घोषणा का स्वागत करते हैं, लेकिन इसको जल्दी धरातल पर इंप्लीमेंट होना चाहिए।

मैं किसानों की बात पर आता हूं। यह देखा गया कि किसानों पर गोलियां बरसाई जा रही हैं। किसान क्या डिमांड कर रहा है? वह एमएसपी की डिमांड कर रहा है। किसान खेत पर मेहनत करके कमाता है। … (व्यवधान)

(इति)

**माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) :** सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 11 फरवरी, 2025 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

2001 बजे

<u>तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 11 फरवरी 2025 / 22 माघ 1946 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।</u>